CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, गुरुवार, 12 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –164 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु





हमास की निंदा पर फिलिस्तीनियों का सम्मान भी जरूरी : थरूर पृष्ठ 3

■ चुनाव के बीच खेल
■ हमास-इजरायल युद्ध पर पीएम मोदी की एकतरफा प्रतिक्रिया ... पृष्ठ 4

■ इजरायल-हमास संघर्ष में लेबनान भी कूदा
■ चीन समेत 15 देश यूएन मानवाधिकार परिषद के सदस्य निर्वाचित पृष्ठ 9

शतकवीर कोहली, डी कॉक व मलान ने आईसीसी रैंकिंग में लगायी छलांग पृष्ठ 10

# राजस्थान में अब 25 नवम्बर को होगा मतदान

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों के सुझाव के मद्देनजर राजस्थान विधानसभा चुनाव में मतदान की तिथि 23 नवम्बर की जगह 25 नवम्बर रखने की बुधवार को घोषणा की। आयोग ने एक बयान में कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों से मिले सुझावों तथा मीडिया में 23 नवंबर के दिन विवाह के शुभ मुहुर्त और सामाजिक कार्यक्रमों के कारण आम लोगों को मतदान में भाग लेने में परेशानी से जुड़े मुद्दों को उठाए जाने के मद्देनजर राज्य में मतदान की तारीख में बदलाव का यह निर्णय लिया है। आयोग के अनुसार, इन सुझावों में कहा गया था कि 23 नवंबर को बड़ी संख्या में शादी–विवाह के कार्यक्रमों के कारण मतदान पर असर पड़ सकता है।

**30 अक्टूबर को जारी होगी अधिसूचना**

चुनाव आयोग द्वारा राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए संशोधित कार्यक्रमों के अनुसार, चुनाव की अधिसूचना 30 अक्टूबर को गजट में प्रकाशित की जाएगी। नामांकन छह नवंबर तक किए जा सकेंगे। सात नवंबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और उम्मीदवार नौ नवंबर तक नाम वापस ले सकेंगे। राज्य में 25 नवंबर को होने वाले मतदान की गणना पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तीन दिसंबर को ही करायी जाएगी। चुनाव आयोग ने नौ अक्टूबर को राजस्थान विधानसभा के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा चार अन्य राज्यों मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और तेलंगाना विधानसभा के चुनाव कार्यक्रमों के साथ ही की थी। राजस्थान को छोड़कर, अन्य चारों राज्यों के कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया।



■ सामाजिक संगठनों के सुझाव के मद्देनजर लिया फैसला
■ चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव की तारीख बदली
■ राजनीतिक दलों ने भी तारीख बदलने की मांग की थी

**23 नवंबर को देवउठनी एकादशी**

इस बार 23 नवंबर को देवउठनी एकादशी मनाई जाएगी। कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की एकादशी का विशेष महत्व माना गया है। इस दिन भगवान विष्णु चार माह की लंबी निद्रा से जागते हैं। इसलिए इस एकादशी को देवोत्थान या देवउठनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। आम भाषा में इस देवउठनी ग्यारस और ड्योठान के नाम से जाना जाता है। देवउठनी ग्यारस के साथ ही बड़े पैमाने पर विवाह जैसे शुभ कार्यों और मुहुर्तों की शुरुआत हो जाती है। इस दिन विशेषतौर पर बड़े पैमाने पर शादियां होती है।

**20 जनवरी से पहले सरकार का गठन जरूरी**

राजस्थान में मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 20 जनवरी को खत्म हो रहा है। इससे पहले में नई सरकार का गठन करना और विधानसभा सत्र बुलाना जरूरी होगा। वहीं, चुनाव के नतीजे तीन दिसंबर को सामने आ जाएंगे। ऐसे में दिसंबर के दूसरे तीसरे हफ्ते में प्रदेश नई सरकार और मुख्यमंत्री का चेहरा सामने आ सकता है।

छत्तीसगढ़ विस चुनाव 2023

## आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होते ही संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही शुरू

**रायपुर**. 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन–2023 के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावी होते ही संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत सार्वजनिक और निजी संपत्तियों से वॉल राइटिंग, पोस्टर और बैनर हटाने की कार्यवाही शुरू हो गई हैं। राज्य में इन दोनों तरह की संपत्तियों से 10 अक्टूबर तक कुल एक लाख 47 हजार 447 प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं। सार्वजनिक संपत्तियों से संबंधित एक लाख 14 हजार 320 और निजी संपत्तियों से संबंधित 33 हजार 127 प्रकरणों पर कार्यवाही की गई है।

■ 1 अक्टूबर तक कुल 1.47 लाख से अधिक बैनर, पोस्टर और वॉल राइटिंग हटाए गए, इनमें 1.14 लाख से अधिक सार्वजनिक संपत्ति और 33 हजार 127 निजी संपत्ति शामिल

राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि सभी कलेक्टरों और जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कुल एक लाख 91 हजार 700 प्रकरण चिन्हांकित किए गए हैं। इनमें सार्वजनिक संपत्ति से संबंधित एक लाख 39 हजार 740 और निजी संपत्ति से संबंधित 51 हजार 960 प्रकरण शामिल हैं। सभी जिला प्रशासन द्वारा इन्हें हटाने की कार्यवाही द्रुत गति से जारी है। अधिनियम के अंतर्गत दुर्ग जिले में सरकारी और निजी संपत्तियों से बैनर, पोस्टर, वॉल राइटिंग इत्यादि हटाने की 11 हजार 039, सुकमा में 1478, गरियाबंद में 5200, बेमेतरा में 2913, खैरागढ़–छुईखदान–गण्डई में 1223, बालोद में 13 हजार 578, जशपुर में 2461, मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर में 373 और सरगुजा में 9881 कार्यवाही की गई हैं।

संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत बलौदाबाजार–भाटापारा जिले में कुल 7977, रायगढ़ में 6052, सूरजपुर में 2172, कांकेर में 2016, बिलासपुर में 4305, दंतेवाड़ा में 491, महासमुंद में 6336, जांजगीर–चांपा में 4634, बस्तर में 488, कोरबा में 9106, कोण्डागांव में 9262, कबीरधाम में 1468, बीजापुर में 642, सारंगढ़–बिलाईगढ़ में 1401, राजनांदगांव में 1350, बलरामपुर–रामानुजगंज में 7432, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही में 2384, कोरिया में 615, नारायणपुर में 634, मुंगेली में 7789, सक्ती में 5245, धमतरी में 5464 और रायपुर में 12 हजार 038 संपत्तियों से वॉल राइटिंग, पोस्टर और बैनर हटाने की कार्यवाही 10 अक्टूबर तक की गई है।

**सार संक्षेप**

### पठानकोट हमले का मुख्य साजिशकर्ता ढेर

**नई दिल्ली।** भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक और 216 के पठानकोट हमले के मुख्य साजिशकर्ता शाहिद लतीफ की बुधवार को पाकिस्तान के सियालकोट शहर में एक मस्जिद के पास अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। सूत्रों के मुताबिक, 41 वर्षीय आतंकवादी को शुक्रवार की नमाज के बाद नूर मदीना मस्जिद के पास मार दिया गया। हत्या के तुरंत बाद हमलावर मौके से भाग गए। पाकिस्तान पुलिस अभी तक बंदूकधारियों की पहचान नहीं कर पाई है। भारतीय एजेंसियों के अनुसार, लतीफ पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा था।

### पुंछ में गोली लगने से अग्निवीर की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में बुधवार को नियंत्रण रेखा पर गोली लगने से एक अग्निवीर की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि पुंछ जिले के मनकोट इलाके में नियंत्रण रेखा के पास तैनात सिपाही (अग्निवीर) अमृतपाल सिंह घटना के समय ड्यूटी पर थे। सिपाही की मौके पर ही मौत हो गई।

### दुष्कर्म मामले में दिल्ली कोर्ट ने शाहनवाज को समन भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित बलात्कार और धमकी के एक मामले में भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन को समन भेजा है। न्यायाधीश ने बलात्कार (भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत दंडनीय) और आपराधिक धमकी (धारा 56) के अपराधों का संज्ञान लिया है।

### लुटेरों ने टैक्सी ड्राइवर को 200 मीटर तक घसीटा, मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम दिल्ली में लुटेरों के एक ग्रुप ने 43 साल के एक टैक्सी ड्राइवर की कार लूट ली और उसे 2 मीटर तक घसीटकर मार डाला। मृतक की पहचान फरीदाबाद निवासी बिजेंद्र के रूप में हुई है, जो दिल्ली में राष्ट्रीय राजमार्ग 8 की सर्विस रोड के पास मृत पाया गया।

### पंजाब में ड्रग तस्कर गिरफ्तार, 4.94 करोड़ जब्त

**चंडीगढ़।** अंतरराज्यीय मादक द्रव्य नेटवर्क को बड़ा झटका देते हुए, जम्मू-कश्मीर पुलिस और पंजाब पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में पंजाब के मुल्लांपुर दाखा से एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से वाहनों के 38 नकली नंबर प्लेट और एक रिवाल्वर के साथ 4.94 करोड़ रुपए जब्त किए। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अरपा नदी में बच्चियों की मौत का मामला

## सिर्फ पेनल्टी से काम नहीं चलेगा एफआईआर भी दर्ज कराए : हाईकोर्ट

**बिलासपुर**, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। अरपा नदी सेंदरी में तीन बच्चियों की डूबने से मौत के मामले में हाईकोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर इस मामले में सुनवाई शुरू की है। चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने ये निर्देश जारी किया है। अवैध खनन से हुए गड्ढों में भरे पानी में डूबकर सेंदरी के पास तीन बच्चियों की मौत हुई थी। साथ ही अवैध खनन और अरपा की दुर्दशा को लेकर दायर एक जनहित याचिका पर भी सुनवाई चल रही है। प्रकरण में अगली सुनवाई 6 नवंबर को होगी।

कोर्ट की डिवीजन बेंच ने इसके पहले मामले की सुनवाई के दौरान बीते 22 अगस्त को शासन से पूछा था, कि नदी में अवैध खनन रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है। कोर्ट ने कहा था कि सिर्फ पेनल्टी से काम नहीं चलेगा, एफआईआर भी दर्ज कराएं,



■ 6 नवंबर को होगी अगली सुनवाई

कोर्ट ने मामले में मुख्य सचिव और खनिज सचिव को शपथपत्र के साथ जवाब देने कहा था। मंगलवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने एफआईआर के संबन्ध में पूछा तो पता चला, कि अभी तक एफआईआर नहीं हुई है। इस पर कोर्ट ने इस मामले में चिन्हित चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश पुलिस प्रशासन को दिए हैं।

दरअसल, बिलासपुर के सेंदरी के रेत घाट में बीते हरेली के दिन अरपा नदी में नहाने गई 3 बच्चियों की डूबकर मौत हो गई थी, इस मामले में बच्ची के परिजन को 12 लाख रुपये मुआवजा देकर प्रशासन ने जिम्मेदारी पूरी कर ली। मामले की जांच या दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई। जनहित याचिका में कहा गया है कि अरपा नदी में अवैध उत्खनन जानलेवा साबित हो रहा है। रेत उत्खनन में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों की भी खुलकर धज्जियां उड़ाई जा ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## रवींद्र कुमार अग्रवाल बने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जज



**बिलासपुर**, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। अधिवक्ता रवींद्र कुमार अग्रवाल छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त किए गए है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए अधिवक्ता रवींद्र कुमार अग्रवाल के नाम की सिफारिश की थी, जिसके बाद यह फैसला लिया गया है।

जानकरी के लिए बता दें किछत्तीगसगढ़ हाईकोर्ट में वर्तमान में चीफ जस्टिस समेत 14 जज है। नए जज मिलने से छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में अब वर्किंग जजों की संख्या 15 हो जाएगी। अधिवक्ता रवींद्र कुमार अग्रवाल के न्यायधीश नियुक्त होने से बार अधिवक्ताओं में काफी हर्ष है। 3 फरवरी 2023 को, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने अपने दो वरिष्ठतम सहयोगियों के परामर्श से रवींद्र कुमार अग्रवाल को उस उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की थीं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने इस सिफारिश पर सहमति जताई है।

## सीबीआई ने न्यूजक्लिक के खिलाफ मामला दर्ज किया

**नई दिल्ली**, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित तौर पर विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के उल्लंघन को लेकर समाचार पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के खिलाफ मामला दर्ज किया है और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दो स्थानों पर तलाशी ली है। बुधवार को सीबीआई की एक टीम दिल्ली में न्यूजक्लिक के फाउंडर और एडिटर प्रबीर पुरकायस्थ के घर गई और तलाशी ली। टीम ने पुरकायस्थ की पत्नी गीता हरिहरन से पूछताछ की। इस महीने की शुरुआत में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया था और न्यूजक्लिक से जुड़े कई पत्रकारों के आवास पर छापेमारी की थी। इसके बाद पुलिस ने इस सिलसिले में दो लोगों प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया। दिल्ली पुलिस ने पहले कहा था कि परिसर में कुल 37 पुरुष और नौ महिला संदिग्धों से उनके रहने के स्थानों पर पूछताछ की गई। पुलिस ने पहले कहा था कि कुछ डिजिटल उपकरणों और दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है। उधर, न्यूजक्लिक ने एक्स पर लिखा, सीबीआई वर्तमान में न्यूजक्लिक कार्यालय और हमारे प्रधान संपादक के आवास पर तलाशी और जब्ती अभियान चला रही है। यह पांचवीं एजेंसी है जो हमारी जांच कर रही है।

■ न्यूजक्लिक के फाउंडर प्रबीर पुरकायस्थ के घर की तलाशी ली

लोकसभा चुनाव से पहले किसानों को साधने की तैयारी

## किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ा सकती है सरकार!

■ **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली**, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार 2024 के लोकसभा चुनाव में जाने से पहले प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की रकम को बढाने की तैयारी कर रही है। मौजूदा समय में केंद्र सरकार की ओर से छोटे किसानों को 2000 रुपए के तौर पर तीन किश्तों में सालाना 6000 रुपए की राशि किसान सम्मान निधि के रूप में दी जा रही है। लेकिन अब यह रकम में 2000 रुपए की बढ़ोतरी कर 8000 रुपए सालाना करने की तैयारी है। इस आशय का प्रस्ताव केंद्र के पास विचाराधीन है। सूत्रों ने बताया कि सरकार इस दिशा में गंभीरता से विचार कर रही है। पांच राज्यों के चुनाव खत्म होते ही इसकी घोषणा की जा सकती है। अगर इसे लागू किया तो केंद्र सरकार पर 20,000 करोड रुपए का अतिरिक्त बोझ आएगा। माना जा रहा है कि अगर केंद्र सरकार ने इस प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाई तो इसके सियासी असर को खारिज नहीं जा सकता है। इसके अलावा गरीब कल्याण अन्न योजना को भी अगले 6 माह तक के लिए बढाया जाना तकरीबन तय माना जा रहा है। जिसकी मियाद इस साल 31 दिसम्बर को खत्म हो जाएगी।

■ 8000 रुपए सालाना कर सकती है सम्मान निधि
■ इस आशय का प्रस्ताव केंद्र के पास विचाराधीन

## मोदी मंत्रिमंडल ने 'मेरा युवा भारत' को दी मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को स्वायत्त संस्थान 'मेरा युवा भारत' की स्थापना को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि मेरा युवा भारत युवाओं के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म होगा। इससे युवाओं में कौशल विकास के साथ ही नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहाकि मेरा भारत–मेरा युवा भारत नाम से एक संस्था बनाने का निर्णय लिया गया है। मेरा युवा भारत का प्राथमिक उद्देश्य इसे युवाओं के विकास के लिए एक संपूर्ण सरकारी मंच बनाना है। यह पूरी तरह तकनीक पर आधारित रहेगा। इस नई व्यवस्था के तहत युवा सामुदायिक परिवर्तन के प्रतिनिधि और सह निर्माता बनेंगे। इससे उन्हें सरकार और नागरिकों के बीच युवा सेतु के रूप में कार्य करने की अनुमति मिलेगी।

■ युवाओं के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म होगा

## दशहरा, दीपावली, शीतकालीन और ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित

**रायपुर**, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य सरकार ने शिक्षण सत्र 2023-24 के लिए दशहरा, दिवाली, शीतकालीन और ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिए आदेश जारी कर दिया है। लोकशिक्षण संचालनालय (डीपीआई) की तरफ से भेजे गए स्कूल छुट्टी के प्रस्ताव पर स्कूल शिक्षा विभाग ने मुहर लगा दी है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश भी जारी कर दिया है। जारी आदेश के मुताबिक दशहरा, दिवाली, शीतकालीन और ग्रीष्मकालीन के लिए कुल 64 दिन छुट्टी रहेगी।

■ शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश
■ कुल 64 दिनों की मिलेगी छुट्टी

सीएजी अधिकारियों के तबादले पर बोली कांग्रेस

## माफिया की तरह काम कर रही है केंद्र सरकार

**नई दिल्ली**, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस ने मोदी सरकार पर कड़ा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि वह माफिया की तरह काम कर रही है और जो सच बोलता है उसे सजा दी जाती है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक हैंडल पर ट्वीट कर आज कहा कि इस सरकार में हालात यह हो गये हैं कि जो सच बोलेगा, उसे सजा मिलेगी। इसका उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले दिनों नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के भ्रष्टाचार और बड़े घोटालों को उजागर किया था इस संस्थान के जिन अधिकारियों ने इस मामले की जांच की उनका अब स्थानांतरण कर दिया गया है और उन्हें इसकी सजा दी जा रही है। पार्टी ने कहा, कैग ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि मोदी सरकार ने द्वारका एक्सप्रेसवे परियोजना, भारतमाला प्रोजेक्ट और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं में भारी घोटाला किया है। हमारी मांग है कि अधिकारियों के ट्रांसफर आदेशों को तुरंत रद्द किया जाए,

## पुरानी पेंशन को लेकर फिर हुंकार भरेंगे कर्मचारी

**नई दिल्ली**, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्र एवं राज्य सरकारों के कर्मचारी संगठन, पुरानी पेंशन को लेकर फिर हुंकार भरने की तैयारी कर रहे हैं। केंद्रीय कर्मियों की दो विशाल रैलियों के बाद अब तीन नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में ही तीसरी बड़ी रैली होने जा रही है। कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्पलाइज एंड वर्कर्स के बैनर तले होने वाली इस रैली में ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्प्लाइज फेडरेशन सहित कई दूसरे कई संगठन हिस्सा लेंगे। रैली में केंद्र सरकार के समक्ष सात मांगें रखी जाएंगी। इनमें पहली मांग 'एनपीएस' की समाप्ति और 'पुरानी पेंशन' व्यवस्था को बहाल कराना है। इसके अलावा केंद्र सरकार में रिक्त पदों को नियमित भर्ती के जरिए भरना, निजीकरण पर रोक, आठवें वेतन आयोग का गठन और कोरोनाकाल में रोके गए 18 महीने के डीए का एरियर जारी करना, ये बातें भी कर्मचारियों की मुख्य मांगों में शामिल हैं।

■ तीन नवम्बर को देशभर के कर्मचारी जुटेंगे

क्रिप्टो करेंसी के जरिए हो रही अवैध फंडिंग का बड़ा खेल

## भारत से चुराकर हमास को भेजी गई थी क्रिप्टो करेंसी!

■ **जोगेन्द्र सोलंकी**

**नई दिल्ली**, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। इजरायल और हमास के बीच चल रही जंग सिर्फ गोले–बारूद से ही नहीं लड़ी जा रही है, बल्कि इसमें क्रिप्टो करेंसी के जरिए हो रही अवैध फंडिंग का भी बडा खेल है। दिल्ली पुलिस के सामने एक मामले की जांच से अब ये सवाल खड़ा हुआ कि क्यों भारत से भी क्रिप्टो करेंसी के जरिए हमास और उससे जुड़े संगठनों को फंडिग हो रही थी या डिजिटल करेंसी के चोर लोगों के वॉलेट से क्रिप्टो करेंसी चुराकर फ़िलिस्तीनी आतंकवादी संगठनों के खातों में डायवर्ट कर रहे थे। भारत की तमाम एजेंसियां अब इस बात का पता लगाने में जुट गई हैं। क्रिप्टो करेंसी की चोरी के ऐसे कितने मामले देशभर में पिछले दिनों सामने आए हैं, जिनमें फंड ट्रांसफर का रूट संदेह से भरा है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल का ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

■ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को मिले क्रिप्टो चोरी के एक मामलें से सुराग

**राजनीति** — *मध्य प्रदेश में कांग्रेस की पहली सूची का इंतजार*

## भाजपा-कांग्रेस के बागियों पर छोटे दलों की नजर

**भोपाल, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव का पारा धीरे–धीरे चढ़ने लगा है। भाजपा जहां उम्मीदवारों की चार सूचियां जारी कर चुकी है वहीं कांग्रेस की पहली सूची का इंतजार है। इन हालातो में छोटे दलों की पूरी नजर दोनों ही प्रमुख दलों के असंतुष्ट और बागियों पर है।**

*बसपा ने तो भाजपा और कांग्रेस के बगियों को उम्मीदवार बनाना भी शुरू कर दिया है। राज्य में 17 नवंबर को मतदान होना है और दिसंबर में नतीजे आने के बाद सरकार का गठन भी हो जाएगा। राजनैतिक दलों में इन दिनों उम्मीदवार के चयन की प्रक्रिया चल रही है।*

*राज्य में विधानसभा की 230 सीटें हैं इनमें से भाजपा चार सूचियां जारी कर 136 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है, वहीं कांग्रेस की ओर से 15 अक्टूबर को पहली सूची आने की संभावना जताई जा रही है।*

*भाजपा और कांग्रेस में बड़ी तादाद में ऐसे लोग हैं जो उम्मीदवार बनने के लिए दावेदारी कर रहे हैं मगर उन्हें टिकट मिलेगा या नहीं, पार्टी उम्मीदवार बनाएगी या नहीं, यह तय नहीं हो पा रहा है, लिहाजा कई नेताओं ने तो अभी से बगावती तेवर अपना लिए हैं।*

***सपा व आप के भी संपर्क में कई नेता***

*बहुजन समाज पार्टी ने भी उम्मीदवारों के नाम तय करना शुरू कर दिए हैं और जो सूचियां आई हैं उनमें कई बागी नेता हैं जिन्होंने बीजेपी और कांग्रेस का दामन छोड़ा है, अब वह बसपा में शामिल हो चुके हैं। बसपा ने छतरपुर से कांग्रेसी नेता रहे डीलमणी सिंह को और राजनगर विधानसभा से भाजपा के नेता रहे घासीराम पटेल को उम्मीदवार बनाया है। इसी तरह दोनों ही राजनीतिक दलों के असंतुष्ट और बागी नेता समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी से संपर्क बनाए हुए हैं और उम्मीदवारों की सूचियां जारी होने के बाद वे अपना रास्ता तय करेंगे। राज्य की वर्तमान विधानसभा पर गौर करें तो सपा का एक और बसपा के सिर्फ दो विधायक थे, वहीं चार निर्दलीय चुनाव जीते थे।*

■ बसपा में शामिल हो चुके हैं दोनों दलों के कई बागी
■ भाजपा ने 136 सीटों पर अपने उम्मीदवार किए घोषित

## सार-संक्षेप

### पेट्रोल पंप संचालकों मुद्रकों व बैंकर्स को दिया गया प्रशिक्षण




**कोरिया** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने जिले में निर्वाचन से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पेट्रोल पंप संचालको को बताया गया कि किसी भी अभ्यर्थी व उनके प्रतिनिधि को पेट्रोल, डीजल देते समय वाहन का नम्बर, नाम, राशि व डीज़ल, पेट्रोल का मात्रा रजिस्टर में उल्लेख करना होगा। इस दौरान मास्टर टेनर्स शैलेन्द्र गुप्ता एवं सहायक कोषालीय अधिकारी ओंकार साय के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा निर्देश के बारे में पेट्रोल पंप संचालक व मुद्रक एवं बैंक प्रबंधकों को जानकारी प्रदान की गई। बैंक प्रबंधकों को बताया गया कि प्रत्येक अभ्यर्थी को पृथक से निर्वाचन के लिए चालू खाता खोला जाना होगा। साथ ही मुद्रक एवं प्रकाशकों को विधानसभा निर्वाचन से संबंधित कोई भी फ्लेक्स, होर्डिंग, पम्पलेट बैनर ,पोस्टर आदि मुद्रित किए जाने पर प्रकाशक का नाम प्रकाशित होने वाली सामग्री की संख्या अनिवार्य रूप से मुद्रित किया जाना है। मुद्रण के पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाना होगा कि उस आदेश अभ्यर्थी के द्वारा ही प्रकाशन के लिए प्रेषित किया गया है। केबल ऑपरेटर को भी निर्देशित किया गया कि कोई भी विज्ञापन प्रसारित करने के पूर्व सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय को दिया जाना होगा, केबल ऑपरेटर अपने यहां के केबल से किसी भी प्रकार के राजनीतिक विज्ञापन के प्रसारण से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि उसका जिला

### आदर्श आचार संहिता के निर्देशों का कड़ाई से करें पालन-कलेक्टर

**एमसीबी** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने समय सीमा की लंबित प्रकरणों के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि जन चौपाल, जन शिकायत, जनदर्शन, पीजी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किये जाने पश्चात् आदर्श आचार संहिता सम्पूर्ण जिले में प्रभावशील है। विधानसभा निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी निष्पक्ष शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु सभी अधिकारी एवं कर्मचारी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन करेंगे। शासकीय कर्मचारियों को निर्वाचन में बिल्कुल निष्पक्ष रहना चाहिए, जिससे जनता को उनकी निष्पक्षता का विश्वास हो। शासकीय कर्मचारी किसी भी प्रकार के निर्वाचन अभियान या प्रचार में भाग न ले। आदर्श आचार संहिता जिस दिन से लागू होती है उस दिन से सभी अधिकारी - कर्मचारी निर्वाचन आयोग के अधीन हो जाते है और उसी के अनुरूप सभी को आचरण रखना है तथा दिये गये निर्देशों का पालन करना है। निष्पक्ष रहना है निष्पक्ष दिखना भी है। उन्होंने विभिन्न विभागों को सम्पत्ति विरूपण अधिनियम के तहत् सरकारी संपत्तियों, सार्वजनिक तथा निजी सम्पत्तियों जैसे वृक्ष, बिजली के खम्बे, पुलिया, पाइप लाइन, समस्त प्रकार के प्रचार-प्रसार हटाये जाने के निर्देश देते हुए उनके द्वारा किये गये कार्यवाही की जानकारी निर्वाचन शाखा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि चुनावी प्रचार-प्रसार के लिए शासकीय संपत्तियों का उपयोग नहीं होना चाहिए। निजी संपत्तियों के उपयोग के लिए संपत्ति धारक से पूर्व अनुमति जरूरी होगी। उन्होंने समय -सीमा के भीतर संपत्ति विरूपण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संपत्ति विरूपण, सरकारी वाहनों की वापसी, जिले में स्वीकृत एवं प्रगतिरत, प्रारंभ-अप्रारंभ कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कोई जनकल्याणकारी कार्य नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि निर्वाचन के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्थानांतरण, नियुक्तियां तथा पदोन्नतियां स्थगित रहेगी। उन्होंने जिले में अधिक से अधिक मतदान हेतु जिले के नागरिकों को जागरूक करने के लिए स्वीप की गतिविधियों को बढ़ाने के लिए स्वीप नोडल अधिकारी को निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ श्री पटेल अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार, डीएफओ एल.एन. पटेल, संयुक्त कलेक्टर सी.एस.पैकरा, खाद्य अधिकारी संजय ठाकुर सहित जिले के समस्त अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अंतरिक्ष ज्ञान अभियान की टीम पहुंची विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल मनेन्द्रगढ़

**मनेन्द्रगढ़** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के हृदय स्थल में स्थित विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकण्डरी स्कूल में अंतरिक्ष ज्ञान अभियान की टीम के द्वारा विद्यार्थियों को अंतरिक्ष की रोमांचक और अनसुनी जानकारियां प्रदान की गयी। सुप्रसिद्ध अंतरिक्ष विशेषज्ञ रत्नेश मिश्र एवं मानवी धवन के निर्देशन में राज्य स्तरीय अंतरिक्ष ज्ञान अभियान की टीम अपने अंतरिक्ष रथ के साथ नगर के विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकण्डरी स्कूल पहुँची। टीम अपने साथ स्पेस सैटेलाइट, रॉकेट के हूबहू मॉडल लेकर आयी। जिसे देखकर बच्चों में अलग ही उत्साह व उमंग जाग गया और वे लगभग तीन घण्टे के इस कार्यक्रम में पूरी तल्लीनता से आये हुए विशेषज्ञों की बातों को सुने और उनके द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर भी दिए साथ ही विद्यार्थियों ने अंतरिक्ष के प्रति अपनी उत्सुकता को व्यक्त करते हुए विशेषज्ञों से विभिन्न प्रकार के प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम का आरंभ संस्था प्रमुख श्रीमती इन्द्रा सेंगर एवं संस्था सचिव संजय सेंगर के द्वारा आये हुए अंतरिक्ष विशेषज्ञों की टीम के स्वागत से किया गया।

### नुक्कड़ नाटक व फ्लैशमॉब के जरिए मतदाताओं को किया गया जागरूक

**अम्बिकापुर** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में शत प्रतिशत मतदान हेतु स्वीप सरगुजा द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अम्बिकापुर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत संस्थान में विद्यार्थियों एवं अध्यापकों द्वारा रंगोली एवं मतदान पर भाषण संबंधी कार्यक्रम आयोजित किया गया, साथ ही जागरूकता रैली भी निकाली गई स्वीप प्लान कमेटी के नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सरगुजा श्री नूतन कंवर की उपस्थिति में शहर के अम्बेडकर चौक के पास अम्बिका पेट्रोल पम्प के सामने नुक्कड़ नाटक एवं फ्लैशमॉब कार्यक्रम कराते हुए वहां मौजूद नागरिकों को दिनांक 17 नवम्बर को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। श्री नूतन ने उपस्थित जनसमूह को मतदान करने हेतु अपील करते हुए शपथ दिलाई गई।

# बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने यूनिसेफ व छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग प्रयत्नशील-छाया कुंवर शिक्षा विशेषज्ञ युनीसेफ

### छात्राएं किताबों से रखें दोस्ती-डीईओ जगदीश शास्त्री



**विश्व बालिका दिवस पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सकोला में जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग का संयुक्त आयोजन**

**गौरेला पेंड्रा मरवाही,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग के माध्यम से विभिन्न योजनाएं संचालित कर काम कर रही है सरकार के बालिका शिक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रम में यूनिसेफ की छत्तीसगढ़ इकाई सहयोगी संस्था के रूप में काम कर रही है ऐसे में जरूरी है कि समाज भी बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करें ताकि बालिका शिक्षा अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके।

उक्त बातें विश्व बालिका दिवस 11 अक्टूबर 2023को जिला प्रशासन एवं शिक्षा गौरेला पेंड्रा मरवाही द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकोला में आयोजित कार्यक्रम में यूनिसेफ छत्तीसगढ़ की शिक्षा विशेषज्ञ छाया कुंवर ने विद्यालय की छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने आगे कहा कि अब हम उसे दौर में चल रहे हैं जिस दौर में बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब सामाजिक कुरीतियों के समाप्त करने का दौर चल रहा है उन्होंने कहा कि जो भी चुनौतियां हैं उन चुनौतियों को पारकर लक्ष्य हासिल करना है। यूनिसेफ की शिक्षा विशेषज्ञ छाया कुंवर ने विद्यालय की छात्राओं द्वारा भ्रूण हत्या पर केंद्रित नाटिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस विद्यालय में मुझे छात्राओं के लिए बहुत अच्छा वातावरण देखने को मिला। विद्यालय के प्राचार्य छात्राओं के हित में बहुत अच्छी लीडरशिप कर रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी जगदीश शास्त्री ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा आप जिस उम्र में है यह उम्र किताबों से दोस्ती करने की है अन्य दूसरे दोस्तों के बजाय किताबों से ही दोस्ती रखें। किताबों से अच्छा मार्गदर्शन आपका कोई नहीं कर सकता। उन्होंने छत्तीसगढ़ में स्कूल शिक्षा विभाग के साथ यूनिसेफ के सहयोग को रेखांकित करते हुए कहा कि यूनिसेफ यूनिसेफ बच्चों के लिए छत्तीसगढ़ में बहुत अच्छा काम कर रही है उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2012 में विश्व बालिका दिवस मनाने मनाने की शुरुआत की गई। परिवार और समाज को भी बालिकाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रयत्नशील रहना होगा।

कार्यक्रम में उपस्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारी पेंड्रा रविंद्र नाथ चंद्रा ने कहां की आदिवासी अंचल में स्थापित यह विद्यालय बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के अलावा जिमनास्टिक जैसे खेल में भी राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन कर रहा है । यह यहा कि बालिकाओं की सफलता है। उन्होंने कहा कि इसी तरह के स्वस्थ वातावरण में ही बालिकाओं का भविष्य सुंदर और सुखद बनता है। कार्यक्रम को यूनिसेफ की स्रोत प्रतिनिधि रंजू कुमार ने भी संबोधित कर बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्राओं की विभिन्न प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों की प्रमुख भूमिका है उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन की सराहना करते हुए बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले की बालिका शिक्षा समन्वयक एवं प्रभारी सरस्वती यादव नै बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी से छात्रों को अवगत कराया। यूनिसेफ के प्रशिक्षक रवि कुमार ने भी छात्राओं का मोटिवेशन किया वही पुलिस चौकी कोटमी प्रभारी श्री बंजारे ने छात्राओं को निर्भीक होकर शिक्षा ग्रहण करने विद्यालय आने की बात कही तथा उन्हें मोबाइल के फायदे एवं नुकसान से अवगत कराते हुए दुष्प्रभावों से सचेत किया। कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटमी की प्रभारी डॉक्टर सुषमा विश्वास ने ने छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजा अर्चना से हुआ तक पश्चात छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। आमंत्रित सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य अक्षय नामदेव सहित प्रधान पाठक के आर सिंह ,राजकुमार यादव अंजना खलखो चंद्रकांत उइके, राखी राय, वंदना सिंह राणा राणा संतोषी, सहित स्टाफ स्टाफ के सदस्यों ने किया। इस अवसर पर छात्राओं ने कन्या भ्रूण हत्या, बालिका शिक्षा एवं बाल स्वराज पर केंद्रित कार्यक्रम एवं गीतों की प्रस्तुति दी। उत्तम प्रस्तुति पर गौरेला थाना प्रभारी के निरीक्षक निरीक्षक योगेश अग्रवाल ने छात्राओं को 1001 रुपए तथा प्रधान पाठक के आर सिंह ने चार स छात्राओं को पांच -पांच सौप्रोत्साहन राशि प्रदान की। कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राओं को अतिथियों ने अतिथियों ने कलम देकर पुरस्कृत किया। इस बीच कुछ समस्या ग्रस्त छात्राओं ने यूनिसेफ के प्रतिनिधियों एवं छात्राओं के अपनी निजी एवं शिक्षा संबंधी समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि वह किस तरह चुनौतियों को पार कर शिक्षा ग्रहण करने की ललक रखती है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका दीपाली श्रीवास ने किया। कार्यक्रम में गौरेला के विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला , खुशबू बघेल प्रीति केशरी, पुष्पा रात्रि रात्रे,प्रियंका साहू साहू, रूपेश गुप्ता गुरुचरण रत्नाकर, लोकेंद्र जायसवाल गोवर्धन यादव ,जागेश्वर ओट्टी रामकुमार यादव सहित शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग पुलिस विभाग से जुड़े अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

# सभा, रैली एवं जुलूस के लिए रिटर्निंग अधिकारी से लेनी होगी अनुमति

**आदेश 05 दिसम्बर तक जिले में प्रभावशील**

**अम्बिकापुर** 11 अक्टूबर 2023/ विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम अनुसार सरगुजा क्षेत्रांतर्गत विधानसभा क्षेत्र-09 लुण्ड्रा अजजा, विधानसभा क्षेत्र 10-अम्बिकापुर सामान्य एवं विधानसभा क्षेत्र 11-सीतापुर अजजा में निर्वाचन हेतु अधिसूचना जारी हो चुकी है। आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन की कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जाना है, ताकि मतदाताओं के द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी डर दबाव के निर्भयतापूर्वक किया जा सके।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने बताया है कि निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को बिना किसी डर, भय तथा दबाव के निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्रदान करने तथा चुनाव आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के लिए चुनाव के अवसर पर कानून व्यवस्था की स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण करने हेतु तथा लोक शांति एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखकर पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इस आदेश से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों को सूचना की तामीली एवं सुने जाने हेतु पर्याप्त समय न होने के कारण एकपक्षीय रूप से आदेश पारित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के द्वारा कानून व्यवस्था के संबंध में सभी पहलुओं एवं तथ्यों पर विचारोपरांत धारा-144 दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किया गया है, जिसमें बताया गया है कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी एवं सुरक्षाकर्मियों को छोड़कर कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा भले ही वे अनुज्ञप्तिधारी हो, किसी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ, अस्त्र-शस्त्र धारदार घातक हथियार आदि लेकर नहीं चलेगा। धार्मिक परम्परा अनुसार रखे जाने वाले कृपाण आदि पर यह कंडिका प्रभावशील नहीं होगी। विभिन्न सभाओं, रैली एवं जुलूस, आदि करने के पूर्व संबंधित विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर से अनुमति लिया जाना आवश्यक होगा। आवेदन पत्र में सभाओं, रैली, जुलूस आदि के स्थान, दिनांक एवं समय का उल्लेख करते हुए पूर्ण विवरण दिया जाना आवश्यक होगा। सभा, रैली, जुलूस आदि में लाउडस्पीकर, ध्वनि विस्तारक यंत्र आदि के उपयोग किये जाने के पूर्व संबंधित विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर से अनुमति लिया जाना अनिवार्य होगा।

## स्ट्रांग रूम का कलेक्टर और एसपी ने किया निरीक्षण



**अम्बिकापुर** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा ने विधानसभा निर्वाचन की तैयारी के मद्देनजर पॉलिटेक्निक कॉलेज में तैयार किए गए मतगणना स्थल तथा स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां सुव्यवस्थित ढंग से मतगणना कार्य पूर्ण कराए जाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियों का अवलोकन किया। तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतगणना कक्ष, आवागमन व्यवस्था, पहुंच मार्ग, विधानसभावार वाहन पार्किंग व्यवस्था, भवन में बिजली व्यवस्था, पानी व्यवस्था, शौचालय, बैठक व्यवस्था, आरओ कक्ष, ऑब्ज़र्वर कक्ष आदि का अवलोकन किया तथा सभी कार्य जल्द पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ग्राउंड की साफ-सफाई कर व्यवस्थित किए जाने कहा। एसपी श्री शर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने सभी व्यवस्था दुरुस्त किए जाने निर्देशित किया। इस दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने निर्माणाधीन नवीन विश्राम गृह का भी अवलोकन किया तथा निर्वाचन के समय अतिथियों के रुकने हेतु सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय सीमा में पूर्ण कराए जाने निर्देशित क़िया। इसी प्रकार कलेक्टर श्री कुंदन ने जिला कलेक्टरेट परिसर में निर्माणाधीन नवीन कम्पोजिट बिल्डिंग का भी जायजा लिया तथा निर्वाचन सम्बन्धी कार्यों के सम्पादन हेतु यथोचित व्यवस्था कराए जाने निर्देशित किया। इस दौरान उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक, एसडीएम अंबिकापुर, ईई पीडब्ल्यूडी एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ध्वनि विस्तारक यंत्र पर लगा प्रतिबंधित

**भारत** निर्वाचन आयोग के द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2 2 3 की घोषणा कर दिए जाने के उपरांत निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के पालन, निर्वाचन कार्य, स्वतंत्र, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न कराने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए लोकहित में यह आवश्यक हो गया कि निर्वाचन की कार्यवाही समाप्ति होने एवं निर्वाचन परिणाम घोषित होने तक सम्पूर्ण जिला सरगुजा सीमा क्षेत्र में तीव्र संगीत, ध्वनि विस्तारक यंत्र तथा कोलाहल को प्रतिबंधित किया जाए।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कुन्दन कुमार के द्वारा कोलाहल अधिनियम 1 9 8 5 की धारा-1 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सभी प्रकार की तीव्र संगीत, ध्वनि विस्तारक यंत्र, मोटर यान के विद्युत हार्न से उत्पन्न होने वाले कोलाहल एवं मनुष्य या मशीन द्वारा कारित कोलाहल जिससे सामान्य व्यक्ति घबरा जायें या जिसे सुनकर व्यक्ति क्षोभ या संत्रास कारित हो को प्रतिबंधित किया गया है।

## प्रचार वाहनों के लिए लेनी होगी अनुमति

अम्बिकापुर 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा कि जा चुकी है। विधानसभा निर्वाचन 2023 में राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों के द्वारा निर्वाचन के प्रचार-प्रसार हेतु वाहनों की आवश्यकता होगी, जिसके लिए राजनैतिक दल एवं अभ्यर्थियों के द्वारा वाहनों के उपयोग हेतु अनुमति प्राप्त करने के लिए ऑफलाईन या एनकॉर सॉफ्टवेयर के माध्यम से आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है।

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के द्वारा दिये निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर ने आदेश जारी कर विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान चुनाव के प्रचार-प्रसार हेतु राजनैतिक दल एवं अभ्यर्थियों के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने पर वाहनों की अनुमति प्रदान करने हेतु संबंधित विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी को अधिकृत किया है इस हेतु विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा के रिटर्निंग अधिकारी श्री टेकचंद अग्रवाल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती पूजा बंसल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के रिटर्निंग अधिकारी श्री रवि राही को अधिकृत किया गया।

**प्रथम पृष्ठ का शेष...**

**सिर्फ पेनल्टी से काम नहीं...**

रही है। याचिका में अरपा के किनारे पौधरोपण करने, अवैध घाटों को बंद करने की मांग की गई है। मामले को लेकर हाईकोर्ट में पिछली बार सुनवाई में खनिज विभाग की ओर से शपथपत्र में बताया गया कि, पिछले दो साल में 654 अवैध परिवहन के प्रकरण दर्ज हुए जिनमें पेनाल्टी लगाई गई है। 6 अवैध खनन के प्रकरणों पर कोनी थाने में एफआईआर भी दर्ज है। जिस पर कोर्ट ने अवैध खनन पर एफआईआर की कम संख्या होने को लेकर सवाल भी उठाए थे।

**भारत से चुराकर...**

आईएफएसओ से जुड़े सूत्रों के मुताबिक 2022 में एक बिजनेसमैन के वायलेट से करीब 30 लाख की क्रिप्टोकरेंसी चोरी की शिकायत मिली थी। आईएफएसओ की जांच में अब तक सामने आया है कि वॉलेट से चुराए गए क्रिप्टो को हमास आतंकवादियों के खातों में भेज दिया गया था। बता दें हमास के इस्राइल पर हमले के बाद जब ये बात सामने आई है कि हमास ने क्रिप्टोकरेंसी के जरिए धन जुटाने का अभियान शुरू किया है। तो आईएफएसओ ने इस पुराने मामले को पिफर से खंगालना शुरू किया है। आशंका जताई जा रही है कि फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन क्रिप्टो करेंसी से फंड जुटाने के साथ चुराने का भी काम कर रहा था।

**मोसाद की मदद से मिली जानकारी**

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बाद में इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद की मदद से पता चला था कि क्रिप्टोकरेंसी हमास की सैन्य शाखा अल-कसम ब्रिगेड द्वारा बनाए गए वॉलेट में पहुंच गई थी। क्रिप्टोकरेंसी का एक बड़ा हिस्सा मिस्र में अहमद मरजूक और फिलिस्तीन के अहमद क्यूएच सफी सहित अन्य के खातों में स्थानांतरित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि ये वॉलेट मिस्र के गीजा से संचालित किए जा रहे थे। क्रिप्टो को मोहम्मद नसीर इब्राहिम अब्दुल्ला के वॉलेट में भी जमा किया गया था, लेकिन खातों को इजराइल द्वारा आतंक-वित्तपोषण कार्रवाई में जब्त कर लिया गया था।

## एक सप्ताह से बिगड़ा है एसबीआई मेन ब्रांच की एटीएम

**रायगढ़** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। सबसे प्रतिष्ठित बैंकिंग संस्थान भारतीय स्टेट बैंक लगता है अपने ग्राहकों की सेवा के प्रति इन दिनों पूरी तरह उदासीन हो चुका है। केवड़ा बाड़ी बस स्टैंड स्थित भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा में स्थित एटीएम मशीन जिसमें जमा एवं आहरण दोनों की व्यवस्था है।

आए दिन एटीएम खराब होने की स्थिति देखी जाती है अधिकारियों से बात करने पर कई प्रकार के कारण और बहाने बैंक ग्राहकों को बता दिए जाते हैं पिछले एक सप्ताह से यहां के दो-दो एटीएम मशीन बिगड़े हुए हैं बैंक अधिकारियों का कहना है कि इंजीनियर बीमार है इसलिए एटीएम मशीन अभी सुधार नहीं हो पा रहे हैं ग्राहकों से हर प्रकार की सुविधा के लिए राशि वसुलने वाले बैंक आखिर कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संचार क्रांति के इस दौर में एक हफ्ता से लेकर 10 दिन तक एटीएम मशीन सुधरवा नहीं पाते हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
शुद्धिपत्र-1
निविदा सूचना क्रमांक: एसएनटी-आर-2023-07-Corr-1 दिनांक: 09.10.2023
निविदा सूचना क्रमांक SNT-R-2023-07 दिनांक 22.09.2023 के सन्दर्भ में निम्न-लिखित परिवर्तन किए गए हैं:
कार्य का नाम: डीआरएम परिसर में रेलनेट के पुराने कोर नेटवर्क उपकरण का प्रतिस्थापन।
उपरोक्त कार्य हेतु दि. 20.10.2023 को खुलने वाली निविदा, प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दी गई है।
मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, द.पू.म. रेलवे, रायपुर
PR/R/S&T/FL/156
South East Central Railway @secrail

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र.क्र. 214/ ब-121/ 2022-2023
ग्राम- रोगदा तहसील अकलतरा
आवेदक मनीष कुमार बर्मन उम्र 26 वर्ष पिता श्री छोटेलाल बर्मन जाति सतनामी निवासी ग्राम रोगदा तहसील व थाना अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका रेखा धीवर उम्र 26 वर्ष पिता श्री दशरथ धीवर जाति ढीमर निवासी डोंगाकोहरौद तहसील व थाना पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
बनाम
छत्तीसगढ़ शासन
**ईश्तहार**
आम जनता ग्राम रोगदा तहसील अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीष कुमार बर्मन उम्र 26 वर्ष पिता श्री छोटेलाल बर्मन जाति सतनामी निवासी ग्राम रोगदा तहसील व थाना अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका रेखा धीवर उम्र 26 वर्ष पिता श्री दशरथ धीवर जाति ढीमर निवासी डोंगाकोहरौद तहसील व थाना पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 22.11.2023 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 03.10.2023 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
सील
विवाह अधिकारी
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विशाल जायसवाल पिता स्व. लखपत लाल पता-मेन रोड कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम भठोरा तहसील दीपका में स्थित खातेदार लखपत लाल, हीरालाल, कृष्णालाल, राधेलाल, आनंद प्रसाद एवं राधाबाई के नाम पर दर्ज भूमि ख.नं. 181, 431, 440 रकबा क्रमशः 0.30, 0.54, 0.53 कुल रकबा 1.37 एकड़ भूमि स्थित है। खातेदार हीरालाल, लखपत एवं राधेलाल के मृत्यु होने से अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के द्वारा जारी आदेश में हीरालाल के पुत्री का नाम धन कुंवर, लखपतलाल की पुत्री दिनेश देवी के पुत्र का नाम अंकित जायसवाल एवं राधेलाल की पत्नी का नाम पुष्पा देवी दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर हीरालाल की पुत्री का सही नाम फुग्गन बाई, लखपतलाल की पुत्री दिनेश देवी के पुत्र का नाम प्रियांशु जायसवाल एवं राधेलाल के पत्नी का नाम फुलवा देवी दर्ज करने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 20/10/2023 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
अतः आज दिनांक 05/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।
सील
तहसीलदार
दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
ग्राम छतौना तह. सकरी
जिला- बिलासपुर छ.ग.
एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गणेश राम कौशिक पिता पूरनलाल कौशिक, निवासी- छतौना द्वारा ग्राम छतौना, तहसील सकरी स्थित भूमि खसरा नं. 330/1 रकबा 0.1870 हे. भूमि को पंजीकृत तबादलानामा के आधार पर अनावेदक रामचरण कौशिक से तबादलानामा निष्पादित किया गया है। अतः पंजीकृत तबादलानामा के आधार पर आवेदक के नाम नामांतरण दर्ज किए जाने हेतु इस न्यायालय में छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 109, 110 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/ आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।
अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 23/10/2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात् दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 06/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।
सील
अति.तहसीलदार
सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
ग्राम छतौना तह. सकरी
जिला- बिलासपुर छ.ग.
एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामचरण कौशिक पिता पूरनलाल कौशिक, निवासी- छतौना द्वारा ग्राम छतौना, तहसील सकरी स्थित भूमि खसरा नं. 146/1 रकबा 0.1900 हे. भूमि को पंजीकृत तबादलानामा के आधार पर अनावेदक गणेशराम कौशिक से तबादलानामा निष्पादित किया गया है। अतः पंजीकृत तबादलानामा के आधार पर आवेदक के नाम नामांतरण दर्ज किए जाने हेतु इस न्यायालय में छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 109, 110 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/ आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।
अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 23/10/2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात् दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 06/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।
सील
अति.तहसीलदार
सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

# देश

**उवाच** "आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। ऐसे में हमारा दायित्व है कि हम समय की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनें।"

–राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, बिहार के राज्यपाल



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32° | 24° |
| मुंबई | 3° | 28° |
| कोलकाता | 32° | 25° |
| चेन्नई | 29° | 27° |

# लड़कियां हमारे देश की तस्वीर व तकदीर : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने कश्मीर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

**श्रीनगर,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि महिलाएं और लड़कियां देश के नेतृत्व में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद घाटी की पहली यात्रा पर यहां पहुंचने के बाद मुर्मू ने कश्मीर विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जितना अधिक युवा शिक्षा की रोशनी की ओर बढ़ेंगे, उतना ही देश प्रगति करेगा। उन्होंने कहा कि लड़कियां हमारे देश की तस्वीर और उसकी तकदीर पेश करती हैं। उन्होंने अपना भाषण 'यी मौज कशीर' (ओ मदर कश्मीर!) के साथ शुरू किया, जिस पर सभा में जबरदस्त तालियां बजीं। कश्मीर विश्वविद्यालय के आदर्श वाक्य जिसका अर्थ है 'आइए हम अंधकार से प्रकाश की ओर चलें' का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जितना अधिक हमारे युवा शिक्षा के प्रकाश की ओर, शांति के प्रकाश की ओर बढ़ेंगे, उतना ही हमारा देश प्रगति करेगा। मुर्मू ने कहा कि जिस समाज और देश के युवा विकास और अनुशासन के मार्ग पर चलते हैं, वह प्रगति और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ता है। देश को कश्मीर के जिम्मेदार युवाओं पर गर्व है। राष्ट्रपति ने कश्मीर विश्वविद्यालय के छात्रों से अपनी पढ़ाई के साथ-साथ समाज सेवा में भी सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ऐसा करके वे सामाजिक बदलाव ला सकते हैं और एक मिसाल कायम कर सकते हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि पूर्व छात्रों ने देश की सेवा करके इस विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। मुर्मू ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि कश्मीर विश्वविद्यालय में 55 प्रतिशत छात्र लड़कियां हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्ण पदक और पुरस्कार विजेताओं की कुल संख्या में से लगभग 65 प्रतिशत लड़कियां हैं। मैं यहां बैठी सभी बेटियों को हृदय से बहुत-बहुत बधाई देती हूं, आशीर्वाद देती हूं। ये होनहार बेटियां हमारे देश की तस्वीर के साथ-साथ इसकी तकदीर भी हैं। सतत विकास का जिक्र करते हुए मुर्मू ने कहा कि सतत विकास की सीख कश्मीर की विरासत का हिस्सा है। उन्होंने एक कहावत उद्धृत की जिसका अर्थ है 'जब तक जंगल हैं तभी तक भोजन रहेगा' और कहा कि पृथ्वी पर इस स्वर्ग को संरक्षित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। राष्ट्रपति ने कश्मीर विवि से हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के लिए सतर्क रहने का आग्रह किया। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि ग्लेशियोलॉजी, जैव विविधता संरक्षण और हिमालयन आइस-कोर प्रयोगशाला से संबंधित कार्य विभिन्न चरणों में हैं।

**छात्रों से समाज सेवा में भी सक्रिय रूप से भाग लेने का किया आग्रह**



**जितना अधिक युवा शिक्षा के प्रकाश की ओर शांति के प्रकाश की ओर बढ़ेंगे उतना ही देश प्रगति करेगा : द्रौपदी मुर्मू**

## वैष्णो देवी में स्काई वाक का उद्घाटन करेंगी राष्ट्रपति



**जम्मू।** कड़ी सुरक्षा और हाई अलर्ट के बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर पहुंची और उन्होंने कश्मीर में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। जबकि गुरुवार को वह वैष्णो देवी तीर्थस्थल पर बनाए गए अपने किस्म के पहले स्काई वाक का उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रपति ने राजभवन में स्थानीय जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात की। गुरुवार को श्रीनगर से जम्मू पहुंचेंगी। इसके बाद वे माता वैष्णो देवी भवन पहुंचकर पार्वती भवन तथा स्काई वाक का शुभारंभ करेंगी। जानकारी के लिए वे जिस स्काईवाक का उद्घाटन करने जा रही हैं वह बनकर तैयार हो चुका है। स्काईवाक का निर्माण श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की ओर से करवाया गया है। इस पर 15 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। राष्ट्रपति द्वारा स्काई वाक को श्रद्धालुओं को समर्पित कर दिया जाएगा। 300 मीटर के स्काई वाक पर 100 मीटर की दूरी पर प्रतिक्षा हाल भी बनाया गया है। इसमें 200 श्रद्धालु बैठ सकेंगे। साथ ही प्रवेशद्वार पर 60 मीटर लंबी गुफा का निर्माण हुआ है। इसके साथ ही गुफा के दोनों ओर मां वैष्णो देवी की नौ बहनों की मूर्तियां बनाई गई है। उनके साथ ही श्लोक व मंत्र अंकित किए गए हैं। स्काई वाक में 100 मीटर दूरी पर आपातकाल निकास द्वार भी बनाए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

# हमास की निंदा पर फिलिस्तीनियों का सम्मान भी जरूरी : थरूर

## इजरायल पर हमास के हमले को बताया जघन्य आतंकवादी हमला



**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर ने इजरायल पर हमास के हमले को एक जघन्य आतंकवादी हमला करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की है और कहा है कि भारत ने हमेशा से चाहा है कि इजरायली एवं फिलिस्तीनी दोनों ही अपनी अपनी सुरक्षित सीमाओं में शांति और सम्मान से रहें लेकिन इसके लिए संघर्ष का रुकना एवं शांति बहाली जरूरी है। थरूर ने इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष पर कांग्रेस कार्यसमिति के बयान लेकर उठे विवाद पर पार्टी की राय विस्तार से रखी और कहा कि सबसे पहले पूरी स्थिति इजरायल में राष्ट्रीय अवकाश के दौरान हमास द्वारा अचानक किए गए हमले से भड़की है... यह एक आतंकी ऑपरेशन था। उन्होंने निर्दोष नागरिकों, बच्चों को मार डाला। बुजुर्ग लोग और युवा एक संगीत समारोह में भाग ले रहे हैं। हमास ने जो किया उसके लिए किसी भी औचित्य को स्वीकार करना वास्तव में असंभव था। मैं निश्चित रूप से आतंकवादी कृत्य की निंदा में शामिल हूं। थरूर ने कहा कि उसी समय हम समझ रहे थे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस भयावहता के समय इजरायल के लिए एकजुटता दिखाते हुए खड़े हैं। साथ ही, हमें यह भी लगा कि उनका (प्रधानमंत्री का) बयान अधूरा था... यह फिलिस्तीनियों के लिए एक कठिन स्थिति है, खासकर बस्तियों के निर्माण और नए निर्माण के बाद से कब्जे वाले क्षेत्रों में यहूदी निवासियों के लिए घर इन वर्षों में बेरोकटोक जारी रहे हैं। मैं यह केवल इसलिए कह रहा हूं क्योंकि हमारे और कांग्रेस पार्टी के लिए और पारंपरिक रूप से भारत के लिए, स्थिति बहुत स्पष्ट है। हम चाहते हैं कि इजरायली और फिलिस्तीनी दोनों सुरक्षित सीमाओं और परिस्थितियों के पीछे शांति और सम्मान से रहें, जहां किसी को भी किसी भी समय अपने जीवन के लिए डर न हो।

## संघर्ष रुके व शांति बहाल की जाए : कांग्रेस

हम चाहते हैं कि इस मामले में संघर्ष रुके और शांति बहाल की जाए। गौरतलब है कि शनिवार को हमास के आतंकवादियों ने इजरायल की सीमा पार करके वहां के निहत्थे नागरिकों, महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों को निशाना बनाया और इजरायली सीमा के भीतर हजारों राकेट दागे। इस हमले के बाद दोनों पक्षों के बीच संघर्ष में दोनों ओर से हजारों लोग मारे जा चुके हैं। लेबनान ने भी इजरायल पर राकेटों से हमला कर दिया है और इजरायली फौज इसका जवाब दे रही है।

## सार संक्षेप

### कश्मीर में नशीले पदार्थों के नेटवर्क का भंडाफोड़

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस और पंजाब पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपए और फर्जी वाहन नंबर प्लेटों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार करके अंतरराज्यीय नशीले पदार्थ नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। संयुक्त पुलिस टीम ने मुल्लांपुर, दाखा से एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया और उसके पास से 38 फर्जी वाहन नंबर प्लेटों के साथ 4.94 करोड़ रुपए जब्त किए। पंजाब पुलिस महानिदेशक ने 'एक्स' पर लिखा कि गिरफ्तार व्यक्ति हाल ही में जम्मू में हुई 3 किलो हेरोइन बरामदगी के मुख्य आरोपियों में से एक है। यह बरामदगी श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर पंजाब जाने वाले एक वाहन से की गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले से संबंधित जांच जारी है।

### महाराष्ट्र में पीएफआई पर एनआईए की कार्रवाई

**मुंबई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बुधवार सुबह अब्दुल वाहिद शेख के मुंबई उपनगर विक्रोली स्थित आवास और पूरे महाराष्ट्र में विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली। छापेमारी की कार्रवाई पीएफआई की संदिग्ध गतिविधियों से जुड़े होने के संदेह में इसके सदस्यों के आवासीय और कार्यालय परिसरों पर की गई। अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर ठाणे, पुणे व अन्य जगहों पर छापेमारी की है। मुंबई में अधिकारी वाहिद शेख के आवास पर तलाशी ले रहे हैं जिसे 7/11 विस्फोट मामले में बरी कर दिया गया था।

### भूपेंद्र पटेल से प्रशांत रुइया ने की मुलाकात

**गांधीनगर।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से बुधवार को मुंबई में एस्सार समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रशांत रुइया ने मुलाकात की। रुइया ने पटेल को मुलाकात में बताया कि एस्सार समूह 2`3 में वाइब्रेंट समिट की शुरुआत से ही सहभागी रहा है और आगामी वाइब्रेंट समिट-2`24 में वह ग्रीन हाइड्रोजन, ऊर्जा और पोर्ट सेक्टर में नए निवेश करने को तत्पर है। पटेल ने उन्हें वाइब्रेंट समिट-2`24 में शामिल होने का आमंत्रण भी दिया।

### आंध्र में बिजली गिरने के साथ आंधी के आसार

**अमरावती।** उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायल सीमा में अगले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने के साथ आंधी चलने की संभावना है। यहां दैनिक मौसम रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले सात दिनों के दौरान उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में एक या दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं।

# भाजपा विधायक मुनिरत्न ने की भूख हड़ताल खत्म

## उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के पैर छुए

**बेंगलुरु,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। भाजपा विधायक मुनिरत्न नायडू ने बुधवार को कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार और उनके भाई कांग्रेस सांसद डी.के.सुरेश के खिलाफ नफरत की राजनीति करने और अपने निर्वाचन क्षेत्र को आबंटित धन वापस लेने के खिलाफ शुरू की गई भूख हड़ताल खत्म कर दी। धरना खत्म करने के बाद मुनिरत्न एक कार्यक्रम में गए, जहां उपमुख्यमंत्री मौजूद थे। उन्होंने उनके पैर छुए। मुनिरत्न ने शिवकुमार को अपने निर्वाचन क्षेत्र राजा राजेश्वरी के लिए धन और विकास कार्यों की एक सूची की मांग करते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा। बाद में मुनिरत्न ने शिवकुमार से उनके आवास पर मुलाकात भी की और कई मुद्दों पर चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा ने उन्हें भूख आंदोलन खत्म करने और शिवकुमार से मिलने की सलाह दी थी। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि विधायक मुनिरत्न ने अगर उनसे मिलने का समय मांगा होता तो वह उन्हें पहले ही समय दे देते। मीडियाकर्मियों ने जब उनसे पूछा कि मुनिरत्न ने आपके पैर छुए तो आपको कैसा लगा, तो शिवकुमार ने चौंकते हुए कहा कि क्या उन्होंने सचमुच मेरे पैर छुए। मैं कोई धार्मिक संत तो नहीं हूं।



### शिवराज पर आपत्तिजनक टिप्पणी पर बोले कमलनाथ

# भाजपा को हर चीज के पीछे कांग्रेस ही क्यों दिखती है

**भोपाल,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू होने के साथ ही आरोप-प्रत्यारोप भी तेज होते जा रहे हैं। श्राद्ध पक्ष में टिकट मिलने पर मुख्यमंत्री शिवराज पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवाद शांत ही नहीं हो रहा है। भाजपा नेताओं के कांग्रेस पर आरोप लगाने के बाद अब कमलनाथ ने भी जवाब दिया। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ ने बुधवार को कहा कि ईश्वर शिवराज चौहान को दीर्घायु दे और कांग्रेस ने उनके संबंध में कोई पोस्ट नहीं की है। कमलनाथ ने एक्स पर चौहान को संबोधित करते हुए पोस्ट किया, ईश्वर आपको दीर्घायु दे।

मेरी समझ में यह नहीं आता कि आपको हर चीज के पीछे कांग्रेस पार्टी ही क्यों नजर आती है। कांग्रेस पार्टी की ओर से वैसा कोई भी ट्वीट नहीं किया गया है, जैसा कि आप जिक्र कर रहे हैं। अगर आपको वाकई लगता है कि आपके खिलाफ किसी ने ट्वीट किया है तो आप उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करिए।



**कांग्रेस ने नहीं किया है शिवराज के संबंध में कोई पोस्ट, ईश्वर उन्हें दीर्घायु करे : कमलनाथ**

बता दें भाजपा ने श्राद्ध पक्ष में अपनी चौथी सूची जारी की है। इसमें 57 प्रत्याशी के नाम हैं। इसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह समेत 25 मंत्रियों को टिकट दिया गया। इस सूची के आने के बाद एक हैंडलर से सोशल मीडिया पर लिखा गया कि मामा का श्राद्ध, इसमें शिवराज के फोटो के साथ नीचे लिखा कि श्राद्ध में भाजपा ने दिया शिवराज मामा को टिकट। इस आपत्तिजनक पोस्टर पर शिवराज के बेटे कार्तिकेय ने नाराजगी जताते हुए कांग्रेस का नाम लेकर लिखा कि ऐसी हरकत के बाद क्या आप लोग अपने बच्चों से आंख मिला पाएंगे। वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश कांग्रेस ने वन मंत्री विजय शाह के इस्तीफे की मांग उठाई है।

कांग्रेस की ओर से भोपाल में राष्ट्रीय वक्ता आलोक शर्मा ने मंत्री शाह और लघु वनोपज संघ के एमडी पर कई गंभीर आरोप लगाए। शर्मा ने कहा कि इन दोनों की मिली भगत से वन विभाग में 60 करोड़ का छाता घोटाला किया गया है। हमास के समर्थन से जुड़े सवाल पर राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि वैसे तो इजराइल और हमास के युद्ध का मप्र चुनाव से कोई लेना देना नहीं। लेकिन मैं एक बात साफ करना चाहता हूं कि सीडब्ल्यूसी की बैठक में जो रेजुलेशन पास किया गया है, उसमे ऐसी कोई बात नहीं की गई है, जिसका जिक्र किया जा रहा है। हमने सिर्फ अपील और सुखद सबंधो की बात कही है। कांग्रेस हमेशा आतंकवाद के खिलाफ रही है। हमने अपने दो दो पीएम खोए हैं।

जातिगत जनगणना का समर्थन करते हुए आलोक शर्मा ने कहा कि भाजपा जाति के नाम पर विद्वेष फैलाने का काम करती है। हम तो चाहते हैं कि जातिगत जनगणना होना चाहिए।

### आपके व्यक्तिगत दुश्मन आपकी पार्टी में हैं

कमलनाथ ने आगे लिखा कि बिना किसी तथ्य के कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाना राजनीति का निचला स्तर है। सहानुभूति हासिल करने के लिए झूठा दुष्प्रचार करना नैतिकता नहीं है। श्राद्ध पक्ष में आपको टिकट आपकी पार्टी ने दिया है, कांग्रेस पार्टी ने नहीं दिया है। आप बखूबी जानते हैं कि आपके व्यक्तिगत दुश्मन आपकी पार्टी में बैठे हैं और आपका अहित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। दूसरों पर झूठे आरोप लगाने से अच्छा है, अपनी पार्टी में अनुशासन स्थापित करें।

# बिहार में जातीय गणना के नाम पर हो रहा फर्जीवाड़ा : भाजपा



**पटना,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर आयोजित स्मृति समारोह में जदयू के पूर्व विधान पार्षद रणबीर नंदन ने 11 साल बाद अपने समर्थकों के साथ भाजपा में घर वापसी की। इस मौके पर डॉ.नंदन व दरभंगा से प्रत्याशी रहे शंकर झा सहित कई अन्य नेताओं ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, विधानमंडल दल के नेता विजय कुमार सिन्हा, विधान परिषद में प्रतिपक्ष के नेता हरि सहनी, सांसद राधामोहन सिंह व रविशंकर प्रसाद के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि जदयू में कोई स्वाभिमानी व्यक्ति अब नहीं रह सकता रणबीर नंदन ने वहां कैसे 11 साल काट लिए यह सोचनीय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जातीय गणना के नाम पर फर्जीवाड़ा हो रहा है।

सरकार बताए कि कितने

- **पूर्व विधान पार्षद रणबीर नंदन ने समर्थकों के साथ की भाजपा में घर वापसी**

### भ्रष्टाचार मुक्त समाज के पक्षधर थे जेपी : विजय सिन्हा

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर चलती है। जेपी ने जातिविहीन, भ्रष्टाचार मुक्त व कांग्रेस मुक्त भारत का सपना देखा था। आज उनके एक अनुयायी प्रदेश जातिगत गणना में उलझा रहे है दूसरे भ्रष्टाचार में लिप्त है कांग्रेस के साथ सरकार चला रहे हैं।

## ईडी के सामने पेश हुई अभिषेक की पत्नी रुजिरा

**कोलकाता,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं के संबंध में तृणमूल कांग्रेस के महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुजिरा बनर्जी बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय के जांच अधिकारियों के सामने पेश हुईं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।



ईडी के समन के अनुसार बनर्जी सुबह करीब 11 बजे साल्ट लेक के सीजीओ कॉम्प्लेक्स पहुंची। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी योग्य उम्मीदवारों को वंचित करके अयोग्य उम्मीदवारों को स्कूलों में नौकरियों के लिए कथित नकदी के लेन-देन की जांच कर रही है। यह पहली बार है कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे व डायमंड हार्बर लोकसभा सदस्य बनर्जी की पत्नी इस मामले में संघीय जांच एजेंसी के सामने पेश हुईं। मामले की निगरानी कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा की जा रही है। रुजिरा बनर्जी इससे पहले राज्य में कथित कोयला तस्करी मामले में जांच एजेंसी के सामने पेश हुई थीं।

# भाजपा से मुक्ति मिलेगी तो देश बहुत आगे बढ़ेगा : नीतीश

## लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**पटना,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के शीर्ष नेता नीतीश कुमार ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और कहा कि इनसे मुक्ति मिलेगी तो देश बहुत आगे बढ़ेगा।

कुमार ने बुधवार को यहां लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संवाददताओं से बातचीत में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के सभी क्षेत्रीय दलों का अस्तित्व समाप्त हो जाने संबंधित बयान पर कहा, हम शुरू से कह रहे हैं कि भाजपा वालों ने मीडिया पर कब्जा कर रखा है। वे लोग सरकार के पैसे का सही इस्तेमाल भी नहीं कर रहे हैं। वे लोग केवल अपना प्रचार-प्रसार करते हैं। हम उन लोगों का कोई बयान न देखते हैं और न ही पढ़ते हैं। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि उनलोगों के चाहने से कुछ नहीं होगा। आगामी चुनाव के लिए वह सब विपक्षी पार्टियों को एकजुट कर रहे हैं और जनता निर्णय लेगी। इनसे मुक्ति मिलेगी तो देश बहुत आगे बढ़ेगा।हम उन लोगों के ऊपर कुछ नहीं कहना चाहते हैं। हम बचपन से अखबार पढ़ते थे और न्यूज चैनल भी देखते थे लेकिन आज पूरे मीडिया पर उन लोगों का कब्जा हो गया है इसलिए कुछ नहीं देखते हैं, जब उन लोगों से मुक्ति मिल जाएगी तो फिर पहले की तरह सब कुछ देखेंगे।



**राजनीति** *करगिल की हार के बाद भाजपा ने तीनों संसदीय क्षेत्रों का मूल्यांकन किया शुरू*

# बूथ व निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर पार्टी को मजबूत करना होगा उद्देश्य

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। करगिल के हिल काउंसिल चुनावों में करारी हार के बाद प्रदेश भाजपा ने अगले साल मार्च-अप्रैल में होने वाले महत्वपूर्ण लोकसभा चुनावों से पहले केंद्र शासित प्रदेश के सभी तीन संसदीय क्षेत्रों का व्यापक मूल्यांकन शुरू कर दिया है।**

पार्टी के जम्मू-कश्मीर प्रमुख रविंदर रैना ने रणनीति, योजना तैयार करने और सार्वजनिक आउटरीच कार्यक्रमों को बेहतर बनाने के लिए तीनों संसदीय क्षेत्रों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। पार्टी सूत्रों के अनुसार, रैना ने पिछले कुछ दिनों में पार्टी की नब्ज नहीं जांची, बल्कि गंभीर निर्देश दिए, जिनमें कमियों को दूर करना, समाज के सभी वर्गों तक पहुंचना और शामिल हैं। बूथ और निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर पार्टी को मजबूत करना। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि रैना ने पार्टी कार्यकर्ताओं की एक के बाद एक बैठकों की अध्यक्षता की। जम्मू-कश्मीर भाजपा प्रमुख की कश्मीर यात्रा का प्राथमिक ध्यान अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट पर था। इस नेता का कहना था कि दक्षिण कश्मीर पर विशेष फोकस रहेगा जिसके लिए केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को प्रभारी बनाया गया है। भाजपा नेता के अनुसार रैना ने मूड भांपने और जमीनी हालात का प्रत्यक्ष जायजा लेने के लिए बनिहाल से बारामुल्ला तक ट्रेन में यात्रा भी की। भाजपा नेताओं के बकौल, उत्तरी कश्मीर संसदीय क्षेत्र के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने से पहले उन्होंने सीधे ग्राउंड जीरो से फीडबैक लेने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं सहित कई लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि दूसरे दौर में, भाजपा जम्मू-कश्मीर प्रमुख ने महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। जिसे उन्होंने राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लोकसभा क्षेत्र-अन्नतनाग-राजौरी तथा तीसरे दौर में, उन्होंने श्रीनगर-बडगाम-गांदरबल निर्वाचन क्षेत्र की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। पार्टी सूत्र कहते थे कि करगिल की शिकस्त के बाद घबराई भाजपा ने अनंतनाग निर्वाचन क्षेत्र के लिए, भाजपा जम्मू-कश्मीर प्रमुख रैना ने महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश पारित किए जिनमें रणनीति तैयार करना, योजना बनाना और सार्वजनिक पहुंच बनाना शामिल है। बैठक से जुड़े एक सूत्र ने कि अनंतनाग-राजौरी सीट के लिए, नागरिक समाज के सदस्यों, छात्रों, बुजुर्गों, युवाओं, टट्टूवालों, धार्मिक नेताओं और खानाबदोशों तक भी पहुंचने के निर्देश दिए गए थे। पार्टी सूत्रों के बकौल, चूंकि अनंतनाग-राजौरी निर्वाचन क्षेत्र बहुत बड़ा है और जम्मू क्षेत्र के पुंछ जिले तक फैला हुआ है, इसलिए भाजपा नेताओं, मध्य स्तर के नेताओं और कार्यकर्ताओं को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचने और भाजपा के पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए कहा गया था।



- **जनवरी व फरवरी के मध्य में मोदी को अनंतनाग में आमंत्रित किया जाएगा**

देशबन्धु

बिलासपुर, गुरूवार 12 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## अब अरुंधति रॉय के खिलाफ मामला

13 साल पुराने एक मामले को लेकर दिल्ली पुलिस प्रसिद्ध लेखिका अरुंधति रॉय के खिलाफ मुकदमा चलाने जा रही है। दिल्ली के उपराज्यपाल विवेक सक्सेना ने इसके लिये अनुमति देकर यह साफ कर दिया है कि ऐसे सारे तमाम बुद्धिजीवी, लेखक व पत्रकार सरकार से बच नहीं सकते अगर वे उसके आलोचक हैं। उनसे गर सवाल करते हैं। भारत की जेलों में अनेक ऐसे लोग पहले से ही या तो बन्द हैं या किसी न किसी जांच एजेंसी की पूछताछ का सामना कर रहे हैं। अब प्रतिष्ठित लेखिका का नंबर आया हुआ दिखता है। उपराज्यपाल कार्यालय ने मंगलवार को सूचित किया है कि 2010 के एक भड़काऊ भाषणों से संबंधित एक मामले में लेखक-एक्टिविस्ट अरुंधति रॉय तथा एक पूर्व कश्मीरी प्रो. शेख शौकत हुसैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी गई है।

रॉय तथा पूर्व प्रोफेसर के खिलाफ उक्त एफआईआर दिल्ली की मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश के बाद दर्ज हुई थी। यहां के तिलक मार्ग थाने में यह शिकायत कश्मीर के एक सामाजिक कार्यकर्ता सुशील पंडित ने 28 अक्टूबर, 2010 को दर्ज कराई थी। उनके अनुसार उसी साल 21 अक्टूबर को 'कमेटी फॉर रिलीज ऑफ पॉलिटिकल प्रिज़नर्स' के तत्वावधान में 'आज़ादी' नामक सम्मेलन में कुछ वक्ताओं ने भड़काऊ भाषण दिए थे। सम्मेलन में और भी ऐसे मुद्दों पर चर्चा की गई थी जिनका लक्ष्य कश्मीर को भारत से अलग करना था। यह भी आरोप था कि इन कथित भड़काऊ भाषणों से सार्वजनिक शांति और सुरक्षा खतरे में पड़ गई थी। उल्लेखनीय है कि मामले में दो और आरोपी कश्मीरी अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी और दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षक सैयद अब्दुल रहमान गिलानी भी थे जिनकी मामले की सुनवाई के दौरान मौत हो चुकी है। उपराज्यपाल कार्यालय के मुताबिक रॉय और हुसैन के खिलाफ प्रथम दृष्टया आईपीसी की धाराओं 153ए, 153बी और 505 के तहत अपराध का मामला बनता है।

अनेक प्रसिद्ध पुस्तकों की लेखिका एवं बुकर पुरस्कार से सम्मानित अरुंधति रॉय व अन्य वक्ताओँ के भाषणों के मेरिट पर तो कोर्ट गौर फरमायेगा लेकिन अगर यह मान भी लिया जाये कि उन्होंने ऐसा कहा है, तो भी सच यह है कि यह मामला एक तरह से लोग भूल चुके थे। सम्भवत: आरोपी वक्तागण भी भूल गये रहे होंगे। फिर, इन भाषणों के कारण अगर देश की शांति व सुरक्षा को किसी भी तरह से खतरा होना होता तो वह अब तक हो चुका होता और देश उसका खामियाजा भी भुगत चुका होता। इस बयान से न तो देश में कहीं शांति-व्यवस्था का मसला उठा और न ही इन बयानों से कश्मीर को भारत से अलग होने की कोई प्रेरणा मिली। उल्टे, अब तो भारत सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 को समाप्त किए हुए चार साल से भी अधिक का समय हो चुका है। सरकार का दावा है कि वहां अब पूरी तरह से शांति है तो फिर शांति व सुरक्षा का मामला उठता ही कहां है? दूसरे, अगर ये बयान इतने ही खतरनाक एवं देश की एकता व अखंडता के लिये खतरा थे, तो उसका परीक्षण करने में सवा दशक से भी ज्यादा समय क्यों लगा? इसका सीधा सा अर्थ यह है कि मामला इतना गम्भीर है नहीं, उसे वैसा गम्भीर बतलाने व बनाने की यह कोशिश है। क्या सरकार को यह जानने में इतना समय लगा कि बयान खतरनाक है या नहीं? जो आरोप लगाये गये हैं वे इतने गम्भीर हैं कि इतने दिनों में तो उसका फैसला हो जाना चाहिये था। अगर सजा सुना भी दी जाती तो अब तक आरोपी सजा काटकर जेल की सींखचों से बाहर भी आ चुके होते।

जाहिर है कि देश में पिछले कुछ समय से प्रतिरोध के स्वर को दबाने के जो प्रयास हो रहे हैं, उसी की एक श्रृंखला के रूप में इसे देखा जाना चाहिये। जिस प्रकार से जनसामान्य की बात कहने या सरकार का विरोध करने के कारण वरवरा राव, सुधा भारद्वाज, गौतम नवलखा, वर्नन गोंजाल्विस, अरूण फरेरा, प्रो. जीएन साईबाबा, सोनी सोरी, तीस्ता सीतलवाड आदि को जेलों में डाला जाता है, वैसे ही अब अरुंधति रॉय को डालने की तैयारी दिखती है। पत्रकार सिद्दीक कप्पन से लेकर हाल ही में 'न्यूज़क्लिक' के संस्थापक सम्पादक प्रवीर पुरकायस्थ की हुई गिरफ्तारी व उन्हें लम्बी हिरासत में भेजना उसी कहानी का प्रकारांतर से दोहराव है। जिनकी किस्मत अच्छी होती है उन्हें जमानत मिल जाती है, शेष या तो स्टेन स्वामी की तरह जेलों में एक स्ट्रा के लिये तरसते हुए मारे जाते हैं या फिर गौरी लंकेश की भांति अतिवादियों के हाथों मारे जाते हैं।

ये ही वे कारण हैं जिनके चलते आज भारत विभिन्न देशों में मानवाधिकारों के मामलों में काफी पिछड़ा हुआ है। यहां हो रहे मानवाधिकारों के हनन की गूंज पूरी दुनिया में जा रही है। भारत में जिस उदार विमर्श की परम्परा रही है, उसका पूरी तरह से लोप होता हुआ दिख रहा है। अरुंधति रॉय को पूरी दुनिया में बड़े सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। अपने प्रसिद्ध उपन्यास 'गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स' के लिये पुरस्कार स्वरूप मिली राशि जनांदोलनों को दान करने वाली सुश्री रॉय अपने लेखों से व्यवस्था की खामियों को लगातार उजागर करती हैं जो सत्ता की नाराजगी का कारण बनता है। गम्भीर साहित्य के साथ सामयिक विषयों पर उनके लेखों को भारत ही नहीं, विश्व भर में उत्सुकता से पढ़ा जाता है। कश्मीर का मसला लम्बे समय से चर्चा में रहा है। उस पर अगर कोई अपने विचार रखता है तो सरकार को अपना पक्ष रखना चाहिये। ढूंढ़-ढूंढ़कर मुकदमे चलाना हास्यास्पद ही है।

# चुनाव के बीच खेल

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

विधानसभा चुनाव सिर पर हैं और उसके बाद लोकसभा चुनाव के लिए जनता के बीच फिर से जाना है। देश के राजनैतिक माहौल में इस वक्त सारी चिंताओं से बढ़कर सबसे बड़ी चिंता चुनावों की ही नजर आ रही है। जो सत्ता में है वो उस पर किसी भी तरह से बने रहने की कोशिश में है, जो नहीं है, उसका सारा ध्यान इसी बात पर है कि किसी भी तरह सत्ता में लौटा जाए। भाजपा के लिए भी यही चिंता इस वक्त दिखाई दे रही है, लेकिन भाजपा नेता अमित मालवीय का एक ट्वीट आया है, जिसे देखकर समझ आता है कि भाजपा की चिंता सत्ता में बने रहना तो है ही, कांग्रेस और कांग्रेस के नेता उसके लिए सबसे बड़ी चिंता बने हुए हैं। तभी तो कांग्रेस की हर छोटी-बड़ी बात पर भाजपा चील जैसी पैनी निगाह रख रही है। अपने एक ट्वीट में अमित मालवीय ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की एक तस्वीर डालते हुए लिखा है-कितनी भी माथा-पच्ची कर लें, सरकार तो आनी नहीं है इसलिए कैंडी क्रश खेल रहे हैं। दरअसल प्रदेश चुनाव समिति की एक बैठक में किसी ने मुख्यमंत्री बघेल की यह तस्वीर खींची है। इस बैठक में चुनावों के लिए उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा होनी थी, और इसमें श्री बघेल के अलावा चुनाव प्रभारी कुमारी शैलजा और उपमुख्यमंत्री एम टी एस सिंह देव समेत कुछ नेता भी शामिल थे। इसी दौरान किसी ने भूपेश बघेल के पीछे से यह फोटो खींच ली और अब यह फोटो वायरल हो गई है। पीछे से खींची गई फोटो से साफ है कि फोटो लेने वाला जानता था कि वह किसकी फोटो ले रहा है और किस तरह ले रहा है, जबकि श्री बघेल इससे अनभिज्ञ रहे होंगे, यह अनुमान लगाना कठिन नहीं है। इस फोटो को यूं ही नहीं खींचा गया है, ये भी जाहिर सी बात है। क्योंकि ऐसे ही खींची गई तस्वीर वायरल नहीं करवाई जाती। बैठक कांग्रेस की थी और उम्मीदवारों के चयन को लेकर थी, तो इसका मतलब इसमें बहुत सी ऐसी बातें भी हुई होंगी, जो बाहर नहीं जाना चाहिए। लेकिन अगर फोटो बाहर आ सकती है, तो क्या बैठक के दौरान की गई बातें बाहर नहीं गई होंगी, ये भी विचारणीय है। बहरहाल, ये सोचना कांग्रेस का काम है कि आखिर उसकी बंद कमरे की बैठक में क्या घर के भेदी भी शामिल हुए थे, या कोई है, जो दोनों ओर का खेल खेल रहा है। चुनावों में ऐसे खेलों से ही अक्सर बाजी पलट जाया करती है।

वैसे यह जानना भी रोचक है कि भाजपा की दिलचस्पी आखिर किस किस्म के खेल में है। क्योंकि जिस तरह से अमित मालवीय ने भूपेश बघेल पर तंज कसा कि सरकार तो आनी नहीं है, इसलिए कैंडी क्रश खेल रहे हैं। उससे यह संदेश निकल रहा है कि भाजपा अपनी जीत को लेकर आश्वस्त है। हालांकि भूपेश बघेल ने भी जवाब दे दिया है कि पहले भाजपा को ऐतराज था कि मैं गेड़ी क्यों चढ़ता हूं, भौंरा क्यों चलाता हूं, गिल्ली-डंडा क्यों खेलता हूं, प्रदेश में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक क्यों हो रहे हैं? कल एक बैठक से पहले फ़ोटो मिल गई जिसमें मैं कैंडी क्रश खेल रहा हूं। अब भाजपा को उस पर ऐतराज़ है। दरअसल उनको मेरे होने पर ही ऐतराज है। पर यह तो छत्तीसगढ़ के लोग हैं जो तय करते हैं कि कौन रहेगा कौन नहीं रहेगा। मैं गेड़ी भी चढ़ूंगा। गिल्ली-डंडा भी खेलूंगा। कैंडी क्रश भी मेरा फेवरेट है। ठीक-ठाक लेवल पार कर लिया हूं, वो भी जारी रहेगा। बाकी छत्तीसगढ़ को पता है कि

**श्री मालवीय जिस तरह कांग्रेस नेताओं पर पैनी निगाह बनाए हुए हैं, वह भी अपने आप में एक मिसाल ही है। कभी राहुल गांधी की टी-शर्ट के नीचे कौन सा अंत:वस्त्र पहना है, इसकी पड़ताल की जाती है, कभी कांग्रेस के मुख्यमंत्री अपने मोबाइल पर कौन सा खेल खेलते हैं, इस पर चर्चा होती है। भाजपा को आश्चर्य भी हो रहा होगा कि आखिर कांग्रेस नेता ऐसा खेल क्यों खेल रहे हैं, जिसमें कोई पेचीदे नियम नहीं हैं।**

किसे आशीर्वाद देना है।

मुख्यमंत्री बघेल ने बिल्कुल माकूल जवाब दे दिया है। वाकई वो कैंडी क्रश के अच्छे खिलाड़ी हैं, उनके ही ट्वीट से पता चला है कि वो 4400वें स्टेज पर पहुंच गए हैं। पाठक जानते ही हैं कि कैंडी क्रश खेल में एक ही रंग की दो कैंडी का मिलान करते हुए आगे बढ़ते हैं। कुछ लोगों के लिए ये टाइमपास है, कुछ के लिए अपनी निगाहों के पैनेपन को जांचने का तरीका और कुछ के लिए मनोरंजन। चुनाव की थकान और तनाव के बीच अगर भूपेश बघेल कैंडी क्रश खेल रहे हैं, तो उस पर किसी को क्या आपत्ति हो सकती है। वैसे बात निकली है, तो यह प्रसंग याद आ गया कि इसी साल जून में क्रिकेट सितारे एम एस धोनी का फ्लाइट में कैंडी क्रश खेलते हुए एक वीडियो वायरल हुआ, इसके बाद तीन घंटे में कुछ 30 लाख लोगों ने इस गेम को अपने फोन पर डाउनलोड किया। कैंडी क्रश ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर इसके लिए धोनी को धन्यवाद भी दिया कि आपकी वजह से हम ट्रेंड कर रहे हैं। अब शायद कैंडी क्रश एक धन्यवाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को भी दे कि उनकी वजह से वह फिर चर्चा में आ गया या इस बार का धन्यवाद अमित मालवीय के लिए रहेगा।

श्री मालवीय जिस तरह कांग्रेस नेताओं पर पैनी निगाह बनाए हुए हैं, वह भी अपने आप में एक मिसाल ही है। कभी राहुल गांधी की टी-शर्ट के नीचे कौन सा अंत:वस्त्र पहना है, इसकी पड़ताल की जाती है, कभी कांग्रेस के मुख्यमंत्री अपने मोबाइल पर कौन सा खेल खेलते हैं, इस पर चर्चा होती है। भाजपा को आश्चर्य भी हो रहा होगा कि आखिर कांग्रेस नेता ऐसा खेल क्यों खेल रहे हैं, जिसमें कोई पेचीदे नियम नहीं हैं, सीधा-सादा जोड़ी मिलाने का खेल है। भई, खेल खेलना है तो फिर ट्रोल आर्मी का खेल देखें या फेक न्यूज फैक्ट्री का, जो हर दिन नए-नए झूठ जनता के बीच परोसने का खेल खेलती है। जैसे अभी इजरायल के फिलीस्तीन पर किए हमले में भारत के राष्ट्रवादियों ने लाइन से इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की 9-10 साल पुरानी तस्वीर डाल दी और लिखा कि सच्चे देशभक्त, बहादुर नेता, जो हमास से लड़ने के लिए अपने बेटे को मोर्चे पर भेज रहे हैं। हकीकत ये है कि ये तस्वीर तब की है, जब नेतन्याहू का बेटा सेना का आवश्यक प्रशिक्षण लेकर लौटा था। राष्ट्रवादियों में से एक ने सोनिया गांधी से मांग कर दी कि वे राहुल गांधी को चीन से लड़ने के लिए भेज कर बताएं। इस बहादुर इंसान ने श्री मोदी या उनकी कैबिनेट के मंत्रियों और उनके होनहार बच्चों का नाम नहीं लिखा। शहादत के नाम पर गांधी परिवार ही उसे याद आया। हमारे पत्रकार बंधु भी पिछले कई सालों से पत्रकारिता का गजब खेल खेल रहे हैं। मणिपुर जाकर जो जमीनी हकीकत का पता नहीं लगा सके, वो इजरायल की रिपोर्टिंग में दिन-रात एक कर रहे हैं। उन्हें इस खेल की प्रेरणा प्रधानमंत्री से ही मिली होगी। जिन्होंने मणिपुर पर दो लाइन कहने के लिए तीन महीने का लंबा वक्त लिया, लेकिन इजरायल पर हमले की खबर सुनते ही सदमे वाला ट्वीट कर दिया। ऐसी संवेदनशीलता लाने के लिए कौन सी राजनीति का खेल खेला जा रहा है, ये समझना कठिन नहीं है। प्रधानमंत्री ने अभी फिर कहा है कि भारत इजरायल के साथ है। वे चाहते तो कह सकते थे कि भारत फिलीस्तीन के साथ है, भारत मानवता के साथ है। लेकिन फिर उन्हें अपने ऊपर भी तो जवाब देना है। इस खेल का सबसे बड़ा खिलाड़ी अमेरिका तो अभी जंग की इस पारी को और लंबा खींचना चाहता होगा, ताकि हथियारों की बिक्री बढ़े और उसका मुनाफा भी। अमेरिका तो अपने खेल को छिपाता भी नहीं। यूक्रेन अपनी आजादी के लिए लड़े तो उसके साथ और फिलीस्तीन अपनी मुक्ति की बात करे तो वो आतंकी, ये दोहरे मापदंड बड़ी आसानी से उसने अपनाया है और उसके पिछलग्गू भी वही कर रहे हैं। अमेरिका की युद्ध वाली रिले रेस का हिस्सा हम न ही बनें तो अच्छा है, लेकिन इसके लिए सख्ती तो दिखानी होगी। वैसे इजरायल अभी भारत का साथ पाकर खुश हो जाए, लेकिन उसे भी ये खेल शायद पूरी तरह समझा नहीं है। जो लोग अभी इजरायल के साथ खड़े होने का दावा कर रहे हैं, ये वही जमात है, जिसे हिटलर के शुद्ध रक्त और नस्ल वाले विचार आकर्षक लगते हैं।

दुनिया में जंग का खेल चल रहा है, जिसमें मुनाफा कमाया जा रहा है और हमेशा की तरह औरतों, बच्चों और तमाम मासूमों के साथ पैशाचिक व्यवहार किया जा रहा है। छोटी या बड़ी जंग, हर जगह सबसे पहला निशाना औरतें ही बनती हैं। मणिपुर से लेकर इजरायल और फिलीस्तीन तक यही नजर आया है। ऐसे खूनी और विनाशकारी खेल पर पैनी निगाह होनी चाहिए, ताकि जहां इसकी शुरुआत दिखे, वहीं उसे रोक दें। कैंडी क्रश खेलने में तो किसी का नुकसान नहीं है। लेकिन भाजपा अभी कैंडी क्रश खेलने वालों की निगरानी कर रही है। उसका पसंदीदा खेल शायद यही है।

# हमास-इजरायल युद्ध पर पीएम मोदी की एकतरफा प्रतिक्रिया अशुभ संकेत

■ नित्य चक्रवर्ती

यह अब फ़िलिस्तीनी उग्रवादियों और इज़रायल के बीच एक पूर्ण युद्ध है। पिछले पांच दिनों में करीब दो हजार लोगों की मौत हो चुकी है। सभी संकेत इस बात की ओर इशारा करते हैं कि एक तरफ हमास के मित्रवत अन्य उग्रवादी शामिल हैं और दूसरी तरफ अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों द्वारा घोर दक्षिणपंथी नेतन्याहू शासन को बड़ी सहायता दी जा रही है। ऐसा लगता है कि हमास और इज़राइल दोनों ही अंत तक लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पिछले दो वर्षों में, 24 फरवरी, 2022 को रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले के बाद यह दूसरा बड़ा युद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने 7अक्टूबर को एक ट्वीट में इजरायल पर हमास के हमलों की खबर पर गहरा आघात व्यक्त किया। प्रधानमंत्री निश्चित रूप से अचानक हमास के हमले और निर्दोष नागरिकों की मौत पर अपना दुख व्यक्त कर सकते हैं, लेकिन युद्ध की समाप्ति की आवश्यकता के बारे में कुछ भी उल्लेख किये बिना और फिलिस्तीन मुद्दे का बिल्कुल भी उल्लेख किये बिना भारत के इजरायल के साथ एकजुटता से खड़े होने की बात करना एक अशुभ संकेत देता है। इजरायल-फ़िलिस्तीन विवाद में भारत की स्थिति में गहरा बदलाव आया है।

**स्थिति को अभी भी बचाया जा सकता है यदि प्रधानमंत्री या विदेश मंत्री वर्तमान पश्चिम एशियाई युद्ध पर एक विस्तृत बयान जारी करते हैं, जो कुछ गलतफहमियों को दूर करें जो निश्चित रूप से वैश्विक दक्षिण सदस्यों के बीच पैदा हुई हैं। प्रधानमंत्री इस साल नवंबर में वर्चुअल जी-20 बैठक को संबोधित करेंगे - जी-20 प्रमुख के रूप में उनका यह आखिरी कार्यभार होगा।**

अरब देशों के अलावा, अफ्रीकी संघ के सदस्य, जिन्हें भारतीय प्रधानमंत्री ने सितंबर शिखर सम्मेलन में जी-20 की नई सदस्यता दी, वे प्रधानमंत्री के इजरायल समर्थक रुख से सहज नहीं होंगे।

स्थिति को अभी भी बचाया जा सकता है यदि प्रधानमंत्री या विदेश मंत्री वर्तमान पश्चिम एशियाई युद्ध पर एक विस्तृत बयान जारी करते हैं, जो कुछ गलतफहमियों को दूर करें जो निश्चित रूप से वैश्विक दक्षिण सदस्यों के बीच पैदा हुई हैं। प्रधानमंत्री इस साल नवंबर में वर्चुअल जी-20 बैठक को संबोधित करेंगे - जी-20 प्रमुख के रूप में उनका यह आखिरी कार्यभार होगा। अगर मौजूदा युद्ध जारी रहा तो भारतीय प्रधानमंत्री को इस वर्चुअल शिखर सम्मेलन में ग्लोबल साउथ सदस्यों के कई शर्मनाक सवालों का सामना करना पड़ेगा। भारतीय प्रधानमंत्री ने यूक्रेन युद्ध मामले में अपनी कूटनीतिक सफलता से जो विश्वसनीयता अर्जित की थी, वह हमास-इजरायल युद्ध पर इस रुख से चकनाचूर हो गई है। भारत की स्थिति संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व वाले जी-7 देशों के समान है, न कि ग्लोबल साउथ के साथ-साथ रूस और चीन के समान।

कांग्रेस पार्टी ने अपने बयान में हमास के हमले और निर्दोष इज़रायली नागरिकों की मौत पर दुख व्यक्त करने के साथ ही फ़िलिस्तीन प्रश्न के स्थायी समाधान की आवश्यकता को भी रेखांकित किया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिवालय ने अपने बयान में अंतरराष्ट्रीय समुदाय, संयुक्त राष्ट्र और भारत सरकार से 1967 से पहले की सीमाओं और पूर्वी यरुशलम को फिलिस्तीन की राजधानी बनाने वाले दो राज्यों के समाधान का समर्थन करके स्थायी शांति की स्थापना के लिए प्रयास करने का आह्वान किया।

पश्चिमी देश और अंतरराष्ट्रीय मीडिया हमास को आतंकवादियों और राक्षसों के रूप में चित्रित करते रहे हैं। हमास गाजा पट्टी में मुख्य फिलिस्तीनी आतंकवादी बल है और वे पिछले कुछ वर्षों से, खासकर पिछले चुनाव के बाद से, इजरायली स्नाइपर हमलों से लड़ रहे हैं। बेंजामिन नेतान्याहू इजरायली प्रधानमंत्री के रूप में अपनी वापसी कर रहे हैं।

नेतान्याहू इजरायल के इतिहास की सबसे दक्षिणपंथी सरकार के प्रमुख हैं। यहां तक कि इज़रायल में कुछ विपक्षी दलों द्वारा भी इसे फासीवादी करार दिया गया है, जिसमें कम्युनिस्ट पार्टी भी शामिल है। इसके स्वयं के कुछ मंत्री सहमत हैं, जैसे इसके वित्त मंत्री बेजेलेलस्मोट्रिच खुद को 'फासीवादी होमोफोब' के रूप में वर्णित करते हैं। इजरायली पीएम के 2018 के कुख्यात नेशन स्टेट कानून ने अपने नागरिकों के पांचवें हिस्से की अधीनस्थ स्थिति को औपचारिक रूप दिया, जिसे 'इजरायली अरब' कहा जाता है। इस शब्द का प्रयोग इसलिए किया जाता है क्योंकि इज़रायल फिलिस्तीन को एक राष्ट्र और फिलिस्तीनियों को संप्रभु लोगों के रूप में मान्यता देने से इनकार करता है।

इसने, अवैध रूप से कब्जे वाली या घिरी हुई भूमि पर फिलिस्तीनियों के प्रणालीगत उत्पीड़न के साथ, दुनिया के सबसे प्रमुख उदारवादी मानवाधिकार संगठनों, एमनेस्टी इंटरनेशनल और ह्यूमन राइट्स वॉच को इस बात पर सहमत होने के लिए प्रेरित किया है कि इज़रायल एक रंगभेदी राज्य है। एमनेस्टी ने आकलन किया कि नियमित रूप से 'फिलिस्तीनी भूमि और संपत्ति की बड़े पैमाने पर जब्ती, गैरकानूनी हत्याएं, जबरन स्थानांतरण, कठोर आंदोलन प्रतिबंध, और फिलिस्तीनियों को राष्ट्रीयता और नागरिकता से वंचित करना' दमन की एक व्यापक प्रणाली के बराबर है 'जो अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत रंगभेद के बराबर है'। फिर भी इज़रायल ने न केवल वर्षों से ऐसी प्रणाली संचालित की है, बल्कि यह बदतर होती जा रही है। शनिवार को हमास द्वारा हमला शुरू करने से पहले सैकड़ों फिलिस्तीनी मारे गये थे। संयुक्त राष्ट्र ने पहले ही इसे 2006 के बाद से फिलिस्तीनियों के लिए सबसे घातक वर्ष माना है। जैसे ही इजरायल-हमास युद्ध चौथे दिन में प्रवेश कर गया, नेतन्याहू के नेतृत्व वाला इजरायल गाजा पट्टी पर भारी बमबारी कर रहा है, जहां से बचने का कोई रास्ता नहीं है, जमीन और समुद्र अवरुद्ध है।

अस्पताल, स्कूल, ऊंची इमारतें, विरासती मस्जिदें और यहां तक कि दुनिया का तीसरा सबसे पुराना चर्च भी धूल में मिला दिया गया है, और अपने साथ असंख्य कीमती जिंदगियां भी ले गया है। इजरायल के अंधे प्रतिशोध से गाजा के बच्चे और पत्रकार मारे जा रहे हैं। नागरिक आबादी पर इन नरसंहार हमलों में पूरे परिवारों का सफाया हो रहा है, जबकि संभवत: इस प्रक्रिया में हमास की हिरासत में इजरायली बंधकों और युद्धबंदियों की भी मौत हो रही है। गाजा, 20 लाख से अधिक फ़िलिस्तीनियों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी खुली जेल, एक बैठी हुई असुरक्षित बत्तख के समान है। इसके आलोक में, प्रधानमंत्री मोदी का स्पष्ट रूप से इज़रायल का पक्ष लेना निश्चित रूप से इतिहास में निर्णय में एक बड़ी त्रुटि के रूप में दर्ज किया जायेगा। भारत खुद को 'ग्लोबल साउथ की आवाज' के रूप में कैसे पेश कर सकता है, अगर वह इस लंबे संघर्ष यानी इजरायल-फिलिस्तीन मुद्दे के बारे में ग्लोबल साउथ की सोच से इतना दुखद रूप से भिन्न है?

**पावन प्रसंग**

## सद्गुण का पुरस्कार है- सम्मान

यश और सम्मान प्राप्त करने की अभिलाषा प्रत्येक मनुष्य को होती है किंतु जिन कार्यों से सम्मान मिलना संभव होता है, उन्हें करने के लिए बहुत कम लोग राजी होते हैं। झूठे सम्मान के लोभी व्यक्तियों को बहुत प्रयास करने पर भी असफलता ही हाथ लगती है। जिस योग्यता पर यश मिलता और सम्मान बढ़ता है, उसे बढ़ाया न जाए तो यह महत्वाकांक्षा अधूरी ही बनी रहेगी। उचित योग्यता के अभाव में भला किसी को सम्मान मिला भी है? मनुष्य की बड़ी इच्छा होती है कि वह प्रधानमंत्री बन जाए। सेनापति या कोई वरिष्ठ पद पाने की कामना तो बहुत लोग करते हैं, पर राज्य संचालन,सैन्य व्यवस्था की उचित योग्यता न हुई तो यह अधिकार कैसे मिल सकेंगे? संयोगवश यदि मिल भी जाए तो बंदर के हाथ में तलवार के समान आफतों को बुलावा देना ही होगा। इस तरह मिला सम्मान दुख, क्लेश और अशांति ही दे सकता है, उससे मनुष्य की आकांक्षा किसी भी तरह पूरी नहीं होती। आप यदि यह चाहते हैं कि आप सम्मानित व्यक्ति ठहराए जाएं, आपकी प्रशंसा हो, सभी आपको आदर दें, तो आदरणीय पुरुषों की विशेषताओं का आपको अध्ययन करना होगा। जिन गुणों के आधार पर लोग आदर के पात्र गिने जाते हैं, उनका अनुसरण करेंगे तो आपका गौरव जाग्रत होगा। परन्तु आप बाहरी टीम-टाम के भ्रम में डालकर लोगों का सम्मान प्राप्त करने की कामना की तो महंगा मोल चुकाकर आपके हाथ कुछ न आएगा।

गुणों का विकास करने में प्रयत्नशील हों तो संदेह नहीं आप सम्मान प्राप्त करेंगे। लोग गुणों की पूजा करते हैं, व्यक्ति की नहीं। सच्चाई को सिर झुकाते हैं, बनावटीपन को नहीं। टेसू का फूल देखने में बड़ा आकर्षक होता है, किंतु लोग गुलाब की सुवास को अधिक पसंद करते हैं। आप में सद्गुणों का विकास हो तो आप अवश्य ही प्रशंसा के पात्र हैं। गुणों की मात्रा उतनी बढ़ती है, जितनी मनुष्य की योग्यता विकसित होती है, उसी अनुपात में लोग उधर आकर्षित होते हैं। अच्छा काम करने वालों की सर्वत्र प्रशंसा होती है। विद्वान सिसरो का कथन है-' सम्मान सद्गुण का पुरस्कार है।' यह बात अक्षरश: सत्य है कि सच्चा सम्मान गुणवान को ही प्राप्त होता है।

आपके किसी एक गुण का विकास सामान्य श्रेणी के व्यक्तियों से जितना अधिक होगा, उतना ही आपको अधिक यश मिलेगा। कर्ण के युग में दान देने की परंपरा सामान्य थी, किंतु यह प्रवृत्ति कर्ण में विलक्षणता लिए हुए थी। दान की परंपरा में वह श्रेष्ठतम प्रमाण बने इसलिए उसे 'दानवीर' कहलाने का सौभाग्य मिल सका। माता-पिता के प्रति आदर और सम्मान की भावनाएं अधिकांश लोगों में होती है। लोग अपनी श्रद्धा के अनुसार उनकी सेवा करते हैं, किंतु श्रवण कुमार की पितृभक्ति पराकाष्ठा का स्पर्श करने लगी थी, इसलिए उसे सर्वोच्च ख्याति मिली। सद्गुणों के प्रति निष्ठावान होने से ही सर्वोपरि सम्मान मिलता है।

यों मानवता के प्रति उत्सर्ग की भावना कुछ न कुछ सभी में होती है। अपनी-अपनी सामर्थ्य और योग्यता के अनुसार लोग इस आध्यात्मिक सद्गुण को अपनाते भी हैं, किंतु देवत्व की स्थापना में अपने आप को जीवित होम कर देने के कारण जो बड़प्पन गौरव और उच्च पद महर्षि दधीचि को मिल गया, वह अन्य किसी को नहीं। यश की साधना में किसी एक सद्गुण पर पूर्ण रूप से निष्ठावान होना पड़ता है। आजीवन ब्रह्मचारी भीष्म-पितामग, परमभक्त हनुमान, महासती अनसूया, तपस्वी दुर्वासा,सत्यवादी हरिश्चन्द्र अपने विशिष्ट गुणों के कारण ही उच्चतम सम्मान पाने के अधिकारी बन सके थे। गुणों की विशिष्टता के कारण ही पूज्य पद होते आए हैं। यह सनातन नियम आगे भी इसी तरह चलता रहेगा। सामान्य स्तर के व्यक्ति के लिए भी जीवन में सम्मान प्राप्त करने का एक सीधा सच्चा उपाय है और वह है-सबके प्रति आदर एवं शुभ अभिलाषा का भाव। किसी के प्रति बैरभाव, ईर्ष्या, द्वेष, और प्रतिशोध की भावना न रखना, सबके साथ मिलकर प्रेम,न्याय. दया,करुमा और सहृदयता से रहकर यह स्थिति सहज ही में प्राप्त हो जाती है।

**युग निर्माण योजना**

**आपके पत्र**

## शादी-ब्याह:बढ़ता दिखावा-घटता अपनापन

हम बात करेंगे शादी समारोहो में होने वाली भारी-भरकम व्यवस्थाओं और उसमें खर्च होने वाले अथाह धन राशि के दुरुपयोग की। सामाजिक भवन अब उपयोग में नहीं लाए जाते हैं, शादी समारोह हेतु यह सब बेकार हो चुके हैं कुछ समय पहले तक शहर के अंदर मैरिज हॉल में शादियां होने की परंपरा चली परंतु वह दौर भी अब समाप्ति की ओर है! अब शहर से दूर महंगे रिसोर्ट में शादियां होने लगी है। शादियों के आयोजन के लिए बड़े नामी-गिरामी सैवन स्टार होटल बुक करने की भी परिपाटी बनती जा रही है। इन होटलों में लाखों रुपए खर्च कर शादी का सैट खड़ा किया जाने लगा है। शादी के 2 दिन पूर्व से ही ये रिसोर्ट बुक करा लिए जाते हैं और शादी वाला परिवार वहां शिफ्ट हो जाता है। आगंतुक और मेहमान सीधे वहीं आते हैं और वहीं से विदा हो जाते हैं। इतनी दूर होने वाले समारोह में जिनके पास अपने चार पहिया वाहन होते हैं वहीं पहुंच पाते हैं और सच मानिए समारोह के मेजबान की दिली इच्छा भी यही होती है कि सिर्फ कार वाले मेहमान ही रिसेप्शन हॉल में आये। और वह निमंत्रण भी उसी श्रेणी के अनुसार देता है दो तीन तरह की श्रेणियां आजकल रखी जाने लगी है।

ऐसी शादियों को देखकर मध्यम व निम्न वर्ग भी शादियों में पैसे को पानी की तरह बहाने से जरा भी नहीं हिचकिचा रहे। यहां तक कि लोग शादी में अपना स्तर, रुतबा और झूठी शानो-शौकत का प्रदर्शन करने के लिए कर्ज लेकर भी महंगी शादियां आयोजित कर रहे हैं। एक मजेदार चीज और है जो शादी ड्रीम वैडिंग कही जाती थी, उसे टूटने में दो पल नहीं लगते। कल तक जहां तलाक इक्का-दुक्का सुनाई देते थे, वे आज सैंकड़ों गुना बढ़ गए हैं। किसको सिर्फ लेडीज संगीत में बुलाना है !किसको सिर्फ रिसेप्शन में बुलाना है। किसको कॉकटेल पार्टी में बुलाना है। और किस वीआईपी परिवार को इन सभी कार्यक्रमों में बुलाना है। इस आमंत्रण में अपनापन की भावना खत्म हो चुकी है। सिर्फ मतलब के व्यक्तियों को या परिवारों को आमंत्रित किया जाता है। भौतिकता की पराकाष्ठा के समय में जिसमें प्रत्येक कार्य व रिश्तों को धन की बुनियाद पर खड़ा किया जाने लगा है और वो सम्पूर्ण मानव जाति के लिये घातक कदम साबित हो रहा हैं सम्प्रति विवाहों में धन का प्रदर्शन किन—किन तरीकों से होने लगा है सब कल्पनातीत है, आज इंसान को अपने धन की बाहुलता को सिद्ध करने का अवसर विवाह ही नजर आता है और वो ऐसा मान बैठा की विवाह से अच्छा कोई अवसर नहीं है जहाँ धनखर्च किया जाए? जबकि विवाह एक संस्कार है जिसमें मानवीय व सामाजिक मूल्यों की मर्यादा का पालन करते हुए सम्पन्न करना अपेक्षित होता है। इसलिए विवाह को सोलह संस्कारों में स्थान मिला है। इस संस्कार में रिश्तेदारों का मिलना जुलना शुभ माना जाता है मगर आजकल की शादियों में प्रत्येक परिवार अलग-अलग कमरे में ठहरते हैं जिसके कारण दूरदराज से आए बरसों बाद रिश्तेदारों से मिलने की उत्सुकता कहीं खत्म सी हो गई है। कहने को तो रिश्तेदार की शादी में आए हुए होते हैं परंतु अहंकार उनको यहां भी नहीं छोड़ता। वे अपना अधिकांश समय करीबियों से मिलने के बजाय अपने अपने कमरो में ही गुजार देते हैं। आज सब कुछ विपरीत हो रहा है न तो परवाह है रीति रिवाजों की न सामाजिक मूल्यों की बस यदि है तो मीनू के कितने प्रकार के व्यंजन है, पेय पदार्थ कितने हैं, बाहरी साज सज्जा कैसी है यदि इसमें कोई कमी रह जाती है तो सगे सम्बन्धी, मित्रगण अपनी प्रतिकूल टिप्पणी करने में देरी नहीं करते जबकि विवाह सामाजिक समरसता को उर्वर बनाने का माध्यम है।

**सत्यवान सौरभ**

CMYK

# देशबन्धु संस्कारधानी

5 बिलासपुर

गुरुवार 12 अक्टूबर 2023

**उल्टा पुल्टा**

प्रेमी-प्रेमिका ने जब एक दूसरे को विवाह का वचन दे दिया।

**प्रेमिका** - परन्तु प्रिय, एक बात मैं पहले ही साफ कर दूं- मुझे खाना पकाना नहीं आता।

**प्रेमी**- कोई बात नहीं प्रिय, मैं भी पहले ही साफ किये देता हूं, मैं कवि हूं, मेरे घर में पकाने के लिए कुछ है ही नहीं।

## संपादकीय

### करेंट से होते हादसे

*बिजली की तारों का बेतरतीब या गलत इस्तेमाल अक्सर हादसों को आमंत्रित करता है। कहीं झूलते वायरों की चपेट में कोई आ जाता है तो कई बार खेतों की रक्षा करने के लिये लगाई गयी बिजली की तारों में दौड़ते करेंट से लोग या जानवर मारे जाते हैं। शहरों में लटकते तारों से किसी को झटका लगता है तो गांवों में हाईटेंशन वायर गिरने से मौतें होती हैं। जानवरों से अपनी फसलों से बचाने के लिये किसानों द्वारा बाड़ या फेंसिंग में बिजली का करेंट छोड़ा जाता है। इसका उद्देश्य जंगली जानवरों से अपनी फसलों को बचाना होता है पर इससे कई बार ऐसे प्राणी मारे जाते हैं जिन्हें मारना अवैध शिकार करने सम्बन्धी अपराध की श्रेणी में आता है। कई बार तो यह भी होता है कि उससे किसी इंसान की ही जान चली जाती है। ग्रामीण इलाकों में ऐसी दुर्घटनाएं बहुत होती हैं। इसलिये आवश्यक है कि बिजली की झूलती तारों से सावधानी रखी जाये साथ ही खेतों या बाड़ियों के चारों ओर की फेंसिंग पर करेंट फैलाने के अंजाम से भी वाकिफ़ होने की जरूरत है।*

*कांकेर के पखांजूर के गोंडाहुर क्षेत्र में हाईटेंशन वायर टूटकर गिरने से एक किसान की मौत हो गयी। यह व्यक्ति अपने खेत में काम के लिये गया था। सम्भवतः इस वायर में रिवर्स करेंट आ रहा था क्योंकि इसी तार से गांव को जाने वाली बिजली बंद थी। सुबह जब वह काम पर आया तो उसने देखा कि वायर उसके खेत की फेंसिंग को छूता हुआ पड़ा है। अपने खेत में जाने से वह उसकी चपेट में आ गया। बिजली विभाग ने अलबत्ता उसके परिजनों को मुआवजा देने की बात कही है लेकिन एक इंसान की जान अकारण चली जाये, यह दुखद है। सूरजपुर के रेवटी चौकी इलाके धूमाडांड में एक व्यक्ति की तालाब में फैले करेंट से मौत हो गयी। जितेंद्र कुमार नामक इस व्यक्ति ने मछली मारने के उद्देश्य से बिजली की वायर खम्भे से जोड़ दी थी। एक जगह वायर कटी थी। जब जितेंद्र तालाब के पास मरी हुई मछलियां लाने के उद्देश्य से गया तो वह खुद उसकी चपेट में आ गया क्योंकि वायर में विद्युत प्रवाह जारी था।*

*जंगली जानवरों के शिकार के लिये जशपुरनगर के सन्ना वन परिक्षेत्र के महनई ग्राम के लोगों ने लगभग दो किलोमीटर क्षेत्र में वायर के जरिये बिजली का करेंट फैला रखा था। इसकी चपेट में आकर एक जंगली सुअर की मौत हो गयी। इसके बाद वे शिकार को लेकर गांव चले गये। उसका मांस खाने के उद्देश्य से ग्रामवासियों ने उसे काटा लेकिन तब तक वन विभाग के लोगों को इसका पता चल गया। कर्मचारियों ने सुअर के अवशेष जब्त किये। 31 ग्रामीणों पर अवैध शिकार का मामला दर्ज किया गया।*

# कलेक्टर-एसपी ने आबकारी गोदाम व शराब निर्माण ईकाई का किया निरीक्षण

## टोल प्लाजा में एसएसटी दल का लिया जायजा

**बिलासपुर**, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर संजीव झा एवं एसपी संतोष सिंह ने आज सिरगिट्टी स्थित आबकारी गोदाम एवं निजी क्षेत्र की शराब निर्माण ईकाई का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। नगर निगम आयुक्त कुणाल दुदावत भी साथ थे। छत्तीसगढ़ राज्य ब्रेवरेज कार्पोरेशन के इस गोदाम के जरिए बिलासपुर एवं सरगुजा संभाग के 14 जिलों की 207 दुकानों को शराब की सप्लाई की जाती है। उन्होंने लगभग आधे घण्टे तक गोदाम में शराब की आवक जावक एवं इसकी कार्यप्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए शराब दुकानों एवं इसके वितरण पर कड़ी निगरानी के निर्देश प्रशासन को दिए हैं।

आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जीपीएस सिस्टम से गोदाम में शराब लेकर आने एवं बाहर जाने वाले वाहनों की मॉनीटरिंग की जाती है। 25 सीसीटीव्ही के जरिए गोदाम में हर गतिविधि की निगरानी की जाती है। कलेक्टर ने यहां फायर फाईटिंग सिस्टम को भी अपडेट रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टॉक पंजी का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने टूट-फूट वाले मदिरा सामग्री का डिस्पोजल पारदर्शिता तरीके से करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिरगिट्टी में ही शराब निर्माण करने वाली निजी क्षेत्र की ईकाई का भी गहन निरीक्षण किया। बाटलिंग, होलोग्राम सहित पूरी प्रक्रिया की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



कलेक्टर-एसपी इसके बाद रायपुर रोड पर भोजपुरी टोल नाके का निरीक्षण किया। टोल नाके पर जिले में अवैध शराब, नकद आदि संदेहास्पद वस्तुओं की रोकथाम के लिए एसएसटी टीम तैनात की गई है। कलेक्टर ने टीम के सदस्यों से चर्चा कर गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने टीम के सदस्यों के बैठने के लिए छाया-पानी की व्यवस्था के निर्देश दिए। चूंकि प्लाजा से होकर बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही होती है, इसलिए एसएसटी दल में अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती करने एवं आस-पास गांव के कोटवारों की भी ड्यूटी लगाने को कहा है। इस अवसर पर आबकारी उपायुक्त दिनकर वासनिक, गोदाम प्रबंधक चिन्ताराम साहू सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# कलेक्टर-एसपी ने ली उड़नदस्ता और स्थैतिक निगरानी टीम की बैठक

## पूरी सतर्कता, निष्पक्षता और मुस्तैदी से निगरानी के दिए निर्देश

उड़नदस्ता एवं स्थैतिक निगरानी टीम को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार झा और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने निर्देश है कि टीम पूरी सर्तकता, निष्पक्षता और मुस्तैदी से निगरानी करें। उन्होंने कहा कि उड़नदस्ता निगरानी टीम (एफएसटी) और स्थैतिक निगरानी टीम (एसएसटी) के सदस्य आपसी सामंजस्य से काम करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने टीम के सदस्यों को सख्त निर्देश दिए है कि कोई भी शिकायत प्राप्त होने एवं किसी माध्यम से सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचे और शिकायत की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कोई भी शिकायत मिलने पर 100 मिनट में उसका अनुपालन करना है। उन्होंने कहा कि सभी सीविजिल ऐप डाउनलोड करें।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने एसएसटी टीम के सदस्यों को भी निर्देश देते हुए कहा कि सभी पूरी निष्पक्षता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों एवं पुलिस की टीम में समन्वय होना चाहिए। एसएसटी की टीम नाकों पर बाहर से आने-जाने वाले लोगों पर कड़ी निगरानी रखें। वहां से गुजरने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों की सघन जांच करेगा और इस बात का विशेष ध्यान रखे कि आमजन के साथ सहजता से व्यवहार करें। अनावश्यक लोगों को परेशान न करें। संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जाएगी। बैठक में नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत, एडीएम आरए कुरूवंशी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेश शर्मा सहित अधिकारी उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### अधिवक्ता रवींद्र कुमार अग्रवाल बने हाईकोर्ट के नए जज



**बिलासपुर**, 11 अक्टूबर(देशबन्धु)। अधिवक्ता रवींद्र कुमार अग्रवाल छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त किए गए है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए अधिवक्ता रवींद्र कुमार अग्रवाल के नाम की सिफारिश की थी, जिसके बाद यह फैसला लिया गया है। ज्ञात हो कि छत्तीगसगढ़ हाईकोर्ट में वर्तमान में चीफ जस्टिस समेत 14 जज है। नए जज मिलने से छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में अब वर्किंग जजों की संख्या 15 हो जाएगी। अधिवक्ता रवींद्र कुमार अग्रवाल के न्यायधीश नियुक्त होने से बार अधिवक्ताओं में काफी हर्ष है। 3 फरवरी 2023 को, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने अपने दो वरिष्ठतम सहयोगियों के परामर्श से रवींद्र कुमार अग्रवाल को उस उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की थीं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने इस सिफारिश पर सहमति जताई है।

### हड़ताल में रहने वाले बर्खास्त स्वास्थ्य कर्मी हुए बहाल



**बिलासपुर**, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में अपनी मांगों को लेकर हड़ताल करने वाले 2526 बर्खास्त स्वास्थ्य कर्मियों को बहाल कर दिया गया। बिलासपुर में 206 बर्खास्त स्वास्थ्य कर्मियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर में कल जॉइनिंग दिया गया। आज अपने-अपने अस्पताल में जॉइनिंग ले लिया। जिला चिकित्सालय बिलासपुर में स्टाफ नर्स आशिमा डेनियल ,मंजू पाटले, लता पाटिल, नूतन प्रकाश, दीपिका देशलहरे ,रागनी राय, भारती साहू ने आज अस्पताल में कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर उनके सहयोगी साथियों ने फूल देकर स्वागत और सम्मान किया।

### नवपदस्थ डीईओ से छग प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने की मुलाकात



**बिलासपुर**, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी टी आर साहू का छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा बिलासपुर के पदाधिकारियों द्वारा भेंट कर स्वागत करते किया गया। इस दौरान रामकुमार यादव,किशोर शर्मा,सुखनंदन सिंह,सुशील यादव, श्रीपाल सिंह,श्रीमती मतिना बंजारे,सीमा वर्मा,मधु सूद,पूनम सिंह बघेल,संगीता शर्मा,सिलवंती एक्का,रामबाई चौधरी, दीप्ति बाजपेई,हिमांचल साहू,राजेश्वर वस्त्रकार,उत्तम अढोलीया,वृंदा दास मानिकपुरी एवम साथीगण उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम करें आयोजित- सीईओ

## जिला स्वीप कोर समिति की बैठक

**बिलासपुर**, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला स्वीप कोर समिति की बैठक स्वीप के नोडल अधिकारी और जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल ने ली। उन्होंने विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कलेण्डर निर्धारित कर वृहद स्तर पर आयोजित करने के निर्देश समिति के सदस्यों को दिए।

जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सीईओ श्री अग्रवाल ने मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। श्री अग्रवाल ने कहा कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ''स्वीप'' का लोकतंत्र में विशेष महत्व है। उन्होंने स्वीप कलैण्डर के अनुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम करने कहा। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाकर प्रचार-प्रसार करें। श्री अग्रवाल ने स्कूलों और कॉलेज में नारा लेखन, रंगोली, वाद-विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से स्वीप की गतिविधियां करने कहा। उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विशेष सेल्फी बूथ बनाने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रत्येक विधानसभा में स्वीप का कार्यक्रम वृहद स्तर पर आयोजित करने कहा। खाद्य विभाग को सभी पेट्रोल पंप पर सेल्फी बूथ बनाने के निर्देश दिए। आबकारी विभाग को सिनेमा हॉल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का वीडयो क्लिप चलवाने के निर्देश दिए। सीएमएचओ को स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित संजीवनी एवं महतारी एक्सप्रेस वाहनों में स्वीप के बैनर लगाने के निर्देश दिए। स्कूल शिक्षा विभाग को स्कूली बच्चों के बीच स्वीप को लेकर वृहद स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश दिए। आदिवासी विकास विभाग को सभी छात्रावासों में स्वीप के कार्यक्रम आयोजित करने कहा। इसके अलावा होर्डिंग्स, डिस्पले बोर्ड, साईकिल रैली, नुक्कड़ नाटक और प्रभात फेरी में भी स्वीप गतिविधियां का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करें। बैठक में स्वीप कोर समिति के सदस्य मौजूद थे।



# रेलवे की नई समय-सारणी जारी

**बिलासपुर**,11 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय रेलवे की समय सारणी में 01 अक्टूबर, 2023 से विभिन्न सेक्शनों में आधारभूत संरचना को और अधिक विकसित करते हुए आंशिक परिवर्तन किया गया हैं । गाडियों के परिचालन में प्रस्थान से आगमन तक के समय में गति बढाते हुये कई घंटो की परिचालन समय की बचत के लिए समय सारणी में परिवर्तन किया जाता है । इन आवश्यक कार्यो को निरंतर करते रहने से विभिन्न सेक्शनों में 5 मिनिट से लेकर 01 घंटे तक के परिचालन समय में (प्रस्थान स्टेशन से आगमन) बचत की जा सकती है । इसी प्रकार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भी दिनांक 01 अक्टूबर, 2023 से लागू होने वाली नई रेलवे समय-सारणी में इस रेलवे से चलने वाली एवं होकर गुजरने अप दिशा एवं डाउन दिशा की 229 गाडियों का परिचालन समय कुछ स्टेशनों में 01 अक्टूबर, 2023 से बदलाव किया गया है ।

# नशीली टेबलेट बेचते युवक पकड़ाया

**बिलासपुर**, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने हेतु निजात अभियान के तहत् कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन में थाना क्षेत्रांतर्गत अवैध शराब / गांजा बिक्री करने वालों की धरपकड़ हेतु मुखबीर तैनात किया गया है कि मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति रूच टेंट हाउस के पास बैमा नगोई रोड खमतराई में अवैध मादक पदार्थ प्रतिबंधित नशीला टेबलेट बिक्री हेतु ग्राहक का इंतजार करते बैठा हैं। थाना प्रभारी सरकण्डा निरी. जय प्रकाश गुप्ता के दिशा निर्देश में टीम तैयार कर खमतराई बैमा नगोई रोड के पास मुखबीर के बताये हुलिये अनुसार रेड कार्यवाही कर एक व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ किया जो अपना नाम विकास चन्द्रा निवासी पाठक बगीचा जबड़ापारा सरकण्डा का रहने वाला बताया। जिसका विधिवत् तलाशी लेने पर उनके कब्जे से एक थैले के अंदर रखे अवैध मादक पदार्थ प्रतिबंधित नशीला टेबलेट 315 नग किमती 672/- रू. बरामद हुआ, जिसे विधिवत् जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया है।

# मोबाइल शॉप से चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। मोबाइल शॉप से बैटरी एयरफोन चार्जर आदि सामानों की चोरी करने वाले आरोपी को बेलगहना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

बेलगहना पुलिस ने बताया कि प्रार्थी गणेश प्रसाद राठौर निवासी तुलुफ जो ग्राम खोंगसरा आमागोहन में साक्षी मोबाईल शाप चलाता है के द्वारा चौकी उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दरम्यानी रात को प्रार्थी के मोबाईल दुकान का शटर का ताला तोडकर दुकान अन्दर घुसकर दुकान में रखे से मोबाईल, रेडियो, बाक्स, बैटरी, मोबाईल चार्जर, चिप कीमती करीब 15000 रूपये को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध कायम कर टीम गठित कर चोरी करने वाले अज्ञात आरोपी के संबंध में ग्रामीणों एवं आसपास के लोगो से पूछताछ किया जा रहा था, इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम तुमाडबरा निवासी सुखसिंह बैगा चोरी के मोबाईल व मोबाईल सामग्री को बेचने के लिये ग्राहक तलाश कर रहा है। मुखबिर सूचना पर संदेही सुखसिंह बैगा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया आरोपी सुखसिंह बैगा के कब्जे से रेडियो 2 नग, बाक्स 01 नग, जियो कंपनी का मोबाईल 2 नग, जियो कंपनी का कीपेड मोबाइल 2 नग, आईटेल कंपनी का कीपेड मोबाईल 2 नग, कार्बन कंपनी का 01 नग मोबाईल, रावर कंपनी का मोबाईल बैटरी 4 नग अन्य कंपनी का मोबाईल बैटरी, मोबाईल चार्जर मय केबल चिप, एयरफोन कीमती लगभग 15000 रूपये जप्त कर कब्जे पुलिस ली गई। आरोपी सुखसिंह बैगा पिता ईतवार सिंह बैगा उम्र 35 वर्ष निवासी तुमाडबरा चौकी बेलगहना थाना कोटा जिला बिलासपुर छ.ग के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक भुवनेश्वर मरावी, आरक्षक गोविन्दा जायसवाल, राकेश पोर्ते, कौशल बिन्झवार का विशेष योगदान रहा ।




# राजपत्रित अधिकारियों ने पी.पी.टी के माध्यम से पुलिस कर्मियों को निर्वाचन संबंधित कार्यों का दिया प्रशिक्षण

## निर्वाचन से संबंधित शिकायतों को तत्काल निराकरण करने तथा मौके पर बिना विलंब के पहुंचने दिये गये निर्देश

**बिलासपुर**, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पुलिस अधिकारी/कर्मचारी अपने उत्तरदायित्व का भलीभांति निर्वाहन कर सके तथा भयमुक्त वातारण मतदाता को प्राप्त हो, इसके लिए पुलिस राजपत्रित अधिकारियों ( नोडल अधिकारी ) द्वारा थाना प्रभारियों, उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक , प्रधान आरक्षक , आरक्षक , रीडर , मुंशी , एवं पुलिस लाइन के अधिकारियों और कर्मचारीयो का प्रशिक्षण आज अलग अलग डिवीज़न एवं पुलिस लाइन में कराया गया ।

निर्वाचन प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा आदर्श आचार संहिता, निर्वाचन पूर्व, निर्वाचन दिवस तथा निर्वाचन पश्चात की जाने वाली कार्यवाही की जानकारी दी गई। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही एवं गैर जमानती वारंटों की तामीली हेतु प्रयास तथा निर्वाचन अपराधों की जानकारी व उस पर कार्यवाही संबंधी बिन्दुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। उपरोक्त निर्वाचन प्रशिक्षण सिविल लाइन सीएसपी संदीप कुमार पटेल ,सिटी कोतवाली सीएसपी श्रीमती पूजा कुमार , सीएसपी चकरभाटा कृष्ण कुमार पटेल , लाइन डीएसपी श्रीमती मंजुलता केरकेट्टा ,डीएसपी मुख्यालय उदयन बेहार ,इंस्पेक्टर विजय चौधरी , उत्तम साहू ,एसआई हेमवंत चंद्राकर( मास्टर ट्रेनर) द्वारा अपने अपने डिवीज़न और लाइन में पदस्थ निरीक्षक, उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक,प्रधान आरक्षक ,आरक्षक कुल 250 अधिकारी और कर्मचारीयो का प्रशिक्षण कराया गया ।



# विशाखापटनम एक्सप्रेस का बागबाहरा रेलवे स्टेशन में प्रायोगिक ठहराव

**बिलासपुर**, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्वी तट रेलवे के संबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत बागबाहरा रेलवे स्टेशन में दो गाड़ियो का ठहराव दिया जा रहा है । 18573/18574 विशाखापटनम-भगत की कोठी-विशाखापटनम एक्सप्रेस का बागबाहरा एवं 22847/22848 विशाखापटनम-कूर्ला-विशाखापटनम एक्सप्रेस का बागबाहरा रेलवे स्टेशन में प्रायोगिक ठहराव की सुविधा दी जा रही है । यह ठहराव प्रायोगिक तौर पर छ माह के लिए दिया जा रहा है । दिनांक 12 अक्टूबर से विशाखापटनम से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18573 विशाखापटनम-भगत की कोठी एक्सप्रेस का बागबाहरा रेलवे स्टेशन में 12.48 बजे पहुचकर 12.050 बजे रवाना होगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा में दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 से नौतनवा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18574 भगत की कोठी-विशाखापटनम एक्सप्रेस का सलेमपुर रेलवे स्टेशन में 01.24 बजे पहुचकर 01.26 बजे रवाना होगी । 15 अक्टूबर से विशाखापटनम से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22847 विशाखापटनम-कूर्ला एक्सप्रेस का बागबाहरा रेलवे स्टेशन में 15.40 बजे पहुचकर 15.42 बजे रवाना होगी ।

## सार-संक्षेप

### एसपी उदयकिरण का तबादला



**कोरबा,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला पुलिस अधीक्षक यू उदयकिरण के पिछले कुछ दिनों से तबादला को लेकर हो रही चर्चाओं के बीच आखिरकार निर्वाचन आयोग ने उनका तबादला कर ही दिया। बुधवार को दोपहर बाद जारी आदेश में निर्वाचन आयोग ने कोरबा एसपी सहित 2 अन्य जिलों के एसपी शलभ सिन्हा व अभिषेक मीणा तथा 2 जिलों के कलेक्टर को भी हटाया है। विधानसभा चुनाव 2023 के लिए आचार संहिता लागू होने से पहले इस बात की चर्चा काफी थी कि सरकार द्वारा कुछ प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले किए जा सकते हैं जिसमें एसपी उदयकिरण के नाम को लेकर भी कयास लगाए जा रहे थे। चुनाव की घोषणा होने व आचार संहिता लगने के बाद इस तरह के कयासों पर विराम लग गया था लेकिन एकाएक जारी आदेश ने सबको चौंका दिया। हालांकि प्रशासनिक व्यवस्थाओं के तहत निर्वाचन आयोग ने तबादला करते हुए सभी प्रभावित आईएएस, आईपीएस को तत्काल प्रभाव से प्रभार मुक्त कर दिया है।

### सिल्वर जुबली पार्क में चला स्वच्छता अभियान




**कोरबा-जमनीपाली,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। एनटीपीसी द्वारा भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा हैं।

इसी क्रम में 10 अक्टूबर को एनटीपीसी द्वारा सिल्वर जुबली पार्क में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। पार्क के अंदर और बाहर साफ-सफाई भी की गई। एनटीपीसी कर्मियों ने एकजुट होकर एक घंटे के लिए श्रमदान किया। स्वच्छता अभियान का नेतृत्व बीआर राव, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी कोरबा ने किया। इस अवसर पर मधु एस, महाप्रबंधक (ओ एंड एम), मनीष वी साठे, महप्रबंधक (ऐश डाइक मैनेजमेंट), प्रभात राम, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) और अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारीगण एवं एनटीपीसी के कर्मचारीगण तथा उनके परिवार भी उपस्थित रहे। इस मौके पर पार्षद एवं नन्हें नन्हें बच्चे भी शामिल हुए। ज्ञात हो कि स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान एनटीपीसी में विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

### गुजराती समाज का नवरात्रि महोत्सव 15 अक्टूबर से

**कोरबा,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री गुजराती समाज द्वारा समाज के भवन में 15 अक्टूबर से नवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 15 अक्टूबर को सुबह 10 से 12 बजे घट स्थापना के साथ ही नवरात्रि महोत्सव प्रारंभ होगा।



अध्यक्ष नलीन भाई शाह व सचिव अतुल चौहान ने बताया कि गुजराती समाज के सदस्यों के लिए गरबा का वितरण 14 व 15 अक्टूबर को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे व शाम को 4 से 6 बजे तक संत जलाराम मंदिर में किया जाएगा। प्रति गरबा का शुल्क 70 रुपए निर्धारित किया गया है। 15 से 23 अक्टूबर तक श्री गुजराती समाज भवन परिसर में आकर्षक लाइटिंग व साज-सज्जा के साथ प्रतिदिन रास-गरबा की धूम रहेगी। प्रथम आरती रात्रि 9 बजे व द्वितीय आरती रात्रि 12 बजे की जाएगी। महाअष्टमी हवन 22 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे किया जाएगा। इसी दिन महाआरती रात्रि 11 बजे की जाएगी। श्री गुजराती समाज के अध्यक्ष नलीन भाई शाह व सचिव अतुल चौहान ने समाज के सभी सदस्यों से नवरात्रि महोत्सव में सपरिवार उपस्थित होने आग्रह किया है।

# लैंको में डकैती मामले के 6 आरोपी गिरफ्तार

- डकैती के साथ-साथ सुलझा एक माह पूर्व हुई चोरी का मामला
- 7 लाख कीमती ढाई टन एल्युमिनियम तार, बिक्री रकम एवं वाहन, सिलेंडर बरामद



**कोरबा,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। करीब 1 माह पूर्व लैंको अमरकंटक पावर कंपनी लिमिटेड के ट्रांसमिशन लाईन का माउस कण्डक्टर, एल्युमिनियम तार को टावर में चढक़र गैस कटर से काट कर चोरी तथा सिक्युरिटी गार्ड को डरा-धमका कर सामानों की लूट के मामलों में स्थानीय पुलिस को सफलता मिली है। कोरबा शहर के आसपास के 6 चोरों सहित कोरकोमा निवासी खरीदार को गिरफ्तार कर लाखों का सामान बरामद कर जप्त किया गया।

जिले के उरगा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पताढ़ी में संचालित लैंको पॉवर प्लांट के ट्रांसमिशन लाईन का माउस कण्डक्टर, एल्युमिनियम तार जिसकी गोलाई 11 सेन्टी मीटर है, को टावर में चढक़र गैस कटर से काट कर चोरी कर लिए जाने का मामला सुलझ गया है। प्रार्थी दुष्यंत तिवारी सहायक महाप्रबंधक की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 331 / 23 धारा 379 भादवि दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। इसके बाद लैंको पावर प्लांट के पंतोरा पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम केराकछार पतरापाली के जंगल में लगाए गए कैम्प में 10 अक्टूबर को रात के वक्त सिक्युरिटी गार्ड को डरा-धमका कर लैंको के माउस कण्डक्टर एल्युमिनियम तार को लूटपाट किया गया जिसे सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा आरोपियों को सामानों सहित रंगे हाथ पकड़ा गया। सुरक्षा अधिकारी मनीष श्रीवास्तव की रिपोर्ट पर धारा 392, 34 भादवि कायम किया गया। आरोपियों को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ में अन्य साथी ओम प्रकाश साहू, अजय साहू उर्फ रिंकु रवि वैष्णव के साथ मिलकर लूट करना स्वीकार किया गया। फरार आरोपियों की पतासाजी के लिए पंतोरा चौकी से एक टीम कोरबा पहुंची व यहां छिपे ओम प्रकाश साहू, अजय साहू व रवि वैष्णव को घेराबंदी कर पकड़ा। लूट का सामान खरीदने वाले कबाड व्यवसायी मदन अग्रवाल को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से ढाई टन एल्युमिनियम तार कीमती 7 लाख रुपए, 7 नग माउस कण्डक्टर एल्युमिनियम तार कीमती 12 हजार रुपए, घटना में प्रयुक्त पीकअप वाहन क्र सीजी 12 ए एक्स 1405, मोटर साइकिल सीजी 12 एसी 3406, दो नग आक्सीजन गैस सैलेण्डर तथा दो नग एलपीजी गैस सेलेण्डर मय गैस पाईप एवं तार, बिक्री राशि नगदी रकम 2 लाख 10 हजार रुपए व खरीदा गया एल्युमिनियम तार बरामद किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान धारा 395, 412 भादवि जोड़ी गई है।

### सभी आरोपी जेल भेजे गए

**आरोपियों राज विश्वकर्मा 22 वर्ष निवासी राताखार, साहिल अंसारी 21 वर्ष राताखार, एजाज मेमन 2 वर्ष रानी रोड कोरबा, रवि वैष्णव 42 वर्ष निवासी मानस चौक राताखार, अजय साहू उर्फ रिंकू साहू 3 वर्ष निवासी पीपर कोहडिय़ा, ओम प्रकाश साहू 36 वर्ष निवासी बुधवारी बाजार कोरबा तथा चोरी के सामानों को खरीदने वाला मदन अग्रवाल 41 वर्ष निवासी कोरकोमा रोड जरादा थाना रामपुर सिविल लाईन कोरबा शामिल हैं। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जांजगीर जेल भेजा गया है।**

### सराफा व्यवसायी हुआ उठाईगिरी का शिकार

**कोरबा-चैतमा,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। चैतमा साप्ताहिक बाजार में एक सराफा कारोबारी उठाईगिरी का शिकार हो गया। शातिर बदमाशों ने पलक झपकते ही सोने-चांदी के जेवर से भरे झोले को पार कर दिया। घटना के दौरान व्यवसायी लघु शंका के लिए गया हुआ था। सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने पतासाजी शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि बिलासपुर पुराना बस स्टैंड के समीप अभिषेक सोनी निवास करता है। वह सोने चांदी के जेवर की बिक्री करता है। हर बार की तरह अभिषेक बुधवार की सुबह साप्ताहिक बाजार चैतमा आया हुआ था। वह पूरे दिन जेवरों की बिक्री करता रहा। इसके बाद देर शाम घर लौटने की तैयारी में जुट गया। सराफा कारोबारी सोने-चांदी के जेवर को समेटकर एक झोले में भर पसरा में रखकर लघुशंका के लिए चला गया। जब व्यवसायी थोड़ी देर बाद लौटा तो जेवर से भरा झोला गायब मिला। जिससे व्यवसायी के होश उड़ गए। वह आसपास खोजबीन के बाद पुलिस चौकी जा पहुंचा।

### यातायात पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई

**कोरबा,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में आचार संहिता लगने के साथ ही कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक यू. उदय किरण के निर्देशन में ट्रैफिक डीएसपी शिवचरण सिंह परिहार के मार्गदर्शन में एएसआई मनोज राठौर के नेतृत्व में यातायात पुलिस की टीम ताबड़तोड़ कार्यवाही में जुट गयी है। मॉडिफाई साइलेंसर व प्रेशर हार्न लगाकर बुलेट चलाने वालों पर कार्यवाही के बाद ब्लैक फिल्म लगे चार पहिया वाहनों की धरपकड़ की गई। जिन पर 2-2 हजार रुपए चालान के साथ ही 8 वाहनों से ब्लैक फिल्म उतारते हुए 16 हजार रूपए का जुर्माना वसूला गया।

### जिला अस्पताल के कर्मी ने नाबालिग से किया अप्राकृतिक कृत्य, बर्खास्त

**कोरबा,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। नाबालिग के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने वाले मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल के कर्मचारी की सेवा को प्रबंधन ने तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है।

घटना की जानकारी होने पर अभिभावकों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और लिखित में शिकायत की जिसके बाद हरकत में आए प्रबंधन ने कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की और उसकी सेवा को समाप्त कर दिया। अस्पताल के एक्सरे विभाग में पदस्थ रेडियोग्राफर के पद पर पदस्थ कर्मी द्वारा 11 वर्षीय बालक के साथ अप्राकृतिक कृत्य किया गया। बालक ने अपने साथ हुए अनैतिक कृत्य की जानकारी परिजनों को दी जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और संबंधित कर्मचारी की लिखित शिकायत मेडिकल कॉलेज के डीन से की। मामले को अस्पताल प्रबंधन ने काफी गंभीरता से लिया और उस कर्मचारी की सेवाओं को तत्काल समाप्त कर दिया। कर्मचारी जितेंद्र डनसेना जेडीएस कर्मी के रुप में अपनी सेवाएं दे रहा था। एक स्वास्थ्य कर्मी के द्वारा जिस तरह से नाबालिग बालक के साथ यह कृत्य किया गया है वह काफी गंभीर मामला है। मामले में प्रबंधन ने तो अपनी कार्रवाई कर दी है।

### तीसरे दिन भी जारी रही सम्पत्ति विरूपण हटाने की कार्रवाई



**कोरबा,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के संदर्भ में प्रभावशील आदर्श आचार संहिता के परिपालन में 03 दिनों से निगम क्षेत्र में सार्वजनिक व निजी सम्पत्ति में किए गए किसी भी प्रकार के सम्पत्ति विरूपण को हटाने तथा तत्संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने जोनवार कार्य दलों को सम्पत्ति विरूपण को हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए, जिसके तहत निगम के गठित कार्य दलों द्वारा आज भी सम्पत्ति विरूपण को हटाने की कार्यवाही की गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार सम्पत्ति विरूपण के तहत सार्वजनिक सम्पत्ति में किसी भी प्रकार का दीवाल लेखन, पोस्टर, पेपर, कट आउट, अवैध होर्डिंग, बैनर या अन्य किसी भी प्रकार से प्रचार सामग्री जो लगी हुई, उसे हटाने की कार्यवाही करने तथा सफाई एवं पोताई आदि करने हेतु आयुक्त सुश्री ममगाई ने निगम में जोनवार कार्य दलों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। 3 दिनों में नगर पालिक निगम कोरबा के सभी 8 जोन कोरबा, कोसाबाड़ी, टी.पी.नगर, रविशंकर नगर, बालको, दर्री, सर्वमंगलानगर एवं बांकीमोंगरा जोन में कार्य दलों द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 7769, जिसमें पोस्टर 1767, बैनर 548, दीवाल लेखन 5306, अन्य 148 सम्पत्ति विरूपण को हटाया गया।

# पुराना बस स्टैण्ड में तैयार हो रहा माता का भव्य पंडाल, ऐतिहासिक होगी दुर्गा पूजा

### नवरात्रि की षष्ठी तिथि से पंडाल में विराजेंगी मां भवानी, तैयारी में जुटी समिति



**कोरबा,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव समिति पुराना बस स्टैण्ड, कोरबा के द्वारा मां दुर्गा की आराधना के विशेष पर्व नवरात्रि की तैयारी शुरू कर दी गई है। पुराना बस स्टैण्ड परिसर स्थित मंच पर पंडाल निर्माण की तैयारी शुरू हो गई है जिसमें कोलकाता के 2 दर्जन से अधिक कारीगर दिन-रात जुटे हुए हैं। विगत वर्ष यहां समिति द्वारा निर्मित कराया गया परी लोक नगरजनों को काफी भाया और इसकी प्रशंसा भी हुई। समिति के सचिव प्रवीण पाण्डेय ने बताया कि विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष भव्य और विशालकाय पंडाल निर्मित कराया जा रहा है जो अपने आप में अब तक का ऐतिहासिक पंडाल होगा। मंच पर ही माता की मूर्ति का निर्माण कारीगरों द्वारा किया जा रहा है। प्रवीण पाण्डेय ने बताया कि पुराना बस स्टैण्ड में वर्ष 1965 से दुर्गा पूजा का शुभारंभ हुआ और इस वर्ष आयोजन का 58वां वर्ष होगा। पंडाल में षष्ठी तिथि 19 अक्टूबर को शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ मूर्ति की पूजा-अर्चना प्रारंभ होगी। यहां का भोग काफी प्रसिद्ध है जिसे प्राप्त करने के लिए नगरजन उमड़ते हैं। 21-22 व 23 अक्टूबर को भोग प्रसाद का वितरण समिति द्वारा किया जाएगा। 24 अक्टूबर को बस स्टैण्ड परिसर में ही भव्य आतिशबाजी के साथ रावण का दहन कर दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। संपूर्ण आयोजन की तैयारी अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल के मार्गदर्शन व सदस्य सुरेन्द्र लाम्बा, सत्येन्द्र वासन, राकेश अग्रवाल, राजेन्द्र मेहता, गजेन्द्र जायसवाल, अनिल जायसवाल, राजा राव, अंजू साहू व अन्य सहयोगियों की देखरेख में हो रही है।

### व्यवसायिक परीक्षा मण्डल अंतर्गत विभिन्न भर्ती परीक्षा हेतु उडऩदस्ता नियुक्त

#### कन्ट्रोल रूम निर्मित कर कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

**कोरबा,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। छतीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा विभिन्न भर्ती परीक्षा 15 अक्टूबर दिन रविवार को क्रमश- प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से 12-15 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से 04-15 बजे तक दो पालियों में आयोजित की जाएगी।

परीक्षा के सुचारू संचालन एवं केन्द्र में व्यवस्था बनाए रखने व अनुचित साधनों के रोकथाम तथा निरीक्षण हेतु उडऩदस्ता नियुक्त किया गया है जिसके अंतर्गत कृषि विस्तार अधिकारी पीएल मिरेंद्र, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालको रेशम दुबे एवं व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुदुरमाल श्रीमती रूचि श्रीवास्तव को प्रथम पाली हेतु परीक्षा केंद्र 2201 से 2210 तक 10 परीक्षा केंद्रों में तथा द्वितीय पाली में परीक्षा केंद्र 2201 से 2204 तक 4 परीक्षा केंद्रो हेतु के लिए उडऩदस्ता नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार सांख्यिकी अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोरबा एम.आर. डहरिया, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजगरबहार एवं व्याख्याता सेजेस गोपालपुर श्रीमती ललिता पटेल को परीक्षा केंद्र 2211 से 2220 तक 10 परीक्षा केंद्रों में प्रथम पाली हेतु उडऩदस्ता दल नियुक्त किया गया है।

क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मंडल कोरबा शैलेष पिस्दा, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पड़निया चन्द्रेश कुमार दुबे एवं एपीसी समग्र शिक्षा कोरबा ओमेश्वरी नायक को केंद्र क्रमांक 2221 से 2224 तक 4 परीक्षा केंद्र में प्रथम पाली हेतु उडऩदस्ता नियुक्त किया गया है।

# राजनैतिक दल तथा अभ्यर्थियों के लिए साधारण आचरण

**कोरबा,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार किसी दल या अभ्यर्थी को ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए, जो विभिन्न जातियों और धार्मिक या भाषायी समुदायों के बीच विद्यमान मतभेदों को बढ़ाये या घृणा की भावना उत्पन्न करे या तनाव पैदा करे। जब अन्य राजनैतिक दलों की आलोचना की जाए, तब वह उनकी नीतियों और कार्यक्रम, पुराने आचरण और कार्य तक ही सीमित होनी चाहिए, यह भी आवश्यक है कि व्यक्तिगत जीवन के ऐसे सभी पहलुओं की आलोचना नहीं की जानी चाहिए जिनका संबंध अन्य दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं के सार्वजनिक क्रियाकलाप से न हो, अन्य दलों या उनके कार्यकर्ताओं के बारे में कोई ऐसी आलोचना नहीं की जानी चाहिए जो ऐसे आरोपों पर जिनकी सत्यता प्रमाणित न हुई हो या तोड़-मरोड़ कर कही गई बातों पर आधारित हो। मत प्राप्त करने के लिए जातीय या साम्प्रदायिक भावनाओं की दुहाई नहीं दी जानी चाहिए। मस्जिदों, गिरजाघरों, मंदिरों या पूजा के अन्य स्थानों का चुनाव प्रचार के लिए मंच के रूप में उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। सभी दलों और अभ्यर्थियों को ऐसे सभी कार्यों से ईमानदारी के साथ बचना चाहिए, जो निर्वाचन विधि के अधीन भ्रष्ट आचरण और अपराध हैं- जैसे कि मतदाताओं को रिश्वत देना, मतदाताओं को अभित्रस्त करना, मतदाताओं का प्रतिरूपण, मतदान केंद्र के 100 मीटर के भीतर मत संयाचना (चुनाव प्रचार) करना, मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय को खत्म होने वाली 48 घंटे की अवधि के दौरान सार्वजनिक सभाएं करना और मतदाताओं को सवारी से मतदान केंद्रों तक ले जाना और वहां से वापस लाना। सभी राजनैतिक दलों या अभ्यर्थियों को इस बात का प्रयास करना चाहिए कि वे प्रत्येक व्यक्ति के शांतिपूर्ण और विघ्नरहित घरेलू जिन्दगी के अधिकार का आदर करें चाहे वे उसके राजनैतिक विचारों या कार्यों के कितने ही विरूद्ध क्यों न हों, व्यक्तियों के विचारों या कार्यों का विरोध करने के लिए उनके घरों के सामने प्रदर्शन आयोजित करने या धरना देने के तरीकों का सहारा किसी भी परिस्थिति में नहीं लेना चाहिए।

किसी भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी को झण्डा खड़ा करने, बैनर टांगने, सूचनाएं चिपकाने, नारे लिखने आदि के लिए किसी व्यक्ति की भूमि, भवन, अहाते, दीवार आदि का उसकी सहमति के बिना उपयोग करने की अनुमति अपने अनुयायियों को नहीं देनी चाहिए। राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके समर्थक अन्य दलों द्वारा आयोजित सभाओं जुलूसों आदि में बाधाएं उत्पन्न न करें या उन्हें भंग न करें। एक राजनैतिक दल के कार्यकर्ताओं या शुभचिंतकों को दूसरे राजनैतिक दल द्वारा आयोजित सार्वजनिक सभाओं में मौखिक रूप से या लिखित रूप में प्रश्न पूछ कर या अपने दल के परचे वितरित करके गड़बड़ी पैदा नहीं करना चाहिए, किसी दल द्वारा जूलूस उन स्थानों से होकर नहीं ले जाने चाहिए जिन स्थानों पर दूसरे दल द्वारा सभाएं की जा रही हों, एक दल द्वारा निकाले गये पोस्टर दूसरे दल के कार्यकर्ता द्वारा हटाये नहीं जाने चाहिए।

**सभाओं के लिए इन निर्देशों का करें पालन**

राजनैतिक दल या अभ्यर्थी को किसी प्रस्तावित सभा के स्थान और समय के बारे में स्थानीय पुलिस अधिकारियों को पूर्व से ही उपयुक्त समय पर सूचना दे देनी चाहिए ताकि उनके द्वारा यातायात को नियंत्रित करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा सके। राजनैतिक दल या अभ्यर्थी को उस दशा में पहले ही यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उस स्थान पर जहां सभा करने का प्रस्ताव है, कोई निर्बन्धात्मक या प्रतिबंधात्मक आदेश (निषेधाज्ञा) लागू तो नहीं है, यदि ऐसे आदेश लागू हों तो उनका कड़ाई के साथ पालन किया जाना चाहिए, यदि ऐसे आदेशों से कोई छूट अपेक्षित हो तो उनके लिए समय से आवेदन करना चाहिए और छूट प्राप्त कर लेनी चाहिए। यदि किसी प्रस्तावित सभा के संबंध में लाउडस्पीकरों के उपयोग या किसी अन्य सुविधा के लिए अनुमति या अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) प्राप्त करनी हो तो दल या अभ्यर्थी को संबंधित अधिकारी के पास काफी पहले ही आवेदन करना चाहिए और इसकी अनुमति या अनुज्ञप्ति प्राप्त कर लेनी चाहिए। किसी सभा के आयोजकों के लिए यह अनिवार्य है कि वे सभा में विघ्न डालने वाले या अन्यथा अव्यवस्था फैलाने का प्रयत्न करने वाले व्यक्तियों से निपटने के लिए ड्यूटी पर तैनात पुलिस की सहायता प्राप्त करें। आयोजकों को चाहिए कि वे स्वयं ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही न करें।

### जुलूस के बारे में पहले से तय कर लें ये सारी बातें

जुलूस का आयोजन करने वाले दल या अभ्यर्थी को पहले ही यह बात तय कर लेनी चाहिए कि जुलूस किस समय और किस स्थान से शुरू होगा, किस मार्ग से होकर जायेगा और किस समय और किस स्थान पर समाप्त होगा, सामान्यत- कार्यक्रम में कोई फेरबदल नहीं होनी चाहिए। आयोजकों को चाहिये कि वे कार्यक्रम के बारे में स्थानीय पुलिस अधिकारियों को अग्रिम सूचना दे दें, ताकि वे आवश्यक व्यवस्था कर सकें। आयोजकों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि जिन इलाकों से होकर जूलूस गुजरना है उनमें कोई निर्बंधात्मक आदेश (निषेधाज्ञा) तो लागू नहीं है, जब तक सक्षम प्राधिकारी द्वारा विशेष रूप से छूट न दे दी जाए, उन निर्बंधनों का पालन करना चाहिए, यातायात के नियमों और निर्बंधनों का भी ध्यानपूर्वक पालन करना चाहिए।

आयोजकों को चाहिए कि जुलूस का इंतजाम ऐसे ढंग से किया जाये जिससे कि यातायात में कोई रूकावट या बाधा उत्पन्न किये बिना जुलूस का निकलना संभव हो सके यदि जुलूस बहुत लंबा है तो उसे उपयुक्त लंबाई वाले टुकड़ों में संगठित किया जाना चाहिए ताकि सुविधाजनक अंतरालों पर विशेषकर उन स्थानों पर जहां जुलूस को चौराहों से होकर गुजरना है, रूके हुए यातायात के लिए समय-समय पर रास्ता दिया जा सके और इस प्रकार भारी यातायात के जमाव से बचा जा सके। जुलूसों की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि जहां तक हो सके उन्हें सडक़ की दायी ओर रखा जाए और ड्यूटी पर तैनात पुलिस के निर्देश और सलाह का कड़ाई के साथ पालन किया जाना चाहिए। यदि दो या अधिक राजनैतिक दलों या अभ्यर्थियों ने लगभग उसी समय पर उसी रास्ते या उसके भाग से जुलूस निकालने का प्रस्ताव किया है तो आयोजकों को चाहिए कि वे समय से काफी पहले आपस में संपर्क स्थापित कर ले और ऐसी योजना बनायें जिससे कि जुलूसों में टकराव न हो या यातायात को बाधा न पहुंचे। स्थानीय पुलिस की सहायता संतोषजनक इंतजाम करने के लिए सदा उपलब्ध होगी। इस प्रयोजन के लिए दलों को यथाशीघ्र पुलिस से संपर्क स्थापित करना चाहिए। जुलूस में शामिल लोगों द्वारा ऐसी चीजें लेकर चलने के विषय में, जिनका अवांछनीय तत्वों द्वारा विशेष रूप से उत्तेजना के क्षणों में दुरूपयोग किया जा सकता हो, राजनैतिक दलों या अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक नियंत्रण करना चाहिए। किसी भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी को अन्य राजनैतिक दलों के सदस्यों या उनके नेताओं के पुतले लेकर चलने, उनको सार्वजनिक स्थान में जलाने और इसी प्रकार के अन्य प्रदर्शनों का समर्थन नहीं करना चाहिए।

**Form C 7 Declarations**

**Bharatiya Janata Party, Chhattisgarh**

**Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.**

(As per the Election Commission of India's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

(1) Name of the Constituency – (AC No.6, AC Name: Pratappur)
Name of the Candidate – Smt. Shakuntala Singh Porthe

| Sl. | | Particulars | Details |
|---|---|---|---|
| 1 | | **Criminal antecedents** | |
| | a. | Nature of the offences | 1. IPC- S. 147, 149, 341 |
| | b. | Case no. | 1. CC.No. 10/021 Date - 06/01/21 |
| | c. | Name of the court | 1. J. M. F. C., Wadrafnagar |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No |
| | e. | Date of conviction, if any | NA |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | NA |
| | g. | Any other information required to be given | NA |
| 2 | | The reason for the selection of the candidate | Smt. Shakuntala Singh Porthe is a highly dedicated individual who has tirelessly devoted their time and efforts to social service in the constituency for many years. They have a deep understanding of the needs and challenges of the people and have worked tirelessly to improve the quality of life for all members of the community. They have built strong relationships with the voters, establishing a genuine and positive rapport with them, and have earned their trust and respect. Their unwavering commitment to the betterment of the community is reflected in their track record of achievements and the numerous positive changes they have brought about. We are confident that they are the best choice to represent the constituency and will continue to serve the people with passion, dedication, and integrity. |


| Sl. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 3 | Reason as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as a candidate | The Bharatiya Janata Party is dedicated to selecting the most qualified candidate who can best represent the hopes and desires of the people of the constituency. After extensive consideration and evaluation of all potential candidates, the current candidate was selected as the most suitable choice. The party firmly believes that this candidate has the necessary skills, experience, and dedication to best serve the people of the constituency and represent the values of the BJP. We are confident that this candidate has the ability to bring about positive change and progress for the constituency and will work tirelessly to meet the needs of the people. Therefore, we stand by our decision to field this candidate, who we believe is the best choice to represent the BJP and the people of the constituency. |

Name of the Constituency – (AC No.6, AC Name: Pratappur)

Name of the Candidate – Smt. Shakuntala Singh Porthe

Signature of the Office Bearer of the Political Party

**Name and Designation:**



**Shri Naresh Chandra Gupta (State Office Incharge- Bharatiya Janata Party Chhattisgarh)**

**Form C 7 Declarations**

**Bharatiya Janata Party, Chhattisgarh**

**Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.**

(As per the Election Commission of India's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

(1) Name of the Constituency – (AC No.40, AC Name: Saraipali)
Name of the Candidate – Smt. Sarla Kosaria

| Sl. | | Particulars | Details |
|---|---|---|---|
| 1 | | **Criminal antecedents** | |
| | a. | Nature of the offences | 1. IPC - S. 147, 149, 283, 341; 2. IPC - S. 294, 506, 426 and 34 |
| | b. | Case no. | 1. FIR No. - 69/2023 - At Police Station, SARAIPALI; 2. Not Applicable |
| | c. | Name of the court | 1. Not Available; 2. J.M.F.C., SARAIPALI |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | 1. No; 2. No |
| | e. | Date of conviction, if any | 1. NA; 2. NA |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | 1. NA; 2. NA |
| | g. | Any other information required to be given | 1. NA; 2. Till Date, no notice or Summons has been Received From the Court in the Said Case. |
| 2 | | The reason for the selection of the candidate | Smt. Sarla Kosaria is a highly dedicated individual who has tirelessly devoted their time and efforts to social service in the constituency for many years. They have a deep understanding of the needs and challenges of the people and have worked tirelessly to improve the quality of life for all members of the community. They have built strong relationships with the voters, establishing a genuine and positive rapport with them, and have earned their trust and respect. Their unwavering commitment to the betterment of the community is reflected in their track record of achievements and the numerous positive changes they have brought about. We are confident that they are the best choice to represent the constituency and will continue to serve the people with passion, dedication, and integrity. |


| Sl. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 3 | Reason as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as a candidate | The Bharatiya Janata Party is dedicated to selecting the most qualified candidate who can best represent the hopes and desires of the people of the constituency. After extensive consideration and evaluation of all potential candidates, the current candidate was selected as the most suitable choice. The party firmly believes that this candidate has the necessary skills, experience, and dedication to best serve the people of the constituency and represent the values of the BJP. We are confident that this candidate has the ability to bring about positive change and progress for the constituency and will work tirelessly to meet the needs of the people. Therefore, we stand by our decision to field this candidate, who we believe is the best choice to represent the BJP and the people of the constituency. |

Name of the Constituency – (AC No. 40, AC Name: Saraipali)

Name of the Candidate – Smt. Sarla Kosaria

Signature of the Office Bearer of the Political Party

**Name and Designation:**



**Shri Naresh Chandra Gupta (State Office Incharge- Bharatiya Janata Party Chhattisgarh)**

**Form C 7 Declarations**

**Bharatiya Janata Party, Chhattisgarh**

**Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.**

(As per the Election Commission of India's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

(1) Name of the Constituency – (AC No.66, AC Name: Vaishali Nagar)
Name of the Candidate – Shri. Rikesh Sen

| Sl. | | Particulars | Details |
|---|---|---|---|
| 1 | | **Criminal antecedents** | |
| | a. | Nature of the offences | 1. NIA- S. 138 |
| | b. | Case no. | 1. CC.No. 5961/2018 |
| | c. | Name of the court | 1. J.M.F.C Court, Raipur |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No |
| | e. | Date of conviction, if any | NA |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | NA |
| | g. | Any other information required to be given | NA |
| 2 | | The reason for the selection of the candidate | Shri. Rikesh Sen is a highly dedicated individual who has tirelessly devoted their time and efforts to social service in the constituency for many years. They have a deep understanding of the needs and challenges of the people and have worked tirelessly to improve the quality of life for all members of the community. They have built strong relationships with the voters, establishing a genuine and positive rapport with them, and have earned their trust and respect. Their unwavering commitment to the betterment of the community is reflected in their track record of achievements and the numerous positive changes they have brought about. We are confident that they are the best choice to represent the constituency and will continue to serve the people with passion, dedication, and integrity. |


| Sl. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 3 | Reason as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as a candidate | The Bharatiya Janata Party is dedicated to selecting the most qualified candidate who can best represent the hopes and desires of the people of the constituency. After extensive consideration and evaluation of all potential candidates, the current candidate was selected as the most suitable choice. The party firmly believes that this candidate has the necessary skills, experience, and dedication to best serve the people of the constituency and represent the values of the BJP. We are confident that this candidate has the ability to bring about positive change and progress for the constituency and will work tirelessly to meet the needs of the people. Therefore, we stand by our decision to field this candidate, who we believe is the best choice to represent the BJP and the people of the constituency. |

Name of the Constituency – (AC No. 66, AC Name: Vaishali Nagar)

Name of the Candidate – Shri. Rikesh Sen

Signature of the Office Bearer of the Political Party

**Name and Designation:**



**Shri Naresh Chandra Gupta (State Office Incharge- Bharatiya Janata Party Chhattisgarh)**

**Form C 7 Declarations**

**Bharatiya Janata Party, Chhattisgarh**

**Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.**

(As per the Election Commission of India's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

(1) Name of the Constituency – (AC No.59, AC Name: Sanjari Balod )
Name of the Candidate – Shri. Rakesh Kumar Yadav

| Sl. | Particulars | | Details |
|---|---|---|---|
| 1 | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | 1. NIA- S. 138 |
| | b. | Case no. | 1. CC.No. 233/2023 |
| | c. | Name of the court | 1. J.M.F.C Court, Gunderdehi |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | Yes |
| | e. | Date of conviction, if any | NA |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | NA |
| | g. | Any other information required to be given | NA |
| 2 | The reason for the selection of the candidate | | Shri. Rakesh Kumar Yadav is a highly dedicated individual who has tirelessly devoted their time and efforts to social service in the constituency for many years. They have a deep understanding of the needs and challenges of the people and have worked tirelessly to improve the quality of life for all members of the community. They have built strong relationships with the voters, establishing a genuine and positive rapport with them, and have earned their trust and respect. Their unwavering commitment to the betterment of the community is reflected in their track record of achievements and the numerous positive changes they have brought about. We are confident that they are the best choice to represent the constituency and will continue to serve the people with passion, dedication, and integrity. |


| Sl. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 3 | Reason as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as a candidate | The Bharatiya Janata Party is dedicated to selecting the most qualified candidate who can best represent the hopes and desires of the people of the constituency. After extensive consideration and evaluation of all potential candidates, the current candidate was selected as the most suitable choice. The party firmly believes that this candidate has the necessary skills, experience, and dedication to best serve the people of the constituency and represent the values of the BJP. We are confident that this candidate has the ability to bring about positive change and progress for the constituency and will work tirelessly to meet the needs of the people. Therefore, we stand by our decision to field this candidate, who we believe is the best choice to represent the BJP and the people of the constituency. |

Name of the Constituency – (AC No. 59, AC Name: Sanjari Balod)

Name of the Candidate – Shri. Rakesh Kumar Yadav

Signature of the Office Bearer of the Political Party

**Name and Designation:**



**Shri Naresh Chandra Gupta (State Office Incharge- Bharatiya Janata Party Chhattisgarh)**

**Form C 7 Declarations**

**Bharatiya Janata Party, Chhattisgarh**

**Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.**

(As per the Election Commission of India's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

(1) Name of the Constituency – (AC No.81, AC Name: Kanker)
Name of the Candidate – Shri. Asharam Netam

| Sl. | Particulars | | Details |
|---|---|---|---|
| 1 | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | 1. IPC-S.147, 341 |
| | b. | Case no. | 1. CC.No. 919/21 |
| | c. | Name of the court | 1. C.J.M, Kanker |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No |
| | e. | Date of conviction, if any | NA |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | NA |
| | g. | Any other information required to be given | NA |
| 2 | The reason for the selection of the candidate | | Shri. Asharam Netam is a highly dedicated individual who has tirelessly devoted their time and efforts to social service in the constituency for many years. They have a deep understanding of the needs and challenges of the people and have worked tirelessly to improve the quality of life for all members of the community. They have built strong relationships with the voters, establishing a genuine and positive rapport with them, and have earned their trust and respect. Their unwavering commitment to the betterment of the community is reflected in their track record of achievements and the numerous positive changes they have brought about. We are confident that they are the best choice to represent the constituency and will continue to serve the people with passion, dedication, and integrity. |


| Sl. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 3 | Reason as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as a candidate | The Bharatiya Janata Party is dedicated to selecting the most qualified candidate who can best represent the hopes and desires of the people of the constituency. After extensive consideration and evaluation of all potential candidates, the current candidate was selected as the most suitable choice. The party firmly believes that this candidate has the necessary skills, experience, and dedication to best serve the people of the constituency and represent the values of the BJP. We are confident that this candidate has the ability to bring about positive change and progress for the constituency and will work tirelessly to meet the needs of the people. Therefore, we stand by our decision to field this candidate, who we believe is the best choice to represent the BJP and the people of the constituency. |

Name of the Constituency – (AC No.81, AC Name: Kanker)

Name of the Candidate – Shri. Asharam Netam

Signature of the Office Bearer of the Political Party

**Name and Designation:**



**Shri Naresh Chandra Gupta (State Office Incharge- Bharatiya Janata Party Chhattisgarh)**

**Form C 7 Declarations**

**Bharatiya Janata Party, Chhattisgarh**

**Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.**

(As per the Election Commission of India's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

(1) Name of the Constituency – (AC No.72, AC Name: Kawardha)
Name of the Candidate – Shri. Vijay Sharma

| Sl. | Particulars | | Details |
|---|---|---|---|
| 1 | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | 1. IPC- S. 147, 148, 149, 109, 353, 323, 353-A, 186, 188, 295, 427, 120-B, 144, 152, 440, 452, 455, 295-A, Prevention of Damage to Public Property Act, 1984- S. 3; 2. IPC- S. 294, 186, 506, 34, Scheduled Castes and Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989- S. 3(1); 3. IPC- S. 147, 186, 353, 427 Prevention of Damage to Public Property Act, 1984- S. 3; 4. IPC- S. 137, 186, 341; 5. IPC- S. 147, 188; 6. IPC- S. 147, 353, 332, 294, 295, 427, 153-A Prevention of Damage to Public Property Act, 1984- S. 3 Arms Act, 1959- S. 25,27; 7. IPC- S. 342, 147 |
| | b. | Case no. | 1. CC.No. 135/2022; 2. CC.No. 874/2021; 3. CC.No. 456/2021 4. FIR No. 98/2020; 5. FIR No. 99/2020; 6. FIR No. 804/2021; 7. FIR No.07/2022 |
| | c. | Name of the court | 1. C.J.M. Kawardha; 2. Special Magistrate, Kawardha; 3. J.M.F.C. (Pandariya) |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | 1. No at C.J.M. (Kawardha); 2. Yes at Special Magistrate (Kawardha); 3.No at J.M.F.C. (Pandariya) |
| | e. | Date of conviction, if any | NA |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | NA |
| | g. | Any other information required to be given | In FIR No. 99/2020 and FIR No. 804/2021, the candidate has obtained bail. |

| Sl. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| | | Shri. Vijay Sharma is a highly dedicated individual who has tirelessly devoted their time and efforts to social service in the constituency for many years. They have a deep understanding of the needs and challenges of the people and have worked tirelessly to improve the quality of life for all members of the |


| | | |
|---|---|---|
| 2 | The reason for the selection of the candidate | a genuine and positive rapport with them, and have earned their trust and respect. Their unwavering commitment to the betterment of the community is reflected in their track record of achievements and the numerous positive changes they have brought about. We are confident that they are the best choice to represent the constituency and will continue to serve the people with passion, dedication, and integrity. |
| 3 | Reason as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as a candidate | The Bharatiya Janata Party is dedicated to selecting the most qualified candidate who can best represent the hopes and desires of the people of the constituency. After extensive consideration and evaluation of all potential candidates, the current candidate was selected as the most suitable choice. The party firmly believes that this candidate has the necessary skills, experience, and dedication to best serve the people of the constituency and represent the values of the BJP. We are confident that this candidate has the ability to bring about positive change and progress for the constituency and will work tirelessly to meet the needs of the people. Therefore, we stand by our decision to field this candidate, who we believe is the best choice to represent the BJP and the people of the constituency. |

Name of the Constituency – (AC No.72, AC Name: Kawardha)

Name of the Candidate – Shri. Vijay Sharma

Signature of the Office Bearer of the Political Party

**Name and Designation:**



**Shri Naresh Chandra Gupta (State Office Incharge- Bharatiya Janata Party Chhattisgarh)**

**Form C 7 Declarations**

**Bharatiya Janata Party, Chhattisgarh**

**Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.**

(As per the Election Commission of India's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

(1) Name of the Constituency – (AC No.43, AC Name: Mahasamund)
Name of the Candidate – Shri. Yogeshwar Raju Sinha

| Sl. | | Particulars | Details |
|---|---|---|---|
| 1 | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | 1. IPC- S. 147, 341. |
| | b. | Case no. | 1. CC.No. 2597/2023 |
| | c. | Name of the court | 1. C.J.M., Mahasamund |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No |
| | e. | Date of conviction, if any | NA |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | NA |
| | g. | Any other information required to be given | NA |
| 2 | The reason for the selection of the candidate | | Shri. Yogeshwar Raju Sinha is a highly dedicated individual who has tirelessly devoted their time and efforts to social service in the constituency for many years. They have a deep understanding of the needs and challenges of the people and have worked tirelessly to improve the quality of life for all members of the community. They have built strong relationships with the voters, establishing a genuine and positive rapport with them, and have earned their trust and respect. Their unwavering commitment to the betterment of the community is reflected in their track record of achievements and the numerous positive changes they have brought about. We are confident that they are the best choice to represent the constituency and will continue to serve the people with passion, dedication, and integrity. |


| Sl. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 3 | Reason as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as a candidate | The Bharatiya Janata Party is dedicated to selecting the most qualified candidate who can best represent the hopes and desires of the people of the constituency. After extensive consideration and evaluation of all potential candidates, the current candidate was selected as the most suitable choice. The party firmly believes that this candidate has the necessary skills, experience, and dedication to best serve the people of the constituency and represent the values of the BJP. We are confident that this candidate has the ability to bring about positive change and progress for the constituency and will work tirelessly to meet the needs of the people. Therefore, we stand by our decision to field this candidate, who we believe is the best choice to represent the BJP and the people of the constituency. |

Name of the Constituency – (AC No.43, AC Name: Mahasamund)

Name of the Candidate – Shri. Yogeshwar Raju Sinha

Signature of the Office Bearer of the Political Party

**Name and Designation:**



**Shri Naresh Chandra Gupta (State Office Incharge- Bharatiya Janata Party Chhattisgarh)**

**Form C 7 Declarations**

**Bharatiya Janata Party, Chhattisgarh**

**Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.**

(As per the Election Commission of India's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

(1) Name of the Constituency – (AC No.73, AC Name: Khairagarh)
Name of the Candidate – Shri. Vikrant Singh

| Sl. | | Particulars | Details |
|---|---|---|---|
| 1 | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | 1. IPC- S. 188, 451, 186, 147, 2-IPC- S. 186, 147, 294, 506, 353, 427 |
| | b. | Case no. | 1. CC.No. 20/2022, 2. CC.No. 826/2022 |
| | c. | Name of the court | 1. A.C.J.M, Khairagarh, 2 A.C.J.M, Khairagarh |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No |
| | e. | Date of conviction, if any | NA |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | NA |
| | g. | Any other information required to be given | No |
| 2 | The reason for the selection of the candidate | | Shri. Vikrant Singh is a highly dedicated individual who has tirelessly devoted their time and efforts to social service in the constituency for many years. They have a deep understanding of the needs and challenges of the people and have worked tirelessly to improve the quality of life for all members of the community. They have built strong relationships with the voters, establishing a genuine and positive rapport with them, and have earned their trust and respect. Their unwavering commitment to the betterment of the community is reflected in their track record of achievements and the numerous positive changes they have brought about. We are confident that they are the best choice to represent the constituency and will continue to serve the people with passion, dedication, and integrity. |


| Sl. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 3 | Reason as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as a candidate | The Bharatiya Janata Party is dedicated to selecting the most qualified candidate who can best represent the hopes and desires of the people of the constituency. After extensive consideration and evaluation of all potential candidates, the current candidate was selected as the most suitable choice. The party firmly believes that this candidate has the necessary skills, experience, and dedication to best serve the people of the constituency and represent the values of the BJP. We are confident that this candidate has the ability to bring about positive change and progress for the constituency and will work tirelessly to meet the needs of the people. Therefore, we stand by our decision to field this candidate, who we believe is the best choice to represent the BJP and the people of the constituency. |

Name of the Constituency – (AC No.73, AC Name: Khairagarh)

Name of the Candidate – Shri. Vikrant Singh

Signature of the Office Bearer of the Political Party

**Name and Designation:**



**Shri Naresh Chandra Gupta (State Office Incharge- Bharatiya Janata Party Chhattisgarh)**

## सरपंच के विरुद्ध अविश्वास मामले में नायब तहसीलदार दरिमा पीठासीन अधिकारी नियुक्त

**अम्बिकापुर** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं विहित प्राधिकारी अम्बिकापुर श्रीमती पूजा बंसल ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा 21 (2) की प्रदत्त शक्तियों के अधीन दरिमा के नायब तहसीलदार को विकासखण्ड अम्बिकापुर के ग्राम पंचायत सखौली के सरपंच के विरूद्ध लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के लिए बुलाए गए सम्मिलन की अध्यक्षता करने के प्रयोजन के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया है।

## पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**सूरजपुर** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के समस्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को विधानसभा निर्वाचन के दौरान बरते जाने वाले सावधानियों, मतदान के दौरान पुलिस के कर्तव्य व निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के निर्देश पर अनुविभागवार चरणबद्ध प्रशिक्षण, कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को प्रथम चरण का पुलिस अनुभाग सूरजपुर, ओड़गी, रक्षित केन्द्र व समस्त कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व मास्टर ट्रेनर प्राचार्य पी.सी.सोनी द्वारा दिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव कराना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। लोग बिना किसी भय, प्रलोभन के मतदान कर सकें, इसके लिए उचित वातावरण बनाए रखने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मास्टर ट्रेनर पी.सी.सोनी ने पुलिस अधिकारियों को मतदान के पहले, मतदान के दिन और मतदान के बाद की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई।

# जेएसडब्ल्यू पावर प्लांट में हुआ हादसा, जिंदा युवक पर डाल दिया फ्लाई ऐश

**रायगढ़** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के खरसिया विधानसभा के नहरपाली में स्थित जेएसडब्ल्यू पावर प्लांट में सोमवार की रात लोडिंग पाइंट में लोडर आपरेटर की लापरवाही से ट्रक चालक की मौत हो गई।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जेएसडब्ल्यू के पॉवर प्लांट के लोडिंग पॉइंट पर सोमवार की रात ट्रकों में प्लांट के ऐश का लोडिंग लोडर से हो रहा था। इस दौरान कतार में दो ट्रक खड़ी थी। इसी बीच कमाक्षी ट्रांसपोर्ट की ट्रक ड्राइवर सोनू यादव उम्र 22 वर्ष निवासी खम्हारडीह डभरा। अपनी ट्रक को लोडिंग पॉइंट पर लेकर गया और ट्रक के डाला में प्लास्टिक बिछाने लगा। ताकि ट्रक में लोडिंग फ्लाई ऐश की अनलोडिंग जल्दी से हो सके। इसी दौरान लोडर ऑपरेटर सामने वाली ट्रक को लोड कर सोनू यादव के ट्रक के पास आ पहुंचा और बगैर किसी सूचना के लोडर ऑपरेटर ने फ्लाई ऐश उक्त ट्रक में लोडिंग करना शुरू कर दिया। जिससे ट्रक के भीतर ड्राइवर सोनू फ्लाई ऐश के भीतर दफन हो गया और फिर वहीं उसकी मौत हो गई। अचानक घटी इस घटना की किसी को जानकारी तक नही लग सकी।

फ्लाई ऐश लोड़ होनें के बाद ट्रक लोडिंग पॉइंट पर खड़ी थी। इस दौरान ड्राइवर सोनू की तलाश होने लगी। देर रात तक साथी ड्राइवर सोनू की तलाश करते रहे। इसके बावजूद उसका कुछ पता नही चल सका। मंगलवार की सुबह काफी खोजबीन के बादजूद सोनू के नही मिलने पर संदेह के आधार पर जब ट्रक को अनलोड कराया गया। तब जाकर पूरे घटना का खुलासा हो सका।

इस संबंध में थाना प्रभारी राजेश जांगड़े ने बताया कि लोडर चालक की लापरवाही से ट्रक में तिरपार बिछा रहे युवक पर फ्लाई ऐश लोड़ कर दिया गया जिससे दम घुटने से उसकी मौत हो गई। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले के खिलाफ कड़ी से कडी कार्रवाई की जाएगी।

# खेल जगत

## उभरती खेल प्रतिभाओं का मार्गदर्शन करेंगी साइना

**हैदराबाद** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल को दक्षिण भारत की प्रमुख बैडमिंटन कोचिंग अकादमी 'बैडमिंटन प्रोस' ने अपना मेंटर नियुक्त किया है। साइना इस उद्यम में हमवतन राष्ट्रमंडल स्वर्ण पदक विजेता और ओलंपियन पारुपल्ली कश्यप और राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आरएमवी गुरुसाई दत्त के साथ शामिल हो गई हैं। 'द बैडमिंटन प्रोफेशनल्स' के तत्वावधान में 'बैडमिंटन प्रोस' की सह-स्थापना विजय लैंसी, सीईओ, थॉमस क्यूपर, अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी और आईआईएम कलकत्ता ग्रेजुएट ने अर्जुन पुरस्कार विजेता और ओलंपियन अनूप श्रीधर के साथ मिलकर की है। यह अकादमी हैदराबाद, बैंगलोर और मुंबई में स्थित हैं। मेंटर के रूप में साइना उभरती खेल प्रतिभाओं के विकास में सहयोग करेंगी, जिससे उन्हें मानसिक दृढ़ता बनाने और उनके खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद मिलेगी।



# कप्तान शाहिदी और ओमरजई की शतकीय भागीदारी से अफगानिस्तान का भारत के खिलाफ चुनौतीपूर्ण स्कोर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत के सदाबहार अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (3/39) की रफ्तार के साथ दिखाई धार के बावजूद कप्तान बाएं हाथ के हशमतुल्लाह शाहिदी( 80 रन, 88 गेंद, एक छक्का, आठ चौके) और अजमतुल्लाह ओमरजई (62 रन, 69 गेंद, चार छक्के, दो चौके) की शुरू के तीन विकेट सस्ते में गंवाने के बाद आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप मैच में जवाबी हमला बोलते हुए चौथे विकेट की मात्र 128 गेंद में मात्र 121 रन की तेज भागीदारी की बदौलत टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करने वाले अफगानिस्तान ने यहां अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 272 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। फिरोजशाह कोटला की सपाट पिच पर भारत के उपकप्तान हार्दिक पांडया (2/43) ने रहमतुल्लाह गुरबाज (21 रन, तीन चौके, एक छक्का) को धीमे बाउंसर पर शार्दूल ठाकुर के हाथों कैच कराने के बाद अजमतुल्लाह ओमरजई को धीमी गेंद पर बोल्ड उनकी और कप्तान शाहिदी की खतरनाक होती भागीदारी को तोड़ अफगानिस्तान को विशाल स्कोर बनाने से रोक दिया। अफगानिस्तान का ओमरजई को बल्लेबाजी में नबी से उपर पांचवें नंबर पर भेजने का फैसला खासा कारगर रहा।

जसप्रीत बुमराह ने अपने चौथे ओवर की चौथी गेंद पर अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान (22 रन, 28 गेंद, चार चौके) को आउट कर भारत के पहली कामयाबी दिलाने के बाद मारधाड़ वाले ओवरों में अपने दूसरे स्पैल में अपने छठे नजीबुल्लाह जादरान(2) को विराट कोहली के हाथों और इससे अगले ओवर में मोहम्मद नबी (19 रन, एक चौका , 27 गेंद) को एलबीडब्ल्यू आउट और फिर अपने दसवें व अंतिम तथा पारी के अंतिम पूर्व की पहली गेंद पर खतरनाक होते दिखे राशिद खान (16 रन, 12 गेंद, एक चौका, एक छक्का) पर स्वीपर कवर पर कुलदीप यादव के हाथों लपकवाया। दरअसल जडेजा और कुलदीप दोनों ही राशिद के कैच के लिए दौड़े लेकिन अंतत कुलदीप ने अपने दूसरे प्रयास में गेंद को लपकने में कोई गलती नहीं जमकर खेल रहे अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी को बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव (1/40) ने रिवर्स स्वीप करने पर मजबूर कर एलबीडब्ल्यू आउट किया। शार्दूल ठाकुर ने रहमत शाह (16) को एलबीडब्ल्यू आउट किया।

अजमतुल्लाह ओमरजई ने संभल कर आगाज करने के अचानक गियर बदला और खासतौर पर बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव के पांचवें ओवर में दो छक्के जड़ कुल 14 रन लिए और फिर बाएं हाथ के रवींद्र जडेजा को निशाने लिया। ओमरजई ने कप्तान हशमतुल्लाह शाहिद ने 118 गेंदों में चौथे विकेट की शतकीय भागीदारी कर अफगानिस्तान की पारी संभाली। बर्डथे बॉय हार्दिक पांडया ने अपने दूसरे स्पैल के पहले ओवर में चतुर गति परिवर्तन से तूफानी अंदाज पकड़ चुके ओमरजई (62 रन, 69गेंद, चार छक्के, दो चौके को धीमी गेंद से छकाया और गेंद उनके बल्ले को छका कर उनका ऑफ स्टंप उड़ा ले गई और इसके साथ ही उनके कप्तान हशमतुल्लाह के साथ खतरनाक होती भागीदारी के 35 ओवर में टूटने से अफगानिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 184 रन हो गया।ओमरजई(50 रन, एक छक्का, 62 गेंद, चार छक्के, एक चौका) ने अपना अर्द्धशतक पारी के 32 वें ओवर में मोहम्मद सिराज की गेंद पर दो रन लेकर पूरा किया और अफगाानिस्तान के स्कोर तीन विकेट पर 161 रन पर पहुंचाया। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने पहले हार्दिक की गेंद को स्लैश कर चौका जड़ अपना अर्द्धशतक 57 गेंद खेल कर चार चौकों की मदद से पूरा किया और इससे ठीक पहले उन्होंने एक रन जोड़ कर ओमरजई के साथ शतकीय भागीदारी पूरी की थी।

बर्थडे बॉय भारत के उपकप्तान हार्दिक पांडया के तीसरे ओवर में तेज बाउंसर को हुक करने की कोशिश में रहमतुल्लाह गुरबाज (21 रन, 28 गेंद, एक छक्का, तीन चौके) ने हुक करने की कोशिश की इस पर डीप फाइन लेग पर मैदान से बाहरी गेंद को शार्दूल ठाकुर ने लपका वापस भीतर मैदान की ओर उछाल शानदार कैच लपक कर अफगानिस्तान का स्कोर 12.4 ओवर में दो विकेट पर 63 रन कर दिया। गुरबाज ने आउट होने से पहले अफगानिस्तान की पारी का पहला छक्का शार्दूल के पहले ओवर में जड़ा था। रहमत शाह (16 रन, 22गेंद, तीन चौके) अगले ओवर में शार्दूल ठाकुर की गेंद ड्राइव करने में चूके और गेंद सीधे उनके पैड पर लगी और अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट घोषित इस पर रहमत ने डीआरएस लिया लेकिन फैसला यही रहा और अफगानिस्तान का स्कोर 13.1 ओवर में तीन विकेट पर 63 रन हो गया। मजबूत शुरुआत करने की कोशिश करती दिखती अफगानिस्तान की टीम ने पहले पॉवरप्ले में 10 ओवर मे मात्र इब्राहिम जारदान का विकेट खोकर 48 रन बनाने के बाद अगले 3.1 ओवर में 15 रन और जोड़ कर पहले रहमतुल्लाह गुरबाज और फिर रहमत शाह के विकेट गंवा मुश्किल में पड़ गई। एक संयोग यही रहा कि हार्दिक और शार्दूल ने अपना अपना पहला विकेट अपने अपने तीसरे ओवर में लिया। अफगानिस्तान से दसवें से 20 ओवर के बीच दो विकेट खोए और मात्र 35 रन जोड़े इससे अगले यानी 20 से 30 ओवर में अफगानिस्तान ने सबसे तेज 64 रन जोड़ अपने स्कोर को तीन विकेट पर 147 रन पर पहुचाया और इस दौरान अजमतुल्लाह ओमरजई और कप्तान हशमतुल्लाह शाहिद ने भारत के दोनों स्पिनरें कुलदीप यादव और रवींद्र ज़डेजा को खासा निशाना बनाने के साथ बुधवार को बराबर शॉर्ट गेंद करने वाले तेज तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की गेंदों की जमकर धुनाई कर खूब चौके जोडे। अफगानिस्तान ने शुरू पहले दस ओवर में एक विकेट खोकर 48 रन बनाए थे।

अफगानिस्तान ने पहले 50 रन 62 गेंदों और 100 रन 24 ओवर में पूरे किए। ओमरजई ने बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव के पांचवें और पारी के 24 वें ओवर की दूसरी और चौथी गेंद पर छक्का तीसरे विकेट के लिए 70 गेंदों में कप्तान हशमतुल्ला शाहिदी के साथ चौथे विकेट के लिए 50 रन की भागीदारी कर अफगानिस्तान की पारी को मजबूती दी। कुलदीप ने अपने पांचवें में दो छक्कों सहित 14 रन दिए और उनका पहला स्पैल रहा 5-0-23-0 ।

भारत के लिए गेंदबाजी आक्रमण का आगाज अनुभवी जसप्रीत बुमराह ने दिल्ली गेट छोर से किया। विकेटकीपर बल्लेबाज रहमतुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने अफगानस्तिान की पारी का आगाज किया। बुमराह ने अफगानिस्तान के दोनों सलामी बल्लेबाजों के खिलाफ ऑफ स्टंप या उससे कुछ बाहर गेंद रखी। बुमराह को ऑफ स्टंप के जरा बाहर गेंद कराने का लाभ मिला और उनके चौथे ओवर की चौथी गेंद ऑफ स्टंप पर गिर कर जरा ही बाहर निकली गेंद को आक्रामक अंदाज में आगाज करने वाले सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान(22 रन, 28 गेंद, चार चौके) ने रोकने की कोशिश की लेकिन गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों में जा समाई और अफगानिस्तान ने पहला विकेट 6.4 ओवर में 32 रन पर खो दिया। बुमराह का स्पेल रहा 4-0-9-1 । उनके शुरू के चार ओवर में मात्र एक चौका इब्राहिम जादरान ने उनकी गेंद को दूसरी स्लिप के उपर से तेज स्लैश कर जड़ा। बुमराह की जगह गेंद दिल्ली गेट छोर से बर्थडे बॉय हार्दिक पांडया ने संभाली। मोहम्मद सिराज ने गेंद को आगे रखकर जादरान और गुरबाज को ड्राइव करा आउट करने की कोशिश में अपने शुरू के चार ओवर में छह चौके खाए कवर और मिडविकेट के बीच से खाए। अफगानिस्तान के लिए पारी का पहला छक्का शार्दूल ठाकुर की गेंद को उनके पहले ही ओवर में गुरबाज ने मिडविकेट के उपरसे उड़ा कर लगाया। अफगानिस्तान ने अपने 50 रन 10.2 ओवर में पूरे किए तब गुरबाज 21 और रहमत शाह पांच रन पर थे।



## भारत-अफगानिस्तान का मैच देखने के लिए उमड़ी भीड़

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)।। भारत में क्रिकेट खेल नहीं, जुनून है लेकिन इस मामले में भी दिल्ली वालों की बात अलग है। चूंकि मंच वर्ल्ड कप का है और दिल्ली के हिस्से में टीम इंडिया का एक ही मैच आया है, इसलिए दिल्लीवालों का एक्साइटमेंट लेवल हाई होना तो बनता है। पूरी दुनिया में दिल्ली की गर्मी बदनाम है, लेकिन भला ये क्रिकेट फैंस और उनके फेवरेट क्रिकेटरों के बीच कैसे आ सकती है। ये बात हम हवा में नहीं कह रहे हैं, इस बात की गवाही भारत और अफगानिस्तान के बीच वर्ल्ड कप-2023 का 9वां मैच दे रहा है, जो दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जा रहा है।




भीषण उमस व दोपहर में हो रही तेज धूप ने दिल्ली वालों का हाल बिगाड़ रखा है। मगर, भारतीय क्रिकेट फैंस इन चीजों को नजरअंदाज कर अफगानिस्तान के खिलाफ अपनी टीम का समर्थन करने भारी संख्या में पहुंचे हैं। डीडीसीए के एक अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि उन्हें उम्मीद है कि शाम तक फैंस की गिनती और बढ़ जाएगी। इस बीच एक युवा क्रिकेट प्रशंसक ने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि गर्मी है या बारिश या कुछ भी हो। जब टीम इंडिया की बात आती है, तो हम उनका समर्थन करने के लिए मौजूद रहेंगे। एक अन्य प्रशंसक ने कहा, गर्मी की किसे परवाह है? आइए भारत के लिए जयकार करें। इससे पहले, जब टूर्नामेंट शुरू हुआ था तो गत चैंपियन इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच पहले मैच को देखने के लिए नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कम लोगों के आने के बाद मीम्स का दौर चल रहा था। हालांकि, जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ा, ऐसा लगा कि यह गति पकड़ रहा है और अधिक लोगों को स्टेडियम की ओर आकर्षित कर रहा है।

## राष्ट्रीय शूटिंग शिविर कर्णी सिंह रेंज में शुरू

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। 19वें एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन के ठीक एक हफ्ते बाद भारतीय शूटिंग टीम आगामी 15वीं एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप (एएससी) की तैयारी के लिए राष्ट्रीय शिविर में वापस आ गई है। यह चैंपियनशिप अतिरिक्त महत्व रखती है, क्योंकि वे कुल 24 पेरिस ओलंपिक कोटा स्थानों की पेशकश करेंगे जो राइफल, पिस्टल और शॉटगन श्रेणियों में 12 व्यक्तिगत ओलंपिक स्पर्धाओं में समान रूप से विभाजित हैं।



भारतीय टीम पहले ही निशानेबाजी में सात पेरिस कोटा जीत चुकी है और चांगवोन में 17 में से अधिक से अधिक कोटा हासिल करना चाहेगी।

सीनियर टीम में 17 कोच और आठ सहयोगी स्टाफ के साथ शिविर में कुल 38 निशानेबाज हैं। दूसरी ओर जूनियर टीम में 36 निशानेबाजों के साथ 12 कोच और पांच सहयोगी स्टाफ सदस्य हैं।

शिविर हाई-परफॉर्मेंस निदेशक डॉ. पियरे ब्यूचैम्प के साथ-साथ विदेशी कोच थॉमस फार्निक (राइफल), मुंखबयार दोर्जसुरेन (पिस्टल), मार्सेलो ड्राडी (ट्रैप) और एन्रियो फाल्को (स्कीट) की देखरेख में चलाया जाएगा। शिविर की अवधि विभिन्न समूहों के लिए उनके चांगवोन कार्यक्रम के आधार पर होती है। 15वीं एएससी में प्रतियोगिताएं 24 अक्टूबर से शुरू होंगी और फाइनल इवेंट 1 नवंबर को निर्धारित हैं।

## भारत-पाक मुकाबले के लिए पीसीबी प्रमुख जका अशरफ जल्द आएंगे इंडिया



**लाहौर,** 11 अक्टूबर (आईएएनएस)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जका अशरफ शनिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत के खिलाफ होने वाले टीम के मैच को देखने के लिए गुरुवार को भारत आएंगे।

जका अशरफ ने यह फैसला पाकिस्तानी मीडिया कर्मियों को आईसीसी विश्व कप-2023 को कवर करने के लिए भारतीय वीजा के लिए अपने पासपोर्ट जमा करने की अनुमति मिलने के बाद लिया है। पीसीबी प्रमुख ने कहा, मैंने भारत की अपनी यात्रा में देरी कर दी और मैं इस बात की पुष्टि मिलने के बाद यात्रा कर रहा हूं कि पाकिस्तान के पत्रकारों को मेगा इवेंट को कवर करने के लिए वीजा प्राप्त करने के लिए अपने पासपोर्ट जमा करने के लिए कहा गया है। मुझे खुशी है कि विदेश कार्यालय के साथ मेरी बातचीत से अच्छा परिणाम हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने टीम के परफॉर्मेंस पर कहा, %%विश्व कप में अब तक खिलाड़ियों ने जिस तरह से प्रदर्शन किया है और दोनों मैच जीते हैं उससे मैं बेहद खुश हूं। पीसीबी प्रबंधन समिति और पूरा देश मौजूदा विश्व कप में सफल अभियान के लिए खिलाड़ियों के साथ मजबूती से खड़ा है।

पाकिस्तान ने विश्व कप में अब तक अपने दोनों मैच जीते हैं। ये मैच हैदराबाद में खेले गए, जहां पाकिस्तान ने नीदरलैंड और श्रीलंका को हराया। अब ये टीम अहमदाबाद में भारत से भिड़ेगी जो टूर्नामेंट के लीग चरण में सबसे बड़ा मुकाबला होगा।

## भारत-पाक से पहले शाहीन अफरीदी को फॉर्म में लौटना अहम : वकार

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वकार यूनिस ने विश्व कप-2023 के दो मैचों में शाहीन अफरीदी के खराब प्रदर्शन की ओर इशारा किया और कहा कि टीम को इस बात पर काम करने की जरूरत है कि आखिर यह तेज गेंदबाज क्या गलती कर रहा है। मोहम्मद रिजवान (131) और अब्दुल्ला शफीक (113) के शानदार शतकों की बदौलत पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ मैच में विश्व कप का सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल कर मंगलवार को टूर्नामेंट में अपना लगातार दूसरा मैच जीत लिया।

हालांकि, पाकिस्तान के गेंदबाजों ने संघर्ष किया जिससे श्रीलंका ने 50 ओवर में 344 रन बनाए। कुसल मेंडिस और सदीरा समाराविक्रमा के



> पाकिस्तान के लिए कोई भी मैच तब आसान हो जाता है जब शाहीन शुरुआती विकेट लेने में कामयाब रहते हैं। पिछले कुछ वर्षों में वो लगातार ऐसा करते भी आएं है लेकिन इन दिनों वो खराब फॉर्म में हैं। वो बहुत कोशिश कर रहे हैं मगर वो कामयाब नहीं हो रहे
> : वकार यूनिस

शतकों ने एक मजबूत लक्ष्य निर्धारित किया, जिससे यह एक विजयी स्कोर जैसा लग रहा था। इस मैच में अफरीदी पाकिस्तान के लिए सबसे महंगे गेंदबाज रहे। उन्होंने 9 ओवर में 66 रन दिए और सिर्फ एक विकेट हासिल किया। टूर्नामेंट में शाहीन खराब फॉर्म में नजर आ रहे हैं जिसका खामियाजा उनकी टीम को उठाना पड़ा। वकार यूनिस ने स्टार स्पोर्ट्स पर बात करते हुए कहा, पाकिस्तान के लिए कोई भी मैच तब आसान हो जाता है जब शाहीन शुरुआती विकेट लेने में कामयाब रहते हैं। पिछले कुछ वर्षों में वो लगातार ऐसा करते भी आएं है लेकिन इन दिनों वो खराब फॉर्म में हैं। वो बहुत कोशिश कर रहे हैं मगर वो कामयाब नहीं हो रहे। उन्होंने पैड पर गेंदबाजी करते हुए, ऑफ स्टंप के बाहर और ओवर द विकेट की कोशिश की है लेकिन सफल नहीं हो रहे। पूर्व तेज गेंदबाज ने अनुमान लगाया कि शाहीन शायद किसी परेशानी से जूझ रहे होंगे जिसके बारे में टीम प्रबंधन को उनसे बात करनी चाहिए।

उनका फॉर्म में लौटना टीम के लिए अहम है क्योंकि अब पाकिस्तान को भारत के खिलाफ खेलना है। शाहीन का रिकॉर्ड भारत के खिलाफ शानदार रहा है। इसलिए, वह टीम का एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी है पाकिस्तान का अगला मुकाबला 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत से होगा।

## शतकवीर कोहली, डी कॉक व मलान ने आईसीसी रैंकिंग में लगायी छलांग

**दुबई,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। आईसीसी एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप में शतकों की झड़ी ने बल्लेबाज रैंकिंग पर जबरदस्त प्रभाव डाला है। ताजा रैंकिंग में विराट कोहली, क्विंटन डी कॉक और डेविड मलान शीर्ष दस बल्लेबाजों की फेहरिस्त में शामिल हो चुके हैं।

गौरतलब है कि भारत में खेले जा रहे आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के शुरुआती आठ मैचों में दस शतक लग चुके हैं। श्रीलंका के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के डी कॉक के धमाकेदार शतक ने सलामी बल्लेबाज को एक पायदान ऊपर उठा कर छठा स्थान दिलाया है।

आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट विश्व कप के शुरुआती मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच पलटने वाली 85 रनों की पारी के बाद भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने दो पायदान ऊपर चढ़ कर सातवां स्थान हासिल किया है वहीं बांग्लादेश के खिलाफ 140 रन की मैच जिताऊ पारी खेलने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज मलान ने सात पायदान की छलांग लगायी है और अब वह आठवें स्थान पर है।

मलान अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग 711 पर काबिज हो चुके है और कोहली से मात्र चार अंक पीछे हैं जबकि पाकिस्तान के इमाम-उल-हक से छह अंक आगे निकल आये हैं। इमाम तीन स्थान गिरकर नौवें स्थान पर आ गए हैं। भारत के कीपर-बल्लेबाज केएल राहुल 15 पायदान चढ़कर 19वें स्थान पर आ गये है जबकि दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला खिलाड़ी






एडेन मार्कराम 11 स्थान ऊपर उठकर अब 21वें स्थान पर हैं। श्रीलंका के खिलाफ 10 और नीदरलैंड के खिलाफ पांच रन बनाने वाले पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम फिलहाल वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर हैं जबकि शुभमन गिल बीमारी के कारण बाहर रहते हुए भी दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। शीर्ष गेंदबाजों ने भी क्रिकेट विश्व कप पर तत्काल प्रभाव डाला है। पिछली रैंकिंग में मोहम्मद सिराज के साथ स्थान साझा करने वाले ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड अब आईसीसी पुरुष वनडे बॉलिंग रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर हैं। भारत के खिलाफ 3/38 विकेट लेने के बाद हेज़लवुड 669 से 682 रेटिंग अंक पर पहुंच गए, जिसमें रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर के शुरुआती विकेट भी शामिल थे। स्पिनर रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव के दम पर भारत ने वह मैच छह विकेट से जीता था जिन्होने ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी क्रम को तोड़ते हुए उन्हें 199 रनों तक सीमित करने में मदद की थी। सिराज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टार्क का आखिरी विकेट लिया और 6.3 ओवर में 1/26 रन बनाए, लेकिन गेंदबाजी रैंकिंग में पांच अंक गिरकर दूसरे स्थान पर आ गए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 42 रन पर दो विकेट लेने वाले कुलदीप तीन पायदान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि जडेजा (3/28) 22 स्थान ऊपर चढ़े हैं, लेकिन अभी भी शीर्ष 40 गेंदबाजों से बाहर हैं। न्यूजीलैंड के तेज तर्रार ट्रेंट बोल्ट दो स्थान ऊपर चढ़ कर तीसरे स्थान पर आ गये है और मैट हेनरी चार स्थान ऊपर उठकर पांचवें स्थान पर हैं।

बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन आईसीसी पुरुष वनडे ऑलराउंडर में शीर्ष स्थान पर हैं। उन्होने विश्व कप के शुरुआती दो मैचों में चार विकेट लिये थे। मिचेल सेंटनर 2/37 के स्कोर के बाद शीर्ष 10 में ऊपर चढ़ने वाले एकमात्र ऑलराउंडर हैं। इंग्लैंड के ख़िलाफ़ 5/59 और तेज़-तर्रार नाबाद 36 रन की पारी के साथ उन्हे प्लेयर-ऑफ़-द-मैच चुना गया था।

## सार संक्षेप

### बास्केटबॉल चैंपियंस लीग में इजरायल के शुरुआती मुकाबले स्थगित

**जेरूसलम।** बास्केटबॉल चैंपियंस लीग में अगले सप्ताह होने वाले इजरायली टीमों के शुरुआती मैच इजरायल में सुरक्षा स्थिति के कारण स्थगित कर दिए गए हैं। इंटरनेशनल बास्केटबॉल फेडरेशन (फीबा) और इज़राइल बास्केटबॉल एसोसिएशन (आईबीबीए) ने मंगलवार को अलग-अलग बयानों में यह घोषणा की। फीबा के निर्णय में हापोएल जेरूसलम और एसएल बेनफिका के बीच ग्रुप जी का खेल शामिल है, जो शुरू में इज़राइल में 17 अक्टूबर के लिए निर्धारित था जबकि ग्रुप एफ में टेलीकॉम बॉन और हापोएल होलोन के बीच मैच जर्मनी में अगली शाम खेला जाना था। फीबा ने जारी बयान में कहा कि इजरायल में परिस्थितियाँ अनुकूल होने पर नई तारीखों की घोषणा की जायेगी। यह निर्णय आईबीबीए से विचार विमर्श के बाद लिया गया है। इस बीच यूरोपीय हैंडबॉल महासंघ के अनुसार महिला हैंडबॉल यूरो 224 क्वालीफायर में इज़राइल के दो शुरुआती मैच, बुधवार को स्लोवाकिया के खिलाफ और शनिवार को जर्मनी के खिलाफ भी स्थगित कर दिए गए है। इज़राइल हैंडबॉल एसोसिएशन ने कहा कि इज़राइल में अधिकांश महिला और पुरुष टीमों के विदेशी खिलाड़ी सुरक्षा स्थिति के कारण देश छोड़ चुके हैं।

### सिंधु ओकुहारा को हराकर आर्कटिक ओपन के अगले राउंड में पहुंची

**वांटा।** भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने आर्कटिक ओपन 223 महिला एकल स्पर्धा के पहले दौर में जापान की नोजोमी ओकुहारा को हराकर अगले राउंड में पहुंच गयी है। सिंधु ने फिनलैंड के वांटा में एनर्जिया एरिना 3 के कोर्ट पर मंगलवार को खेले गये बीडब्ल्युएफ सुपर 5 टूर्नामेंट के महिला एकल मुकाबले में जापान की ओकुहारा को 21-13, 21-6 से शिकस्त दी। सिंधु आर्कटिक ओपन बैडमिंटन 223 के महिला एकल के राउंड ऑफ 32 मैच में ओकुहारा को हराकर अगले राउंड में पहुंच गई है। भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी ने शानदार शुरुआत की और ब्रेक तक 11-6 के स्कोर के साथ 5 अंकों की बढ़त हासिल कर ली। ब्रेक के बाद भी पीवी सिंधु ने गेम पर अपना नियंत्रण बरक़रार रखा और नोज़ोमी के ख़िलाफ़ कोर्ट पर अपना वर्चस्व कायम करते हुए पहला गेम 21-13 से जीत लिया। दूसरे गेम में भी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने शानदार लय जारी रखते हुए ब्रेक तक 8 अंक की बड़ी बढ़त के साथ अपनी जापानी प्रतिद्वंदी पर दबाव बनाए रखा और ओकुहारा को कोई मौक़ा नहीं दिया तथा 21-6 से दूसरा गेम जीतकर मैच को अपने नाम किया। उल्लेखनीय है दोनों खिलाड़ियों के बीच यह 19वां मुक़ाबला था जिसमें जीतने के साथ ही भारतीय खिलाड़ी हेड-टू-हेड आंकड़ों में नोज़ोमी ओकुहारा के ख़िलाफ़ 1-9 से आगे हो गईं हैं। दोनों दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ियों के बीच विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में भी दो बार मुक़ाबला हुआ है जहां दोनों ने एक-एक बार जीत दर्ज की है।

# देश विदेश

## गोला-बारूद लेकर पहला अमेरिकी विमान पहुंचा इजरायल

**यरुशलेम।** इजरायल की सेना ने कहा कि गाजा के सत्तारूढ़ गुट, हमास और लेबनान में आतंकवादियों के साथ जारी संघर्ष में देश की मदद के लिए गोला-बारूद ले जाने वाला पहला अमेरिकी विमान इजरायल पहुंचा। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता डैनियल हागारी ने बुधवार को जारी बयान में कहा, विमान उन्नत गोला-बारूद लेकर मंगलवार रात इज़रायल के दक्षिणी नेगेव रेगिस्तान में नेवातिम एयरबेस पर उतरा।

# इजरायल-हमास संघर्ष में लेबनान भी कूदा

- लेबनान के हिजबुल्लाह समूह ने टैंकरोधी मिसाइलों से इजरायली सेना पर हमला किया
- इजरायली रक्षा मंत्री नाटो देशों को संघर्ष की ताजा स्थिति की जानकारी देंगे



**तेल अवीव,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल और फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के बीच जंग में लेबनान भी शामिल हो गया है और लेबनान के हिजबुल्लाह समूह ने टैंकरोधी मिसाइलों से इज़रायली सेना पर हमला किया जिसके बाद इज़रायली सेना ने लेबनान की ओर भी मोर्चा खोल दिया है। उधर इज़रायली हमले में हमास के दो बड़े कमांडरों के मारे जाने की खबर के बीच गुरुवार को ब्रूसेल्स में नाटो की एक महत्वपूर्ण बैठक में इज़रायली रक्षा मंत्री नाटो देशों को संघर्ष की ताज़ा स्थिति की जानकारी देंगे।

ताज़ा आंकड़ों के अनुसार इज़रायली फौज के हाथों कम से कम 900 फिलिस्तीनियों की मौत हुयी जबकि हमास ने शनिवार को संघर्ष शुरू होने के बाद से 1200 से अधिक इजरायलियों को मौत के घाट उतारा है। हमास ने शनिवार को गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला करके दुनिया को चौंका दिया है। इजरायल द्वारा सोमवार को पूरी तरह से नाकाबंदी करने के आदेश के बाद, गाजा पट्टी इलाके में पानी, खाद्य और ईंधन आपूर्ति पूरी तरह से बंद हो गयी। हमास से जुड़े एक फिलिस्तीनी चैनल 'अल अक्सा' ने बुधवार को बताया कि गाजा पट्टी के दक्षिण में इजरायली हवाई हमले के दौरान हमास आंदोलन की सशस्त्र शाखा, अल-कसम ब्रिगेड के कमांडर के रिश्तेदार मारे गए। एक इजरायली युद्धक विमान ने अल-कसम के मुख्य कमांडर मोहम्मद अल-दीफ के भाई के घर को निशाना बनाया। चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, हमले में घर को पूरी तरह से नष्ट हो गया और हमले में खान यूनिस शहर में उनके भाई, साथ ही उनके भाई के बेटे और बेटी की मौत हो गयी है। हालांकि यह पता नहीं चल सका है कि बमबारी के समय ब्रिगेड कमांडर घर में मौजूद था या नहीं। चैनल ने यह भी बताया कि हमले के परिणामस्वरूप कई लोग घायल हो गए।

## तुर्की की दो एयरलाइनों ने इजरायल के लिए उड़ानें निलंबित की

अंकारा। गाजा पट्टी पर चल रहे संघर्ष के कारण तुर्की स्थित दो एयरलाइनों ने इजरायल से आने-जाने वाली उड़ानें निलंबित कर दी हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, तुर्की एयरलाइंस ने अगली सूचना तक उड़ानें निलंबित कर दी हैं। अपनी वेबसाइट के अनुसार, एयरलाइन का कहना है कि वह तेल अवीव फ्लाइटों वाले लोगों के लिए टिकट में कुछ बदलाव और रिफंड की अनुमति देगी।

## *हमास के हमलों का जवाब देना इजराइल का अधिकार : बाइडेन*

*__वाशिंगटन डीसी।__ अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि सप्ताहांत में हमास के हमलों का जवाब देना इजरायल का अधिकार और कर्तव्य है, जिसे उन्होंने 'सरासर दुष्ट कृत्य' करार दिया है। श्री बाइडेन ने कहा कि अमेरिका 'इजरायल के साथ खड़ा रहेगा' और उसे जो भी सहायता की आवश्यकता होगी वह प्रदान करेगा। श्री बाइडेन ने कहा कि हमलों में कम से कम 14 अमेरिकी मारे गए और अन्य अमेरिकी नागरिकों को बंधक बना लिया गया। एक ब्रीफिंग में मंगलवार को एक राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता ने कहा कि कम से कम 20 अमेरिकी लापता थे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि उनमें से कितने को हमास ने बंदी बना लिया है। समूह के उग्रवादियों ने शनिवार को गाजा पट्टी में कई स्थानों पर सीमा बाड़ को तोड़ दिया और सबसे गंभीर सीमा पार हमला किया, जिसका इज़राइल ने एक पीढ़ी में सामना किया है।*



## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 12 अक्टूबर , 2023 आश्विन कृष्ण पक्ष 13**

### राशिफल

मेष -आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम की तुलना में कम फल की प्राप्ति होगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है।

वृषभ -आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा।

मिथुन -नई योजना का आरंभ करने के लिए आज अनुकूल दिन है। सरकारी काम में लाभ होगा। अधिकारियों से काम का उचित फल भी मिल सकता है। भाई-बंधुओं के साथ कोई झगड़ा दूर होगा। विचार लगातार परिवर्तन होते रहेंगे।

कर्क -नेगेटिव विचारों से मन परेशान रह सकता है। मानसिक रूप से स्वस्थता का अनुभव नहीं करेंगे। निराशा और असंतोष की भावना से काम में मन नहीं लगेगा। कुंटुंबजनों के साथ किसी विषय पर वाद-विवाद हो सकता है।

सिंह -आप में आज आत्मविश्वास कूट-कूटकर भरा रहेगा। किसी भी काम को करने के लिए आप जल्दबाज़ी में निर्णय ले सकते हैं। पिता तथा बड़ों की ओर से लाभ होगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है।

कन्या -आज इगो के कारण किसी से बातचीत में मनमुटाव हो सकता है। शारीरिक थकान और मानसिक तनाव अधिक रहेगा। मित्रों के साथ किसी बात विवाद हो सकता है। स्वभाव में आवेश और क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी।

तुला -आपका आज का दिन शुभफलदायी है। कई क्षेत्रों से आपको लाभ होगा। इनकम में भी वृद्धि हो सकती है। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे धन खर्च भी हो सकता है। पर्यटन स्थल की सैर आपको रोमांचित करेगी।

वृश्चिक -आज का दिन आपके लिए अच्छा होगा। व्यापार स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। उच्च अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। आप का हर काम आज सफलता से पूरा होगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

धनु -आज आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। शारीरिक रूप से आलस्य और अशक्ति का अनुभव करेंगे। मन में चिंता रह सकती है। व्यापार में बाधाएं उपस्थित होंगी। गलत कामों से दूरी बनाए रखें।

मकर -आज अचानक धन खर्च होने का योग है। यह खर्च स्वास्थ्य के कारण भी हो सकता है। व्यावहारिक या सामाजिक काम के लिए बाहर जाना हो सकता है। खान-पान में ध्यान रखें। क्रोध तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

कुंभ -रोमांस के लिए आज अनुकूल दिन है। आज का हर कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूरा करेंगे। प्रवास-पर्यटन की संभावनाएं है। अच्छा भोजन और नए वस्त्र मिलने का अवसर मिल सकता है।

मीन -आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। आज आपके मनोबल और आत्मविश्वास में दृढ़ता का अनुभव होगा। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। स्वभाव और वाणी में उग्रता रह सकती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## एर्दोगन व पुतिन ने इजरायल-फिलिस्तीनी तनाव पर की चर्चा

**अंकारा,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ फोन पर बातचीत की और फिलिस्तीन-इजरायल के बीच चल रहे तनाव पर चर्चा की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने तुर्की के संचार निदेशालय द्वारा जारी एक बयान का हवाला देते हुए बताया कि मंगलवार को फोन पर बातचीत के दौरान एर्दोगन और पुतिन ने तनाव को फैलने से रोकने के उपायों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। फोन पर बातचीत में एर्दोगन ने पुतिन से कहा कि नागरिक बस्तियों को निशाना बनाना चिंताजनक है और तुर्की इस तरह के कदमों का स्वागत नहीं करता है। इसमें कहा गया है कि एर्दोगन ने क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। क्रेमलिन ने एक बयान में कहा, पुतिन ने अपनी ओर से इजरायल और गाजा पट्टी में नागरिक पीड़ितों की संख्या में विनाशकारी वृद्धि पर चिंता व्यक्त की। इसमें कहा गया है कि दोनों नेताओं ने तत्काल युद्धविराम और बातचीत प्रक्रिया को फिर से शुरू करने की आवश्यकता भी दोहराई। हमास ने शनिवार को गाजा पट्टी से सटे इजरायली शहरों पर एक हमला किया था।

## चीन समेत 15 देश यूएन मानवाधिकार परिषद के सदस्य निर्वाचित



**बीजिंग,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। 78वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 अक्टूबर को चीन समेत 15 देशों को यूएन मानवाधिकार परिषद का सदस्य निर्वाचित किया। वे इस साल के अंत में कार्यकाल समाप्त करने वाले देशों कि जगह लेंगे। इस बार निर्वाचित यूएन मानवाधिकार परिषद के सदस्य अफ्रीका में बुरुंडी, कोत दिव्वोर, घाना, मालावी, एशिया और प्रशांत क्षेत्र में चीन, इंडोनिशिया, जापान, कुवैत, पूर्वी यूरोप में अल्बानिया, बुल्गारिया, लैटिन और कैरेबियन क्षेत्र में ब्राजील, क्यूबा, दोमिनिका, पश्चिमी यूरोप और अन्य इलाके में फ्रांस और नीदरलैंड हैं। उनमें से चीन, कोत दिव्वोर, क्यूबा, फ्रांस और मालावी लगातार निर्वाचित हैं। 15 देशों का कार्यकाल 1 जनवरी 2024 से शुरू होगा, जो तीन साल तक चलेगा।

## ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार चीन में हिरासत में रहने के बाद स्वदेश लौटी

**बीजिंग।** पत्रकार चेंग लेई चीन में तीन साल से अधिक समय तक हिरासत में रहने के बाद ऑस्ट्रेलिया लौट आई हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधान मंत्री एंथनी अल्बानीज ने उनकी रिहाई की घोषणा करते हुए कहा, हवाई अड्डे पर विदेश मंत्री पेनी वोंग ने उनसे मुलाकात की। चेंग लेई (48) चीन के सरकारी अंग्रेजी भाषा टीवी स्टेशन सीजीटीएन के लिए एक बिजनेस रिपोर्टर के रूप में काम कर रही थीं, जब उन्हें 13 अगस्त 2020 को गिरफ्तार किया गया था। बाद में उन पर 'विदेशों में अवैध रूप से देश के रहस्यों की आपूर्ति' करने का आरोप लगाया

## यूरोपीय संघ ने एलन मस्क को दी चेतावनी

### हमास के हमले के बाद एक्स पर फैल रहा है 'दुष्प्रचार'

**लंदन,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूरोपीय संघ ने सोशल मीडिया साइट एक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलन मस्क को चेतावनी देते हुए कहा है कि इजराइल पर हमास के हमले के बाद दुष्प्रचार फैलाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' का इस्तेमाल किया जा रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट में बताया गया कि पहले ट्विटर के नाम से जानी जाने वाली सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में, यूरोपीय संघ ने कहा कि चेतावनियों के बावजूद हिंसक और आतंकवादी सामग्री को नहीं हटाया गया है - जैसा कि यूरोपीय संघ के कानून के अनुसार आवश्यक है। श्री मस्क ने कहा कि उनकी कंपनी ने कार्रवाई की है, जिसमें ताजा बनाये गये हमास- संबद्ध खातों को हटाना भी शामिल है। उन्होंने यूरोपीय संघ से कथित उल्लंघनों की सूची मांगी। यूरोपीय संघ के आंतरिक बाज़ार के आयुक्त थिएरी ब्रेटन ने श्री मस्क को लिखे अपने पत्र में जिस दुष्प्रचार का उल्लेख किया है , उसका विवरण नहीं दिया गया है।



उन्होंने हालांकि कहा कि सोशल मीडिया साइट पर फर्जी और हेरफेर किये गये चित्रों और तथ्यों के उदाहरण व्यापक रूप से रिपोर्ट किए गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया साइट पर साझा किये गये अपने पत्र में लिखा, इसलिए मैं आपको तत्काल यह सुनिश्चित करने के लिए आमंत्रित करता हूं कि आपका सिस्टम प्रभावी हैं और उठाए गये उपायों के बारे में मेरी टीम को रिपोर्ट करें। उनका पत्र फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास द्वारा इज़राइल पर हमले के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें सैकड़ों निवासियों की मौत हो गई और दर्जनों बंधक बन गए। इसके जवाब में इजरायली सेना ने गाजा पर मिसाइल हमलों की बरसात कर दी, जिसमें 900 से अधिक लोग मारे गए हैं। श्री मस्क ने 'एक्स' पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा, हमारी नीति यह है कि सब कुछ खुला और पारदर्शी है, एक दृष्टिकोण जिसे मैं जानता हूं कि यूरोपीय संघ समर्थन करता है। कृपया उन उल्लंघनों को सूचीबद्ध करें जिनका आपने एक्स पर उल्लेख किया है, ताकि जनता उन्हें देख सके।

## नाइजीरिया में विश्वविद्यालय की चार छात्राएं अगवा

**अबुजा,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य नाइजीरिया में नसरवा स्टेट यूनिवर्सिटी की कम से कम चार छात्राओं का बंदूकधारियों ने अपहरण कर लिया है। स्थानीय पुलिस ने ये जानकारी दी है। नसरवा में पुलिस के प्रवक्ता रामहान नानसेल ने बताया कि अगवा की गई सभी महिलाएं हैं। देश की राजधानी अबुजा से 50 किमी दूर केफ़ी शहर में विश्वविद्यालय परिसर के बाहर उनके छात्रावास से अपहरण कर लिया गया। मंगलवार तड़के उनके छात्रावास पर हमला किया गया था। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने नानसेल के हवाले से कहा कि पुलिस कर्मियों और सैनिकों ने आसपास की झाड़ियों में तलाशी लेकर हमले का जवाब दिया, लेकिन अपहरणकर्ताओं और छात्राओं का पता नहीं लगाया जा सका। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने अपहरणकर्ताओं की तलाश के आदेश दिए हैं ताकि छात्राओं को सकुशल बचाया जा सके।

## आज का इतिहास

1279 – निचिरेन ने अपने दाई-गोहोनज़ोन की रचना की।
1492 – क्रिस्टोफर कोलंबस अमेरिका के पास बहामास द्वीपसमूह में उतरे। उसे लगा कि वह भारत पहुंच गया है।
1692 – मैसाचुसेट्स के गवर्नर विलियम फिप्स ने सलेम विच ट्रायल को समाप्त करने वाला एक पत्र भेजा।
1711 – कैरेल छठी हैब्सबर्ग रोमन कैथोलिक सम्राट का ताज पहनाया गया।
1776 – ब्रिटिश ब्रिगेड ने ब्रॉन्क्स में थोरग नेकस रोड की सुरक्षा करना शुरू कर दिया।
1792 – अमेरिका की खोज करने वाले क्रिस्टोफर कोलम्बस को मेरीलैंड के बाल्टीमोर में पहला स्मारक समर्पित किया गया।
1792 – न्यू वर्ल्ड में आने के 300 साल बाद न्यू यॉर्क सिटी में संयुक्त राज्य में पहला कोलंबस दिवस समारोह आयोजित किया गया।
1798 – फ्रांस के कब्जे वाले बोएरेनक्रिज के खिलाफ फ्लेमिश विद्रोह आरम्भ हुआ।
1799 – जैनने गेनेविएवे लबरोस्से 900 मीटर की ऊंचाई से एक पैराशूट के साथ एक गुब्बारा से कूदने वाली पहली महिला बनी।
1815 – नेपल्स के पूर्व राजा जोआचिम मूरत को मृत्यु की सजा सुनाई।
1822 – ब्राजील के पेड्रो-प्रथम को ब्राजील का संवैधानिक सम्राट घोषित किया गया।
1847 – जर्मन आविष्कारक और उद्योगपति वर्नर वॉन सीमेंस ने सीमेंस एजी और हल्स्के को की स्थापना की।
1850 – पहली महिला चिकित्सा विद्यालय (महिला मेडिकल कॉलेज ऑफ पेन्स) खोला गया।

**तैयारी** *पीएमएल-एन 21 अक्टूबर की रैली के लिए कार्यकताओं में भर रही है जोश*

# नवाज शरीफ की 21 अक्टूबर को होगी घर वापसी

**लाहौर, 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने लाहौर में तीन रैलियों को रद्द करने का फैसला किया है, जो पार्टी सुप्रीमो नवाज शरीफ के 21 अक्टूबर को घर वापसी से पहले कार्यकर्ताओं में इस बड़े कार्यक्रम से पहले जोश भर रही है। पंजाब में पीएमएल-एन के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक यह निर्णय खुद श्री शरीफ के निर्देश पर लिया गया था, जो इस महीने के अंत में लाहौर पहुंचेंगे और मीनार-ए-पाकिस्तान में एक सभा को संबोधित करेंगे।**



- मीनार-ए-पाकिस्तान में एक सभा को संबोधित करेंगे नवाज

पीएमएल-एन नेता ने समाचार पत्र डॉन को बताया, नवाज शरीफ ने पार्टी अध्यक्ष शहबाज शरीफ को निर्देश दिया कि वह अपनी वापसी से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को थकने ने दें। पार्टी नेताओं को उनकी घर वापसी को ऐतिहासिक बनाने के लिए हर जगह बैठकें करते रहना चाहिए और कार्यकर्ताओं के साथ अच्छा समन्वय स्थापित करना चाहिए।

पार्टी के भीतर मतभेदों की खबरों के बीच पीएमएल-एन के शीर्ष नेता ने जूनियर शरीफ से 21 अक्टूबर के रैली को सफल बनाने के लिए पंजाब, खासकर लाहौर के कुछ नेताओं के बीच पनपे मतभेदों को तुरंत सुलझाने के लिए भी कहा है। श्री नवाज शरीफ की घर वापसी के लिए कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ाने के लिए लाहौर में ख्वाजा साद रफीक, राणा मशहूद और रियाज़ मलिक के निर्वाचन क्षेत्रों में तीन रैलियों की योजना बनाई गई थी। मुख्य आयोजक मरियम नवाज को लाहौर में इन रैलियों को संबोधित करना था। पीएमएल-एन को लाहौर में सात रैलियां करनी थीं, लेकिन उसने इस महीने की शुरुआत में दो रैलियां रद्द कर दीं और अब बाकी तीन सभाएं भी रद्द कर दी गईं। श्री नवाज 'चिकित्सा आधार' पर लाहौर उच्च न्यायालय से चार सप्ताह की जमानत हासिल करने के बाद नवंबर 2019 में लंदन के लिए रवाना हुए। अपने प्रस्थान से पहले वह अल-अजीजिया मिल्स भ्रष्टाचार मामले में लाहौर में सात साल की जेल की सजा काट रहे थे। इस महीने की शुरुआत में पीएमएल-एन नेता राणा सनाउल्लाह ने कहा था कि श्री नवाज को स्वदेश लौटने से पहले सुरक्षात्मक जमानत मिल जाएगी और रैली को संबोधित करने के बाद अल-अजीजिया भ्रष्टाचार मामले में अदालत में आत्मसमर्पण किया जाएगा। पीएमएल-एन सूचना सचिव मरियम औरंगजेब ने हालांकि स्पष्ट किया है कि रैली के बाद श्री नवाज शरीफ रायविंड के जाति उमरा स्थित अपने घर जाएंगे।

## सुडोकू 6344

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | | | | |
| | | | 4 | | 8 | | 7 | |
| 4 | | 7 | 9 | 5 | 3 | | 8 | |
| 9 | | 5 | | | | | | |
| 8 | | 1 | | 4 | | 7 | | 5 |
| | | | | | | 9 | | 1 |
| | 9 | | 8 | 2 | 1 | 4 | | 7 |
| | 8 | | 6 | | 4 | | | |
| | | | | | | | | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6344

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. संकीर्ण हृदय, कंजूस, न देने वाला
३. योगासन का एक भेद
५. प्रमाणित (उर्दू)
६. अस्तित्व (उर्दू)
७. दुख से भरा (उर्दू)
८. किसी व्यक्ति-वस्तु आदि की सुरक्षा के लिए नियुक्त व्यक्तियों का दल
१३. चीरने वाला
१५. चिल्लाना, बहुत जोर की आवाज निकालना (उर्दू)
१६. श्रृंगार रस, पारा
१७. मन, हृदय
१८. बीच का, दरमियानी, राशियों के जोड़ को उनकी संख्या से भाग देने पर प्राप्त भागफल
२०. अनुदेश, निर्देश (उर्दू)
२२. कहानी, कहावत (उर्दू)
२३. आजीवन कुंआरी रहने वाली

**ऊपर से नीचे:-**

१. कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि
२. श्रीकृष्ण
३. कमल, सौ पंखुड़ियों वाला
४. पर्यायवाची
५. सिद्ध करने वाला, पूरा करने वाला, तपस्वी
९. नाश करने वाला
१०. न्यायालय (उर्दू)
११. पूर्व दिशा
१२. अनुग्रह, कृपा, प्रदाता (उर्दू)
१४. हार मात
१७. आकाश
१९. प्राणवान
२०. कल्याण, भलाई
२१. निश्चित, निर्धारित

### वर्ग पहेली-6343

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प | रि | २ शु | द्ध | ■ | ■ | ३ प | रि | ४ प | क्व |
| दी | ■ | द्ध | ■ | ५ प्र | त्य | क्ष | ■ | क्षी | ■ |
| ६ फा | स | ला | ■ | शं | ■ | ७ ध | र्म | रा | ज |
| श | ■ | ८ भ | ९ व | सा | ग | र | ■ | ज | ■ |
| ■ | १० व्या | ■ | गै | ■ | ■ | ■ | ११ मौ | ■ | १२ खु |
| १३ सु | कु | मा | र | ■ | १४ आ | ■ | १५ न | रे | श |
| ■ | ल | ■ | १६ ह | ट्टा | क | ट्टा | ■ | ■ | हा |
| १७ प्र | ता | प | ■ | ■ | स्मि | ■ | १८ अ | १९ स | ली |
| या | ■ | ■ | २० से | वा | क | २१ र | ■ | ह | ■ |
| २२ स | र | ग | ना | ■ | ■ | २३ सा | र्व | ज | न्य |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6344 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 2 | 5 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 4 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 | 6 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 1 | 2 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 1 | 4 | 5 | 7 |
| 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 4 | 3 | 9 | 5 | 8 | 2 | 6 |

## दुनिया को जानें

### खतरनाक लिडिया तूफान ने दी मेक्सिको के प्रशांत तट पर दस्तक

**मेक्सिको सिटी,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। खतरनाक लिडिया तूफान मेक्सिको तट से टकराया है, जिसके कारण 140 मील प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अंतर्देशीय दिशा में बढ़ने के बाद तूफान कमजोर हो गया है। अमेरिका के नेशनल हरिकेन सेंटर (एनएचसी) ने इसे श्रेणी दो की स्थिति में अपग्रेड कर दिया है। नायरिट राज्य के एक अधिकारी ने कहा कि एक वैन पर एक पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। लिडिया स्थानीय समयानुसार 18:00 बजे से ठीक पहले छोटे समुद्र तट वाले शहर लास पेनिटास में पहुंचा। एनएचसी ने बताया कि स्थानीय समय के अनुसार 21:00 बजे तक लिडिया जलिस्को राज्य के अंतर्देशीय शहर मस्कोटा के पास से गुजरते समय 105 मील प्रति घंटे (165 किमी/घंटा) की रफ्तार से हवाएं लगातार चला रही थीं। केंद्र ने कहा कि लिडिया 17 मील प्रति घंटे (28 किमी/घंटा) की गति से पूर्व-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रहा है और पश्चिम-मध्य मेक्सिको के ऊंचे इलाके में आगे बढ़ते समय इसके तेजी से कमजोर पड़ने की संभावना है।

# पुलिस ने निगरानीशुदा गुंडे बदमाशों को थानों में किया तलब

## जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने दिए निर्देश




**बिलासपुर**,11 अक्टूबर (देशबन्धु)। आदर्श आचार संहिता के मददेनजर बिलासपुर जिले के सभी थाना क्षेत्रों के सभी गुण्डा एवं निगरानी बदमाशों तथा असामाजिक तत्वों को तलब कर आदर्श आचार संहिता के नियम एवं शर्तो के बारे में बताने तथा थाना क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा दिए गये व्यापक दिशा निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक महेश्वरी एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन संदीप पटेल (भा.पु.से.), नगर पुलिस अधीक्षक सिटी कोतवाली श्रीमति पूजा कुमार (भा.पु.से.), एसडीओपी कोटा सिद्वार्थ बघेल, उप पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार एवं उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार पटेल के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र के सभी गुण्डा एवं निगरानी बदमाशों को थाना तलब किया गया। सभी के द्वारा वर्तमान में किये जा रहे कार्यो का अवलोकन किया गया। साथ ही सभी गुण्डा एवं निगरानी बदमाशों को विधानसभा निर्वाचन 2023 में आदर्श आचार संहिता के व्यापक नियम एवं शर्तो को बताकर इलाके में शांति व्यवस्था बनाये रखने निर्देश दिया गया। उक्त गुण्डा एवं निगरानी बदमाशों में 23 गुण्डा बदमाशों के विरूद्ध धारा 151, एवं 53 गुण्डा बदमाशों के विरूद्ध धारा 107 116 (3) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही तथा धारा 110 के तहत 03 कार्यवाही की गई है। एवं सभी कार्यवाहियों के तैयार इस्तगासा में बाउण्ड ओव्हर की कार्यवाही कराई गई है। शेष गुण्डा एवं निगरानी बदमाशों को समझाईश देकर छोड़ा गया है।

# बैंक में बड़ी राशि की लेनदेन की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को दें -कलेक्टर

## कलेक्टर-एसपी ने ली बैंकर्स की बैठक



**बिलासपुर**, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर संजीव झा एवं एसपी संतोष सिंह ने मंथन सभाकक्ष में बैंक प्रबंधकों की बैठक लेकर उन्हें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बैंक खातों में बड़ी राशि के लेनदेन एवं अंतरण पर कड़ी नजर रखें और तत्काल इसकी जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय को दें।

कलेक्टर ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने में बैंक प्रबंधन की बड़ी भूमिका है। अपनी भूमिका को जिम्मेदारी के साथ निभाएं। उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को नामांकन भरने के पूर्व बैंक में नया खाता खुलवाना होगा। हो सकता है उनके पास कम समय हो। बैंक प्रबंधन प्राथमिकता से उनका खाता खोलें। एसपी श्री संतोष सिंह ने कहा कि अवैध तरीके से नगद परिवहन के लिए निगरानी दल तैनात की गई है। यदि नगद जब्त करते हैं और इसकी पुष्टि बैंक से कराना चाहते हैं तो तत्काल एवं संवेदनशीलता के साथ जवाब दें ताकि कार्रवाई में अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था भी दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेश शर्मा सहित तमाम बैंक प्रबंधक उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### बिलासपुर में योग को जन-जन तक पहुंचाने बनेगी योजना-खोमेश

**बिलासपुर**,11 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिलासपुर जिले में योग को जन जन तक पहुंचाने के लिए योजना बनाई जा रही है। छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव खोमेश साहू रणनीति तैयार करने शहर पहुंचे हैं। संघ के पदाधिकारी व योग मास्टरों के साथ बैठक की। बिलासपुर परिक्षेत्र पदाधिकारी बिंदु सिँह के कार्य स्थल सीपत चौक, कुशवाहा कॉमलेक्स, बिलासपुर में बैठक हुई। इस अवसर पर राजा साहू ने कहा कि जिले में लंबे समय से योग के हित में अमूल्य कार्य कर रहे हैं। इसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। अंकित दुबे ने कहा कि बिलासपुर में योग विद्यार्थियों के साथ एक नई ऊर्जा के साथ कार्य कर रहे हैं। रश्मि , कोमल , संजय और अन्य पदाधिकारियों का सहयोग बिलासपुर जिले को आगे ले जाने में भरपूर मिल रहा है। इस तरह बिलासपुर जिला में योग की लहर दौड़े इस रूप में हम बिलासपुर जिले को देखना चाहेंगे। संघ की इस यात्रा को और बल देने के लिए हम दिसंबर के महीने में संघ की सात दिवसीय उत्तर भारत भ्रमण यात्रा जो हरिद्वार- ॠषिकेश- मसूरी भ्रमण योजना भी बनाएंगे। संभागाध्यक्ष सत्यम तिवारी,बिंदु सिंह, बिलासपुर जिलाध्यक्ष राजा साहू, सहायक प्राध्यापक अंकित दुबे, जिला उपाध्यक्ष रश्मि गोड़, जिला सह-सचिव संजय कुमार साहू, प्रभारी सक्रिय सदस्य कोमल व घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के मनीष तिवारी उपस्थित रहे। बिलासपुर जिलाध्यक्ष राजा साहू ने प्रदेश महासचिव को सॉल भेंट तथा बिंदु सिँह ने योग मेट उपहार प्रदान कर स्वागत किया।



### एनईआई सभागार में पारिवारिक परामर्श संगोष्ठी का आयोजन



**बिलासपुर** ,11 अक्टूबर (देशबन्धु)। मंडल रेल प्रबन्धक प्रवीण पाण्डेय के मार्गदर्शन में रनिंग स्टाफ के कार्यशैली एवं पारिवारिक तथा सामाजिक संतुलन को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से 09 अक्टूबर 2023 को एनईआई सभागार में रनिंग स्टाफ परिवार के साथ रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में पारिवारिक परामर्श संगोष्ठी का आयोजन किया गया । इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री देवराज, वरि. मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ अंशुमन मिश्रा, सहायक कार्मिक अधिकारी, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे। इस संगोष्ठी में रनिंग स्टाफ के लगभग 75 कर्मचारियों एवं उनके पारिवारिक सदस्यों ने भाग लिया। इस संगोष्ठी में रनिंग स्टाफ के कार्यशैली, खानपान शैली, स्वास्थ्य व अन्य समस्याओं के बारे में चर्चा की गई । रनिंग स्टाफ एवं उनके परिवार के सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया साथ ही स्वास्थ्य एवं खानपान शैली से संबन्धित सवाल भी पूछे । उनके खानपान शैली से संबन्धित सवालों का समाधान किया गया । साथ ही उनको बेहतर स्वास्थ्य व तनाव रहित जीवन शैली के बारे में उचित परामर्श दिया गया । इसके अलावा संरक्षा से संबन्धित महत्वपूर्ण सलाह एवं परामर्श देकर रनिंग कर्मचारियों को कार्य के दौरान तनाव रहित रहते हुये सतर्कता एवं सजगता के साथ अपने कार्यों को संपादित करने के लिए प्रेरित किया गया । इस बात पर जोर दिया गया की एक मजबूत परिवार ही मजबूत रेल और देश की नींव डाल सकता है अत: लोको पायलट एवं रनिंग स्टाफ को इस आशय संदेश दिया गया की पारिवारिक संतुलन और स्वस्थ जीवन शैली को अपनायेँ जो कि फील्ड में कुशल निष्पादन का आधार है। शुकून और सौहार्द से भरा मानस कठिन परिचालन और कर्तव्यपरायणता में मजबूत इच्छाशक्ति को जन्म देता है। साथ ही उनको आश्वस्त किया गया कि अनवरत संगोष्ठी का आयोजन कर आपके समस्याओं का समाधान तथा उचित परामर्श दिया जाएगा।

### श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में शारदीय नवरात्र उत्सव 15 से

**बिलासपुर**, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर, सुभाष चौक, सरकण्डा, बिलासपुर छ.ग. में शारदीय नवरात्र उत्सव 15 अक्टूबर रविवार से 23 अक्टूबर सोमवर तक मनाया जायेगा। पीताम्बरा पीठाधीश्वर आचार्य दिनेश महाराज ने बताया कि, श्री पीताम्बरा हवनात्मक महायज्ञ 18 जून 2023 से 27 नवम्बर 2023 तक निरंतर चलता रहेगा,जिसमें 36 लाख श्री बगलामुखी देवी के मंत्र से आहुति दिया जा रहा है। आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 15 अक्टूबर शारदीय नवरात्र आरम्भ, कलश स्थापना, श्री मनोकामना अखण्ड घृत ज्योति कलश प्रज्वलित अभिजीत मुर्हत में दिनमान 11.36 से दिनमान 12.24 तक किया जायेगा। महाअष्टमी 22 अक्टूबर रविवार कन्यापूजन; महानवमीं 23 अक्टूबर सोमवार कन्यापूजन, भण्डारा नवरात्रि समापन, विजयादशमी 24 अक्टूबर, मंगलवार शमी-अपराजिता शस्त्रादि-आयुध पूजन किया जायेगा।

# ट्रेनों में आगजनी की घटना से बचाव के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की अनूठी पहल

## यह सिस्टम धुंआ डिटेक्ट कर अलार्म, लाइट इंडिकेटर, ऑडियो साउंड से यात्रियों को करेगा सतर्क



**बिलासपुर** ,11 अक्टूबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और बेहतरीन यात्रा अनुभव के लिए निरंतर प्रयत्नशील है । इसी शृंखला में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अपने सभी एसी कोच में फायर स्मोक डिटेक्शन व सप्रेशन प्रणाली से लैस कर लिया है । अब तक 415 एसी कोच एवं 50 पावर कारों को इससे लैस भी किया जा चुका है ।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी एसी कोच में फायर एंड स्मोक डिटेक्शन सिस्टम के अंतर्गत लगभग 8-11 स्मोक सेंसर लगाए गए हैं, जो कोच के शौचालयों के गैंगवे एरिया और कोच के अंदर उपयुक्त स्थान पर लगे हैं । स्मोक डिटेक्शन एक लूप में कंट्रोल मॉड्यूल से जुड़ा होता है । आग लगने की स्थिति में यह कंट्रोल मॉड्यूल ऑडियो विजुअल साउंड अलार्म, लाइट इंडिकेटर, प्रीलोडेड घोषणा के लिए पीए सिस्टम और ब्रेक का स्वचालित रूप से कार्यरत हो जाएगा तथा ट्रेन को रोककर और यात्रियों को सतर्क करने में मदद करता है ।यहीं नहीं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ट्रेनों के पावर कार एवं पैंट्रीकार में भी एडवांस फायर एंड स्मोक डिटेक्शन एंड सप्रेशन सिस्टम के तहत एस्पीरेशन एवं हीट टाइप फायर एंड स्मोक डिटेक्शन सेंसर्स, सप्रेशन आउटलेट, पीएलसी पैसेंजर अलार्म बजर आदि उपकरण लगाए गए हैं । ट्रेनों के पावर कार एवं पैंट्रीकार में फायर स्मोक डिटेक्शन सिस्टम लगने से आने वाले दिनों में ट्रेन के अंदर आग लगने से पहले ही फायर स्मोक डिटेक्शन सिस्टम से अलार्म बजने लगेगा । जिससे, आग पर समय रहते काबू कर लिया जाएगा । धुंआ, चिंगारी या आग का संकेत मिलते ही सिस्टम में लगे सेंसर सक्रिय हो जाएगा, अलार्म बजने के साथ दोनों सिलेंडर क्रियाशील होकर प्रेशर बनाने लगेंगे। कुछ देर में नाइट्रोजन और पानी का मिश्रण पाइपों में प्रवाहित होने लगेगा । दबाव बढ़ते ही वाल्व खुल जाएगा और नाइट्रोजन मिश्रित पानी का बौछार शुरू हो जाएगा । इस प्रकार आग बुझाने पर काबू पा लिया जाएगा ।इसके अतिरिक्त एसी कोचों में धू्रमपान करने वाले भी चिन्हित किए जा सकते हैं । ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ।ऐसे धू्रमपान करने वालों से सहयात्रियों को दिक्कत होती है तथा ट्रेनों में आगजनी की घटना होने की संभावना रहती है । अब चलती ट्रेनों में धू्रमपान से और धुंआ उठते ही अर्लाम अर्लट कर देगा । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में पहले पेंट्रीकार से गैस के सिलेंडर हटाया जा चुका है । वर्तमान में यह फायर एंड स्मोक डिटेक्शन सिस्टम बिलासपुर- नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, शिवनाथ एक्सप्रेस, बिलासपुर - पटना एक्सप्रेस, बिलासपुर ङ्क पुणे एक्सप्रेस के साथ जनशताब्दी समेत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 28 जोड़ी ट्रेनों के एसी कोचों में लगाया जा चुका है । इसमें बिलासपुर मंडल की 14 जोड़ी, रायपुर मंडल की 13 जोड़ी एवं नागपुर मंडल की एक जोड़ी ट्रेनों के सभी एसी कोच, पावरकार एवं पेंट्रीकार में यह सिस्टम लगाया जा चुका है ।

# डीपी विप्र ला कालेज में आयोजित हुआ पूर्वाभिमुखीकरण कार्यक्रम




**बिलासपुर**,11 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सेवा योजना डीपी विप्र विधि महाविद्यालय में नव प्रवेशित स्वयंसेवकों का पूर्वाभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय डॉ मनोज सिन्हा ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ी विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

तथा उन सबको राष्ट्र सेवा हेतु प्रेरित विशिष्ट अतिथि डॉ संजय तिवारी पूर्व जिला संगठक ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े रहने के फायदे बताए तथा उन को अवसर का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। जिला संगठक श्रीमती कांति आंचल ने लक्ष्य गीत के माध्यम से स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। वही डीपी विप्र महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर उपेश कुमार द्वारा छात्राओं को साथ मिलकर काम करने की प्रेरणा दी गई ।कार्यक्रम मे स्वागत नृत्य तथा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी विभांशु अवस्थी द्वारा किया गया। साथ ही कार्यक्रम अधिकारी अनिता टंडन ने आयोजन व्यवस्था संभाली ।इस अवसर पर महाविद्यालय प्रशासन समिति अध्यक्षा अनुराग शुक्ला,प्राचार्य डॉ ए.बी. सोनी,सुषमा तिवारी,साज़ी थामस,संतोष ठाकुर टी आर पटेल,धर्मेंद्र शर्मा, प्रमोद शर्मा,आलोक शर्मा ने शुभकामनाएं व्यक्त की।

# रद्द की गई 6 गाड़ियों को फिर से शुरु किया गया

**बिलासपुर** , 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है । लाजकुरा रेलवे स्टेशन में वर्तमान में स्थित वाई-कर्व को लजकुरा एवं ब्रजराजनगर रेलवे स्टेशनो के मध्य एक नये लोकेशन पर परिवर्तित करने हेतु नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है । इसके फलस्वरूप तथा कुछ सेक्शन में संरक्षा संबन्धित कार्यों के कारण कुछ गाड़ियों को रद्द किया गया था ।यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा निम्न 06 गाड़ियों को रिस्टोर (पुन: परिचालन) किया गया है। 17 व 18 अक्टूबर 2023 को टाटानगर से चलने वाली 18109 टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी । 19 व 20 अक्टूबर 2023 को इतवारी से चलने वाली 18110 इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी । 16 व 17 अक्टूबर 2023 को टाटानगर से चलने वाली 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी । 17 व 18 अक्टूबर 2023 को बिलासपुर से चलने वाली 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। 12 अक्टूबर से रायपुर से चलने वाली 08701 रायपुर-दुर्ग मेमू स्पेशल अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी ।12 अक्टूबर से दुर्ग से चलने वाली 08702 दुर्ग-रायपुर मेमू स्पेशल अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी।

### NECC

| 12.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 515 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 195 |

डिलीवरी 530 सैकड़ा
दर्जन अंडा 78 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA




प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188